✷ बिहार-झारखंड का अपना अखबार

# नवबिहार टाइम्स

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

✷ पटना संस्करण

✷ रजि. नंबर : 52290/90 ✷ वर्ष : 37 ✷ अंक : 43 ✷ पृष्ठ : 12 ✷ औरंगाबाद, गुरुवार, 9 जुलाई 2026 ✷ मूल्य : 3.00 रुपये ✷ औरंगाबाद, पटना एवं बोकारो से प्रकाशित ✷ www.navbihartime.com



पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से मिले बांकीपुर से भाजपा उम्मीदवार अभिषेक कुमार

## संक्षिप्त समाचार

### राहुल गांधी का पटना दौरा रद्द

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी का प्रस्तावित पटना दौरा फिलहाल रद्द कर दिया गया है। आगामी 15 जुलाई को आयोजित होने वाला छात्र सम्मेलन अब नहीं होगा। भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस ने इसके पीछे बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव के चलते लागू आचार संहिता को आधिकारिक वजह बताया है। हालांकि पार्टी के अंदर कार्यक्रम रद्द होने के अन्य कारणों को लेकर भी चर्चाएं चल रही हैं।

### आय से अधिक संपत्ति मामले में पूर्व बीडीओ निलंबित

**दरभंगा(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के केवटी प्रखंड के पूर्व प्रखंड विकास पदाधिकारी चंद्रमोहन पासवान को आय से अधिक संपत्ति के मामले में ग्रामीण विकास विभाग ने निलंबित कर दिया है। इससे पहले सरकार ने उन्हें पद से हटाया था। विशेष निगरानी इकाई की जांच में आय से अधिक संपत्ति के प्रथम दृष्टया साक्ष्य मिलने के बाद विभाग ने यह कार्रवाई की है। दरअसल केवटी में पदस्थापना के दौरान चंद्रमोहन पासवान के खिलाफ आय से 81.03 प्रतिशत अधिक संपत्ति अर्जित करने की शिकायत दर्ज कराई गई थी।

### 50 हजार का इनामी हीरा पासवान धराया

**खगड़िया(नबिटा ब्यूरो)।** खगड़िया पुलिस ने 50 हजार के इनामी कुख्यात अपराधी हीरा पासवान को गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी जिले में अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत हुई है। आरोपी पर लूट, रंगदारी और आर्म्स एक्ट सहित कई गंभीर मामलों में संलिप्तता का आरोप है। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर खगड़िया थाना पुलिस और जिला आसूचना इकाई की संयुक्त टीम ने यह कार्रवाई की। गुप्त सूचना के आधार पर गंगौर थाना क्षेत्र के लाम गांव में छापेमारी कर मथुरापुर निवासी हीरा पासवान को दबोचा गया।

### भारत-नेपाल सीमा से बांग्लादेशी गिरफ्तार

**मोतिहारी(नबिटा ब्यूरो)।** पूर्वी चंपारण जिले के भारत-नेपाल सीमा क्षेत्र में सुरक्षा एजेंसियों को एक बड़ी सफलता मिली है। हरैया थाना क्षेत्र के कस्टम चौक स्थित मैत्री ब्रिज के पास से बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया गया है। भारत से नेपाल भागने की कोशिश कर रहा था लेकिन पुलिस और सशस्त्र सीमा बल की संयुक्त कार्रवाई में पकड़ा गया। शुरुआती जांच में सामने आया है कि गिरफ्तार व्यक्ति लंबे समय से अवैध रूप से भारत में रह रहा था और अब नेपाल के रास्ते निकलने का प्रयास कर रहा था। उसकी पहचान मो. श्याम हुसैन के रूप में हुई है। वह मुंशीगंज ढाका जिले के श्रीनगर थाना क्षेत्र के बरोएगांव गांव का रहने वाला है।

## सम्राट कैबिनेट की बैठक में 22 प्रस्तावों पर लगी मुहर

# पांच वर्षों में सरकारी भवनों पर लगेंगे 500 मेगावाट रूफटॉप सोलर प्लांट

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकार ने स्वच्छ और सस्ती ऊर्जा की दिशा में बड़ा कदम उठाते हुए सरकारी भवनों को सौर ऊर्जा से जोड़ने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की अध्यक्षता में बुधवार को हुई राज्य मंत्रिमंडल की बैठक में 22 प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। इनमें सबसे अहम फैसला अगले पांच वर्षों में सरकारी भवनों पर 500 मेगावाट क्षमता के रूफटॉप सोलर प्लांट लगाने का रहा। यह परियोजना वित्तीय वर्ष 2025-26 से 2029-30 तक चरणबद्ध तरीके से लागू की जाएगी। सरकार का लक्ष्य बिजली खर्च घटाने के साथ हरित ऊर्जा को बढ़ावा देना है। इस पहल को राज्य के ऊर्जा क्षेत्र में बड़ा




बदलाव माना जा रहा है। मंत्रिमंडल की बैठक में दलहन आत्मनिर्भरता मिशन के लिए 79.84 करोड़ रुपये की योजना को मंजूरी दी गई। डिजिटल कृषि मिशन के तहत किसान रजिस्ट्री और डिजिटल फसल सर्वे के लिए 154 करोड़ रुपये स्वीकृत किए गए। इसके अलावा बिहार एक्वाकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के गठन को भी मंजूरी मिली। कॉम्फेड के तहत बल्क मिल्क कूलर और दूध जांच मशीन लगाने के लिए राज्यांश स्वीकृत किया गया। वहीं पटना, सोनपुर, गया और मुजफ्फरपुर में ग्रीनफील्ड सैटेलाइट टाउनशिप के लिए भूमि अधिग्रहण को भी मंजूरी दी गई। इन फैसलों को राज्य के विकास और आधारभूत ढांचे को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण माना जा रहा है। कैबिनेट ने चार कॉरिडोर में आरआरटीएस की डीपीआर तैयार कराने का फैसला लिया है। विक्रमशिला सेतु के मरम्मत कार्य के लिए 126.25 करोड़ रुपये मंजूर किए गए हैं। मुख्यमंत्री निश्चय स्वयं सहायता भत्ता योजना को वर्ष 2030-31 तक बढ़ा दिया गया है। इंजीनियरिंग कॉलेजों में एमटेक पाठ्यक्रम के लिए 76 नए शिक्षकीय पद सृजित किए जाएंगे। इसके अलावा एम्स पटना के विस्तार के लिए भूमि अधिग्रहण को मंजूरी मिली है। वहीं मधुबनी, मुंगेर और मुजफ्फरपुर में केंद्रीय विद्यालयों के लिए भूमि उपलब्ध कराने का भी निर्णय लिया गया है।

## अस्पतालों में सुविधाओं को किया जा रहा सुदृढ़ : निशांत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने बुधवार को कहा कि स्वास्थ्य सेवाओं में किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। प्रत्येक मरीज को समय पर बेहतर उपचार उपलब्ध कराना सरकार की प्राथमिकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं को समाज के अंतिम पायदान पर खड़े लोगों तक पहुंचाने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। स्वास्थ्य मंत्री ने यह बातें जदयू प्रदेश कार्यालय में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम के बाद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं। कार्यक्रम में दामोदर रावत और रत्नेश सदा भी मौजूद रहे। इस दौरान विभिन्न जनसमस्याओं और विभागीय मुद्दों पर भी चर्चा की गई। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रत्येक जरूरतमंद व्यक्ति तक पहुंचे। इसी लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए स्वास्थ्य विभाग लगातार काम कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि सेवाओं में किसी भी तरह की लापरवाही पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने बताया कि अस्पतालों में चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कदम उठाए जा रहे हैं। इसके साथ ही आवश्यक दवाओं की उपलब्धता बनाए रखने और अस्पतालों के बुनियादी ढांचे को मजबूत करने की दिशा में भी सरकार लगातार काम कर रही है। जनसुनवाई कार्यक्रम में जदयू प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा तथा विधान परिषद में सत्तारूढ़ दल के मुख्य सचेतक संजय कुमार सिंह भी उपस्थित रहे।

## रिश्वत लेते मखदुमपुर अंचल कार्यालय का अमीन रंगे हाथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**जहानाबाद।** जिले के मखदुमपुर अंचल कार्यालय में बुधवार को निगरानी अन्वेषण ब्यूरो (पटना) ने भ्रष्टाचार के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए एक अमीन को पांच हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तारी के बाद अंचल कार्यालय में अफरा-तफरी मच गई और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। गिरफ्तार अमीन की पहचान अनिल कुमार सिंह के रूप में हुई है। निगरानी टीम ने आरोपी के पास से रिश्वत के पांच हजार रुपये भी बरामद किए हैं। इस कार्रवाई का नेतृत्व पुलिस उपाधीक्षक राम चौधरी ने किया। जानकारी के अनुसार गया जिले के बेलागंज निवासी विमलेश कुमार उर्फ राखी वर्मा ने अपनी 26 डिसमिल जमीन की नापी के लिए 5 फरवरी को ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप है कि आवेदन के कई महीने बाद भी जमीन की नापी नहीं की गई। बाद में संबंधित अमीन ने नापी कराने के एवज में पांच हजार रुपये की रिश्वत की मांग की। बार-बार रिश्वत मांगने से परेशान होकर शिकायतकर्ता ने निगरानी अन्वेषण ब्यूरो से शिकायत की। शिकायत का सत्यापन कराने के बाद ब्यूरो ने ट्रैप की योजना बनाई। बुधवार को मखदुमपुर अंचल कार्यालय के रिकॉर्ड रूम में जैसे ही शिकायतकर्ता ने तय राशि अमीन को सौंपी, पहले से मौजूद निगरानी टीम ने उसे रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। इसके बाद आरोपी को आगे की पूछताछ और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत कानूनी कार्रवाई के लिए पटना ले गया है।

## झारखंड के बिना देश का औद्योगिक विकास अधूरा : हेमंत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**रांची।** नई दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय स्टेक होल्डर्स कंसल्टेशन कार्यक्रम में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस मौके पर उन्होंने राज्य के विकास को लेकर अपना विजन सबके सामने रखा। मुख्यमंत्री ने कहा कि झारखंड अब सिर्फ खनन आधारित राज्य के रूप में नहीं जाना जाएगा बल्कि यह तकनीक, बौद्धिक क्षमता और सबको साथ लेकर चलने वाले विकास का केंद्र बनेगा। उन्होंने कहा कि झारखंड को अब संसाधनों से ज्यादा शोध और अनुसंधान पर ध्यान देना होगा। मुख्यमंत्री ने अपने भाषण में एक खास बात कही कि झारखंड की पहचान खदानों से नहीं बल्कि यहां के लोगों की सोच और काबिलियत से बननी चाहिए। उन्होंने बताया कि वर्तमान सरकार के



प्रयासों से पहली बार झारखंड को वर्ल्ड इकोनॉमी फोरम जैसे बड़े वैश्विक मंच पर मौका मिला है और आने वाले समय में भी राज्य वहां अपनी उपस्थिति दर्ज कराता रहेगा। सीएम ने यूरेनियम और अभ्रक जैसे संवेदनशील खनिजों का जिक्र करते हुए कहा कि झारखंड के पास इतना यूरेनियम भंडार है कि देश को अगले सौ सालों तक कहीं और देखने की जरूरत नहीं पड़ेगी। हालांकि उन्होंने यह भी स्वीकार किया कि इन क्षेत्रों में अभी तक जरूरत के मुताबिक आधुनिक तकनीक नहीं पहुंच पाई है, जिस पर अब सरकार काम कर रही है। उन्होंने निवेशकों से कहा कि झारखंड सिर्फ निवेश या समझौतों में दिलचस्पी नहीं रखता बल्कि लंबे समय तक साथ चलने वाली साझेदारी चाहता है। साथ ही उन्होंने साफ किया कि राज्य किसी और की नकल करने के बजाय अपने स्थानीय संसाधनों और परिस्थितियों के अनुसार आगे बढ़ेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि झारखंड के 14 जिलों में पहले से बड़े पैमाने पर खनन होता आया है लेकिन अब जल, जंगल और जमीन को बचाते हुए वैज्ञानिक तरीके से काम करने का समय आ गया है। उन्होंने भरोसा जताया कि झारखंड के बिना देश का औद्योगिक विकास अधूरा है, इसलिए राज्य इस दिशा में अहम भूमिका निभाता रहेगा।

### रोहतास के युवक की पीट-पीटकर हत्या

**आरा(नबिटा ब्यूरो)।** भोजपुर के इमादपुर में भैंस चोरी का आरोप लगाकर रोहतास के युवक की पीट-पीटकर हत्या करने का मामला सामने आया है। घटना लक्ष्मी इंग्लिशपुर गांव की है। बताया जा रहा है कि गांव में भैंस चोरी करने का आरोप लगाते हुए रोहतास के रहने वाले युवक की लाठी-डंडों से बुरी तरह पिटाई की गई। इलाज के लिए अस्पताल ले जाते वक्त युवक ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय थाना की पुलिस घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुड़ गई है। मृतक की पहचान रोहतास जिले के नासरीगंज थाना अंतर्गत सोहगी गांव के रहने वाले अखिलेश कुमार के रूप में हुई है। अखिलेश महाराष्ट्र के पुणे में रहकर प्राइवेट कंपनी में काम करता था। मृतक के बड़े भाई राकेश कुमार ने बताया कि अखिलेश 10 दिन पहले पुणे से वापस गांव लौटा था।

## दो दिवसीय दौरे पर आज पटना पहुंचेंगे नितिन नवीन

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष



नितिन नवीन आज 9 जुलाई को दो दिवसीय बिहार दौरे पर पटना आएंगे। 10 जुलाई को वे वापस लौटेंगे। बांकीपुर उपचुनाव की घोषणा के बाद यह उनका पहला बिहार दौरा होगा। पटना पहुंचने के बाद वे सबसे पहले महावीर मंदिर में पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद बांकीपुर से भाजपा प्रत्याशी अभिषेक बंटी के समर्थन में होने वाली सभा में शामिल हो सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक नितिन नवीन अभिषेक बंटी के नामांकन कार्यक्रम में भी मौजूद रह सकते हैं। इसके बाद वे बिहार भाजपा के बड़े नेताओं के साथ बैठक करेंगे। इस बैठक में बांकीपुर उपचुनाव की रणनीति और राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर चर्चा होगी। वहीं 10 जुलाई को मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के सरकारी आवास पर एनडीए जिलाध्यक्षों की बैठक होनी है। नितिन नवीन इस बैठक में भी शामिल हो सकते हैं। इस दौरान चुनावी तैयारियों और संगठन को मजबूत करने पर चर्चा होगी।

## कुख्यात प्रभात चौधरी और सन्नी को अपराधियों ने गोलियों से भूना

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**समस्तीपुर।** जिले के चकमेहसी थाना क्षेत्र के नामापुर गांव में मंगलवार की देर रात डबल मर्डर की वारदात सामने आई है। यहां बाइक पर सवार होकर आए करीब 8-10 अज्ञात बदमाशों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर इलाके के चर्चित प्रभात चौधरी और उसके दोस्त सन्नी कुमार की बेरहमी से हत्या कर दी। अंधाधुंध गोलीबारी की इस सनसनीखेज घटना में दोनों युवकों को संभलने का मौका नहीं मिला और गोली लगते ही उन्होंने मौके पर ही दम तोड़ दिया। मृत प्रभात चौधरी चकमेहसी थाना क्षेत्र के नीमा चकहैदर का निवासी था जबकि उसका साथी सन्नी कुमार बेलसंडी गांव का रहने वाला बताया गया है। पिता संजय चौधरी के अनुसार प्रभात को किसी का फोन आने के बाद प्रभात तीन सहयोगियों के साथ स्कॉर्पियो से बागमती नदी के नामापुर दरियापुर मिलने गया था। वहां नदी के पुल के पास पहले से घात लगाए बैठे अपराधियों ने गोलियों की बौछार कर दी। इस क्रम में प्रभात को सिर में एवं सन्नी को पीठ में गोली लगी। वारदात को अंजाम देने के बाद सभी हमलावर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए। प्रभात के अन्य साथी भी वहां से भाग निकले। मृतक प्रभात के पिता संजय चौधरी ने बताया कि उनका बेटा शाम करीब सात बजे किसी काम से घर से निकला था। उन्होंने आरोप लगाया कि उनके बेटे को पूरी प्लानिंग के साथ फोन करके बुलाया गया था। इस घटना के बाद से पीड़ित परिवार में कोहराम मचा हुआ है। चकमेहसी थानाध्यक्ष जितेंद्र सहनी की माने तो फिलहाल इस हत्या के सही कारणों का पता नहीं चल सका है।

## 29 मोस्ट वांटेड अपराधियों पर 25-25 हजार का इनाम

**पटना(नबिटा ब्यूरो)।** पंचमहला के कुख्यात सोनू सिंह सहित कुल 29 अपराधियों को मोस्ट वांटेड घोषित करते हुए उन पर 25-25 हजार रुपये के इनाम का ऐलान किया गया है। एसएसपी कार्तिकेय शर्मा की अनुशंसा पर सेंट्रल रेंज के आइजी जितेंद्र राणा ने बुधवार को इस प्रस्ताव पर अपनी अंतिम मुहर लगा दी। इस घोषणा के बाद अब इन फरार अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने वाले किसी भी नागरिक को पुलिस प्रशासन की ओर से नकद पुरस्कार राशि दी जाएगी और उसकी पहचान पूरी तरह गुप्त रखी जाएगी। एसएसपी ने गहन समीक्षा के बाद कुल 29 ऐसे अपराधियों को चिन्हित किया, जो पुलिस के लिए लगातार सिरदर्द बने हुए थे। इन सभी के खिलाफ इनाम घोषित करने का प्रस्ताव आइजी सेंट्रल जितेंद्र राणा को भेजा गया था, जिसे तत्काल प्रभाव से स्वीकृत कर लिया गया। जिन अपराधियों पर इनाम घोषित किया गया है उनमें विशाल पासवान (वैशाली), धीरज कुमार (बोधगया), मुशीर अहमद (सिवान), सुदामा सिंह (पटना), प्रियदर्शी यादव उर्फ दर्शन यादव (समस्तीपुर), अमर प्रसाद सोनी (पटना), शिवा डोम (पटना), राहुल कुमार उर्फ राहुल यादव (कटिहार), मो तौफिक (पटना), मो हुसैन (पटना), चन्दन कुमार उर्फ बंटी (औरंगाबाद) आदि शामिल है।

# जदयू की प्रदेश इकाई का गठन

## 12 उपाध्यक्ष, 38 महासचिव और 74 सचिव नियुक्त

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार में संगठन को और मजबूत बनाने की कवायद के तहत जनता दल यूनाइटेड ने बुधवार को अपनी नई प्रदेश टीम का एलान कर दिया। पार्टी नेतृत्व ने इसे संगठन को नई ऊर्जा देने और जमीनी स्तर पर सक्रियता बढ़ाने की दिशा में अहम कदम माना है। पूर्व मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार के निर्देशन में बिहार प्रदेश अध्यक्ष उमेश कुशवाहा ने नए पदाधिकारियों के नामों की घोषणा की। नई टीम में संगठन के विभिन्न स्तरों पर बड़े पैमाने पर जिम्मेदारियों का बंटवारा किया गया है। घोषित सूची के अनुसार पार्टी ने 12 प्रदेश उपाध्यक्ष, 38 प्रदेश महासचिव और 74 प्रदेश सचिवों की नियुक्ति की गयी है। पार्टी का मानना है कि नई टीम संगठनात्मक गतिविधियों को और गति देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। वहीं मीडिया और जनसंपर्क के मोर्चे पर भी जदयू ने अनुभव पर भरोसा जताया है। एमएलसी नीरज कुमार को एक बार फिर पार्टी का मुख्य प्रवक्ता नियुक्त किया गया है। इसके अलावा कुल नौ प्रवक्ताओं को भी जिम्मेदारी सौंपी गई है जो विभिन्न मुद्दों पर पार्टी का पक्ष जनता के सामने रखेंगे। जिन नेताओं को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है उनमें रमेश ऋषिदेव, महाबली सिंह, विनोद यादव, संजय सिंह, सुमित कुमार सिंह, मंजर आलम, कलाधर मण्डल, प्रमिला कुमारी प्रजापति, ज्ञानचंद पटेल, मालती सिंह, किरण रंजन, परशुराम तत्वा शामिल है। वहीं नीरज कुमार एक बार फिर मुख्य प्रवक्ता बनाए गए हैं। इसके अलावे निहोरा प्रसाद यादव, भारती मेहता, नवल शर्मा, अभिषेक झा, शंभूनाथ सिंह, अनुप्रिया, चंदन कुमार सिंह, पूजा एंड शर्मा (पैट्रिक) को भी प्रवक्ता की जिम्मेदारी मिली है। पार्टी ने ललन सर्राफ को प्रदेश कोषाध्यक्ष की जबकि अंजुम आरा, शंभू कुशवाहा, अरुण वर्मा और सुमित कुमार सिंह को मुख्यालय प्रभारी की जिम्मेदारी सौंपी है। नई प्रदेश टीम में विभिन्न सामाजिक वर्गों और क्षेत्रों के नेताओं को जगह देकर पार्टी ने संगठनात्मक संतुलन साधने की कोशिश की है। माना जा रहा है कि नई टीम चुनावी रणनीति को बूथ स्तर तक पहुंचाने और पार्टी की राजनीतिक गतिविधियों को गति देने में अहम भूमिका निभाएगी।






# फसल क्षति का सही आकलन करें, लापरवाही पर होगी कार्रवाई: श्रवण कुमार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना/राजगीर।** ग्रामीण विकास तथा सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के मंत्री और जनता दल (यूनाइटेड) विधायक दल के नेता श्रवण कुमार ने अधिकारियों को निर्देश दिया है कि फसल क्षति की स्थिति में मुआवजे की रिपोर्ट पूरी पारदर्शिता और सही आकलन के आधार पर तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि आपदा पीड़ितों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव स्वीकार नहीं किया जाएगा। श्रवण कुमार बुधवार को राजगीर प्रखंड के बिरजू बीघा गांव में अग्निकांड से प्रभावित गेहूं की फसल के नुकसान की प्रतिपूर्ति के लिए मुआवजा राशि का चेक वितरित करने पहुंचे थे। इस दौरान लाभुकों ने शिकायत की कि कर्मचारियों ने फसल क्षति का कम आकलन किया, जिसके कारण उन्हें कम मुआवजा मिला। इस पर मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री, जनता दल (यूनाइटेड) के राष्ट्रीय अध्यक्ष और राज्यसभा सांसद नीतीश कुमार का स्पष्ट मानना है कि सरकारी खजाने पर आपदा पीड़ित परिवारों का पहला अधिकार है और इस सिद्धांत का हर हाल में पालन होना चाहिए। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को शिकायतों की समीक्षा कर जांच कराने तथा दोषी पाए जाने वाले कर्मचारियों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। राजगीर प्रखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में श्रवण कुमार ने नौ लाभुकों के बीच कुल 59,112 रुपये के मुआवजा चेक वितरित किए। लाभुकों में बिरजू बीघा और गोपडीहा गांव के टुनटुन सिंह, बच्चु सिंह, मनीष कुमार, धीरज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह और यादु ठाकुर सहित अन्य किसान शामिल थे। कार्यक्रम में प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम, जयराम सिंह, आरओ पदाधिकारी सुरभि कुमारी, वार्ड पार्षद मीरा देवी, जनता दल (यूनाइटेड) नेता मुन्ना कुमार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण और किसान उपस्थित रहे।

# पीएम गतिशक्ति के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए पटना में जागरूकता कार्यशाला

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उद्योग विभाग, बिहार सरकार की ओर से पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान, स्टेट मास्टर प्लान और डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान के प्रभावी क्रियान्वयन तथा विभिन्न विभागों के अधिकारियों की क्षमता संवर्धन के उद्देश्य से बीरसैक ऑडिटोरियम, तारामंडल, पटना में एक दिवसीय जागरूकता कार्यशाला आयोजित की गई। कार्यशाला का शुभारंभ उद्योग विभाग के निदेशक (एमएसएमई) अमन समीर और अन्य अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में बीआईएसएजी-एन के अतिरिक्त निदेशक विजय सिंह, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग के अंतर्गत बीसीएसटी/बीरसैक के प्रोजेक्ट डायरेक्टर मंजीत कुमार, बीआईएसएजी-एन के प्रोजेक्ट मैनेजर सुमित कुमार प्रजापति, सीनियर सॉफ्टवेयर डेवलपर दीप पटेल तथा विभिन्न विभागों के अधिकारी और प्रतिनिधि उपस्थित रहे। अमन समीर ने कहा कि पीएम गतिशक्ति एकीकृत अवसंरचना विकास की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है, जो परियोजनाओं के समयबद्ध क्रियान्वयन, बेहतर समन्वय और विकास कार्यों में गति लाने का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने सभी विभागों से इस डिजिटल प्लेटफॉर्म का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने की अपील की। विजय सिंह ने पीएम गतिशक्ति राष्ट्रीय मास्टर प्लान के विजन, उद्देश्यों और उपयोगिता पर विस्तृत प्रस्तुति देते हुए बताया कि यह प्लेटफॉर्म डेटा आधारित योजना निर्माण, संसाधनों के बेहतर उपयोग और विभागों के बीच समन्वित निर्णय प्रक्रिया को मजबूत बनाता है। तकनीकी सत्र में सुमित कुमार प्रजापति ने जन परिचय और सिंगल साइन-ऑन प्रणाली का प्रदर्शन किया। प्रतिभागियों को डेटा अपलोड मैनेजमेंट सिस्टम, बिहार स्टेट मास्टर प्लान पोर्टल, इन्फ्रास्ट्रक्चर एवं सोशल सेक्टर के विभिन्न उपयोग मामलों तथा एरिया डेवलपमेंट डिस्ट्रिक्ट मास्टर प्लान के व्यावहारिक उपयोग की जानकारी भी दी गई। कार्यशाला का आयोजन बीआईएसएजी-एन, गुजरात और बीरसैक, विज्ञान, प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी शिक्षा विभाग, बिहार सरकार के सहयोग से किया गया। इसका उद्देश्य अधिकारियों को पीएम गतिशक्ति प्लेटफॉर्म की कार्यप्रणाली, डिजिटल उपकरणों और समन्वित अवसंरचना नियोजन की प्रक्रियाओं से परिचित कराना था।

# सीसीए नियमावली-2005 के गहन अध्ययन पर जोर, कृषि अधिकारियों को प्रशिक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बिहार सरकारी सेवक वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील (सीसीए) नियमावली-2005 के प्रावधानों की जानकारी देने के लिए बुधवार को कृषि अनुमंडल पदाधिकारियों के लिए उन्मुखीकरण कार्यशाला आयोजित की गई। सामान्य प्रशासन विभाग के अंतर्गत मुख्य जांच आयुक्त निदेशालय की ओर से दशरथ मांझी श्रम एवं नियोजन अध्ययन संस्थान के सभागार में आयोजित कार्यशाला में महानिदेशक-सह-मुख्य जांच आयुक्त दीपक कुमार सिंह ने अधिकारियों को अनुशासनिक कार्रवाई में नियमों के शत-प्रतिशत पालन का संदेश दिया। दीपक कुमार सिंह ने कहा कि बिहार सेवा के सभी पदाधिकारियों के लिए सीसीए नियमावली-2005 का गहन अध्ययन आवश्यक है। इससे सरकारी सेवकों के विरुद्ध की जाने वाली अनुशासनिक कार्रवाई त्रुटिरहित होगी और सरकार पर अनावश्यक आर्थिक बोझ भी कम होगा। उन्होंने बताया कि बिहार सरकारी सेवा आचार नियमावली और सीसीए नियमावली-2005 सभी सेवाओं एवं संवर्गों पर समान रूप से लागू होती है। अधिकारियों से प्रशिक्षण में मिली जानकारी को व्यवहार में लागू करने और सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा उपलब्ध कराई गई पुस्तक, मास्टर सर्कुलर तथा चेकलिस्ट का गंभीरता से अध्ययन करने का आग्रह किया।

# गुरुजी महाराज के जन्मदिवस पर उमड़ा श्रद्धा का सैलाब, प्रो. रणबीर नंदन ने लिया आशीर्वाद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** राजधानी पटना के ज्ञान भवन में गुरुजी का आश्रम (बड़े मंदिर, दिल्ली) की ओर से गुरुजी महाराज के जन्मदिवस पर भव्य सत्संग का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन शामिल हुए और गुरुजी महाराज के चरणों में श्रद्धा अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया। जन्मोत्सव के अवसर पर सत्संग, शब्दवाणी, जन्मदिन समारोह और श्रद्धालुओं के लिए लंगर का आयोजन किया गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने कार्यक्रम में भाग लिया। ज्ञान भवन में आयोजित इस आध्यात्मिक कार्यक्रम में गुरुजी महाराज के जीवन, उनके संदेश और मानव सेवा की भावना पर विशेष चर्चा हुई। सत्संग के दौरान श्रद्धालुओं ने शब्दवाणी का श्रवण किया और गुरुजी के बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया। जन्मदिवस के अवसर पर केक काटकर उत्सव मनाया गया। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं के बीच लंगर का प्रसाद वितरित किया गया। बिहार राज्य धार्मिक न्यास पर्षद के अध्यक्ष प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि गुरुजी महाराज ने अपने जीवन के माध्यम से समाज को प्रेम, सेवा, करुणा और आध्यात्मिक चेतना का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि गुरुजी किसी एक वर्ग या समुदाय के नहीं, बल्कि पूरी मानवता के मार्गदर्शक रहे। उनके बताए रास्ते पर चलकर व्यक्ति अपने जीवन में सकारात्मक बदलाव ला सकता है। प्रो. रणबीर नंदन ने कहा कि गुरुजी का संदेश लोगों को आपसी सद्भाव, निस्वार्थ सेवा और मानव कल्याण के लिए प्रेरित करता है। उन्होंने कहा कि ऐसे आध्यात्मिक आयोजन समाज में सकारात्मक ऊर्जा का संचार करते हैं और लोगों को एक-दूसरे के प्रति प्रेम और सहयोग की भावना विकसित करने का अवसर देते हैं। उन्होंने श्रद्धालुओं से गुरुजी के आदर्शों को अपने दैनिक जीवन में अपनाने का भी आहवान किया। कार्यक्रम के दौरान गुरुजी के अनुयायियों ने भजन-कीर्तन और सत्संग में हिस्सा लिया। पूरे परिसर में आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। श्रद्धालुओं ने गुरुजी महाराज को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प दोहराया। आयोजकों के अनुसार गुरुजी महाराज के जन्मोत्सव के अवसर पर हर वर्ष इसी तरह का सत्संग आयोजित किया जाता है।

# भाजपा प्रत्याशी अभिषेक कुमार सिन्हा ने नीतीश कुमार से की मुलाकात



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** बाकीपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए भारतीय जनता पार्टी के प्रत्याशी अभिषेक कुमार सिन्हा ने बुधवार को पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से शिष्टाचार मुलाकात की। इस दौरान भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष संजय सरावगी और जनता दल (यूनाइटेड) के कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा भी मौजूद रहे। मुलाकात के दौरान नीतीश कुमार ने अभिषेक कुमार सिन्हा को आगामी विधानसभा उपचुनाव के लिए शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल राजनीतिक भविष्य की कामना की। उन्होंने अभिषेक कुमार सिन्हा को आशीर्वाद दिया और उपचुनाव में प्रचंड विजय की शुभकामनाएं भी दीं। साथ ही अग्रिम जीत की बधाई देकर उनके सफल राजनीतिक जीवन की अपेक्षा व्यक्त की। यह मुलाकात बाकीपुर विधानसभा उपचुनाव को लेकर राजनीतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण मानी जा रही है। बैठक के दौरान भाजपा और जनता दल (यूनाइटेड) के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी ने राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की एकजुटता का भी संदेश दिया

# उद्यमियों के हितों और औद्योगिक विकास पर मंथन, उद्योग मंत्री ने दिए कार्रवाई के निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**पटना।** उद्योग मंत्री श्रेयसी सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग की बैठक आयोजित हुई। बैठक में राज्य में उद्योगों के विकास, उद्यमियों के हितों के संरक्षण तथा निवेश और व्यवसाय के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने से जुड़े विभिन्न विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक के दौरान बिहार राज्य उद्यमी एवं व्यवसायी आयोग के अध्यक्ष सुरेश रूंगटा ने उद्यमियों के हित में कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने उद्यमियों को बेहतर आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने, भूमि आवंटन प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित करने, बैंकों के साथ प्रभावी समन्वय स्थापित करने, उद्यमियों की शिकायतों के त्वरित और प्रभावी निवारण की व्यवस्था विकसित करने, स्थानीय संसाधनों पर आधारित उद्योगों को बढ़ावा देने तथा युवाओं को उद्यमिता की ओर प्रेरित करने पर जोर दिया। श्रेयसी सिंह ने आयोग के सुझावों का स्वागत करते हुए संबंधित अधिकारियों को इन बिंदुओं पर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने और प्रभावी क्रियान्वयन के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उद्यमियों के लिए बेहतर औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र विकसित करने और उद्योगों के समग्र विकास को गति देने के लिए लगातार प्रयास कर रही है। बैठक में आयोग के उपाध्यक्ष अरविंद कुमार निराला, सदस्य गणेश साव, रोहित चन्द्रा, कमलजीत सिंह, किरण गुप्ता, आलोक कुमार भगत और मुकुल कुमार गुप्ता उपस्थित रहे। इसके अलावा उद्योग निदेशक-सह-सदस्य सचिव, उद्योग विभाग के अपर सचिव अनिल कुमार तथा विभाग के अन्य अधिकारियों ने भी बैठक में भाग लिया।

# बिहार की नर्सरियां बनेंगी गुणवत्ता, नवाचार और रोजगार का राष्ट्रीय केंद्र : विजय कुमार सिन्हा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**पटना।** बिहार की नर्सरियों को आधुनिक, गुणवत्तापूर्ण, तकनीक-सक्षम एवं राष्ट्रीय स्तर का पहचान दिलाने के उद्देश्य से आज कृषि विभाग के सभागार में कृषि मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने राज्य के नर्सरी संचालकों, किसानों, उद्यमियों एवं अन्य हितधारकों के साथ विस्तृत संवाद किया। बैठक में नर्सरी क्षेत्र के समग्र विकास, गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन, आधुनिक तकनीकों के विस्तार, प्रमाणन व्यवस्था तथा किसानों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। मंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य सरकार बिहार की नर्सरियों को केवल पौध उत्पादन का केंद्र नहीं, बल्कि रोजगार सृजन, उद्यमिता, हरित अर्थव्यवस्था और किसानों की आय वृद्धि का मजबूत आधार बनाना चाहती है। उन्होंने कहा कि बागवानी क्षेत्र में बिहार के पास असीम संभावनाएं हैं और यदि गुणवत्तापूर्ण पौध उत्पादन एवं आधुनिक प्रबंधन को बढ़ावा दिया जाए तो राज्य राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर सकता है।

# टीबी मुक्त भारत अभियान अब बनेगा जन आंदोलन : मंगल पांडेय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पूर्व स्वास्थ्य मंत्री मंगल पांडेय ने केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री जगत प्रकाश नड्डा द्वारा टीबी उन्मूलन को लेकर बुलाई गई हाई लेवल बैठक के निर्णयों का स्वागत किया है। देश से टीबी को जड़ से खत्म करने के लिए युवाओं, मेडिकल छात्रों, एनसीसी कैडेट्स और रक्षा कर्मियों को इस अभियान से जोड़ना एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हमेशा देश के युवाओं की शक्ति पर भरोसा जताया है। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के ऊर्जावान नेतृत्व में बिहार का स्वास्थ्य विभाग पूरी मुस्तैदी से काम कर रहा है। केंद्र सरकार की 'टीबी मुक्त भारत टोली मॉडल' और 'लीड निक्षय मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम' को बिहार में पूरी ताकत के साथ धरातल पर उतारा जा रहा है जिससे राज्य में टीबी के मामलों में तेजी से गिरावट आ रही है। श्री पांडेय ने कहा कि प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में 'टीबी मुक्त भारत अभियान' को एक सरकारी कार्यक्रम से ऊपर उठाकर अब एक राष्ट्रव्यापी 'जन-आंदोलन' का रूप दिया जा रहा है जो बेहद सराहनीय है।

# पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण से स्वच्छ पर्यावरण और सुदृढ़ ऊर्जा सुरक्षा को बढ़ावा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** इ-20 एथेनॉल मिश्रित पेट्रोल को लेकर अनेक भ्रांतियां प्रचलित हैं। इन भ्रांतियों को दूर करने के उद्देश्य से तेल उद्योग की ओर से बिहार के राज्य स्तरीय समन्वयक (एसएलसी), बिहार ने सही तथ्यों एवं प्रामाणिक जानकारी को जनता के समक्ष प्रस्तुत किया है। पेट्रोल में एथेनॉल मिश्रण एक प्रभावी एवं दूरदर्शी पहल के रूप में उभर रहा है जो पर्यावरण संरक्षण, आर्थिक सशक्तीकरण तथा ऊर्जा सुरक्षा सुनिश्चित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। पारंपरिक पेट्रोल में पौधों से प्राप्त एथाइल अल्कोहल (एथेनॉल) का मिश्रण कर देश स्वच्छ परिवहन को बढ़ावा देने के साथ-साथ कच्चे तेल के आयात पर अपनी निर्भरता भी कम कर रहा है।

**कम उत्सर्जन से स्वच्छ वायु**

एथेनॉल में ऑक्सीजन की उपस्थिति ईंधन के अधिक पूर्ण दहन में सहायक होती है। इसके परिणामस्वरूप वाहनों से निकलने वाले कार्बन मोनोऑक्साइड, हाइड्रोकार्बन तथा सूक्ष्म कणों (पार्टिकुलेट मैटर) के उत्सर्जन में उल्लेखनीय कमी आती है। स्वच्छ दहन से शहरी क्षेत्रों में धुंध (स्मॉग) उत्पन्न करने वाले प्रदूषकों का उत्सर्जन भी घटता है जिससे वायु गुणवत्ता एवं जनस्वास्थ्य में सुधार होता है।

**बेहतर इंजन प्रदर्शन**

एथेनॉल की ऑक्टेन रेटिंग सामान्य पेट्रोल की तुलना में अधिक होती है। पेट्रोल में इसके मिश्रण से ईंधन की समग्र ऑक्टेन गुणवत्ता बढ़ती है जिससे इंजन की एंटी-नॉक क्षमता में सुधार होता है।

# धनबाद मंडल संसदीय समिति की बैठक

## सांसदों ने जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास में वृद्धि को लेकर दिये बहुमूल्य सुझाव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**हाजीपुर।** धनबाद मंडल की 'मंडल संसदीय समिति' की बैठक का आयोजन धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया। बैठक में धनबाद मंडल क्षेत्राधिकार के सांसदगण उपस्थित थे। बैठक की अध्यक्षता सांसद विष्णु दयाल राम द्वारा किया गया। सांसद ढुलू महतो, सांसद चन्द्र प्रकाश चौधरी तथा सांसद कालीचरण सिंह बैठक में उपस्थित हुए। साथ ही केंद्रीय महिला एवं बाल विकास मंत्री अन्नपूर्णा देवी, केंद्रीय सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री जीतन राम मांझी, केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी, केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, सांसद मनीष जायसवाल, सांसद डॉ. राजेश मिश्र, सांसद डॉ. सरफराज अहमद, सांसद छोटे लाल, सांसद आदित्य प्रसाद, सांसद प्रदीप कुमार वर्मा तथा सांसद महुआ माजी के प्रतिनिधि आज की बैठक में उपस्थित थे। सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास तथा यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये गए। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह, धनबाद मंडल के मंडल रेल प्रबंधक अखिलेश मिश्र सहित मुख्यालय एवं मंडल के अधिकारीगण उपस्थित थे। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक छत्रसाल सिंह ने सांसदगण एवं सांसद प्रतिनिधियों का स्वागत किया। महाप्रबंधक ने अपने स्वागत संबोधन में कहा कि धनबाद मंडल द्वारा यात्री सुविधा की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। महाप्रबंधक ने कहा कि धनबाद मंडल भारतीय रेल में माल लदान में महत्वपूर्ण स्थान रखता है एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में भी धनबाद मंडल द्वारा माल लदान एवं इससे प्राप्त आय दोनों में भारतीय रेल के सभी मंडलों में प्रथम स्थान प्राप्त करने का गौरव हासिल हुआ है। महाप्रबंधक ने सांसदों को अवगत कराया कि यात्री सुविधा के क्षेत्र में कार्य करते हुए गुरपा, पाथरडीह एवं कतरासगढ़ सहित 3 स्टेशनों पर उपरगामी पुल का निर्माण, 4 स्टेशनों के प्लेटफार्म का विस्तार एवं उच्चीकरण का कार्य पूरा किया गया है। कोडरमा, गोमोह एवं कतरासगढ़ स्टेशनों पर नये स्टेशन भवन का निर्माण किया गया है। यात्रियों की सुविधा के लिए धनबाद एवं चोपन से भोपाल, धनबाद से पोत्तनूर, धनबाद से लोकमान्य तिलक टर्मिनल एवं धनबाद से भुवनेश्वर के नई ट्रेन सेवा की शुरूआत की गयी है। दानापुर-राजगीर के मध्य चल रही गाड़ी सं. 13233/34 का विस्तार कोडरमा तक किया गया है।

# कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम, पंचदीप भवन, क्षेत्रीय कार्यालय, पटना में सीए निरंजन कुमार, क्षेत्रीय निदेशक की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से सम्बंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 12 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

# पथ निर्माण विभाग ने की 133 परियोजनाओं की समीक्षा

# समय पर गुणवत्ता के साथ कार्य पूरा करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पटना।** पथ निर्माण मंत्री की अध्यक्षता में बुधवार को बिहार राज्य पुल निर्माण निगम लिमिटेड (बीआरपीएनएनएल) मुख्यालय में उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पथ निर्माण विभाग के सचिव, निगम के अध्यक्ष, प्रबंध निदेशक, उप मुख्य अभियंता, मुख्यालय के पदाधिकारी तथा क्षेत्रीय कार्यालयों के वरीय अभियंताओं ने भाग लिया। बैठक में राज्य के विभिन्न जिलों में निर्माणाधीन 14 मेगा परियोजनाओं सहित कुल 119 अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा की गई। इनमें सासाराम बाईपास, पूर्णिया में महानंदा नदी पर 1180 मीटर लंबा उच्च स्तरीय पुल, सहरसा में कोसी नदी पर उच्च स्तरीय पुल एवं संपर्क पथ, सहरसा (बंगाली बाजार एलसी-31) रेलवे ओवर ब्रिज, सालेमपुर-राजगीर ग्रीनफील्ड फोर लेन सड़क, हिलसा पूर्वी बाईपास, सोन नदी पर पांडुका पुल, जनेश्वर मिश्र सेतु संपर्क सड़क, मधुबनी रेलवे ओवर ब्रिज (एलसी-39सी), मधुबनी रिंग रोड, छपरा डबल डेकर फ्लाईओवर, करबिगहिया फ्लाईओवर, अगुवानीघाट-सुल्तानगंज गंगा पुल तथा अगुवानीघाट विस्तारीकरण और मुंगेर बाईपास परियोजना शामिल हैं। समीक्षा के दौरान परियोजनाओं की भौतिक एवं वित्तीय प्रगति, निर्माण गुणवत्ता, भूमि अधिग्रहण, वन स्वीकृति, उपयोगिता स्थानांतरण, रेलवे समन्वय, डिजाइन अनुमोदन तथा अन्य तकनीकी बाधाओं पर विस्तार से चर्चा हुई। साथ ही निर्माणाधीन रेलवे ओवर ब्रिज परियोजनाओं और मुख्यमंत्री प्रगति यात्रा के तहत स्वीकृत योजनाओं की भी समीक्षा की गई।

# 15 जुलाई तक ग्रामीण क्षेत्रों में स्ट्रीट लाइट लगाने का काम पूरा करें : मंत्री



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**पटना।** पंचायती राज मंत्री दीपक प्रकाश ने राज्य की पंचायतों में मुख्यमंत्री ग्रामीण सोलर स्ट्रीट लाइट योजना के तहत 15 जुलाई तक शेष सभी स्ट्रीट लाइटें लगाने का सख्त निर्देश दिया है। उन्होंने स्पष्ट कहा कि इसमें कोई कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बुधवार को विभागीय सभागार में आयोजित उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक में मंत्री ने विभागीय अधिकारियों और 26 एजेंसियों के प्रतिनिधियों को संबोधित करते हुए कहा कि 15 जुलाई तक हर पंचायत में स्ट्रीट लाइट लगाकर योजना को पूर्ण रूप से लागू करना है। यह मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी की प्राथमिकता वाली योजना है और इसे सफल बनाने की जिम्मेदारी हम सबकी है।

# केवाइपी केंद्रों पर नामांकन ठप, बिहार के लाखों युवाओं का भविष्य अधर में

नवबिहार टाइम्स संवाददाता




**पटना।** संपूर्ण बिहार के लगभग 1,800 कुशल युवा कार्यक्रम केंद्रों पर लंबे समय से नामांकन एवं प्रशिक्षण कार्य बाधित रहने से लाखों युवाओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। केंद्र संचालकों का कहना है कि नामांकन बंद होने के कारण न केवल युवाओं की कौशल शिक्षा प्रभावित हो रही है, बल्कि रोजगार की दिशा में उनका मार्ग भी अवरुद्ध हो गया है। केंद्र संचालकों के अनुसार इस गंभीर समस्या से संबंधित जानकारी युवा रोजगार एवं कौशल विकास विभाग, विभागीय मंत्री, विभाग के सचिव तथा बिहार सरकार के मुख्यमंत्री सहित अन्य संबंधित अधिकारियों को कई बार लिखित एवं मौखिक रूप से दी जा चुकी है। इसके बावजूद अब तक कोई ठोस पहल नहीं की गई है। केंद्र संचालकों का आरोप है कि केवाईपी केंद्रों पर अघोषित रूप से नामांकन अवरुद्ध रखा गया है जिससे पूरे राज्य की कौशल विकास व्यवस्था प्रभावित हो रही है। इसका सीधा असर उन लाखों युवाओं पर पड़ रहा है जो निःशुल्क कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार एवं स्वरोजगार की दिशा में आगे बढ़ना चाहते हैं। उन्होंने सरकार से मांग की है कि अविलंब केवाईपी केंद्रों पर नामांकन प्रक्रिया पुनः प्रारंभ की जाए, प्रशिक्षण कार्य को नियमित किया जाए तथा युवाओं के भविष्य को सुरक्षित रखने के लिए आवश्यक प्रशासनिक निर्णय शीघ्र लिए जाएं। उन्होंने कहा कि यदि स्थिति में जल्द सुधार नहीं हुआ तो इसका गंभीर सामाजिक एवं आर्थिक प्रभाव राज्य के युवाओं पर पड़ेगा।

# जनता दरबार में पहुंचे फरियादी, एसपी ने कार्रवाई के दिए निर्देश

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार द्वारा आयोजित जनता दरबार में बुधवार को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से बड़ी संख्या में फरियादी अपनी समस्याएं लेकर पहुंचे। एसपी ने सभी मामलों को गंभीरता से सुनते हुए संबंधित थाना प्रभारियों एवं अधिकारियों को त्वरित एवं निष्पक्ष कार्रवाई के निर्देश दिए। जनता दरबार में सूर्यपुरा थाना क्षेत्र निवासी ब्रजेश कुमार ठाकुर ने अपनी शिकायत में बताया कि उनकी मां के नाम पर तीन डिसमिल जमीन का बंदोबस्त हुआ है। अंचल अधिकारी एवं स्थानीय थानाध्यक्ष द्वारा जमीन की पैमाइश कर सीमांकन के लिए खूंटा भी गाड़ दिया गया था, लेकिन अगले ही दिन गांव के सूरज यादव एवं उनके परिजनों ने खूंटा उखाड़कर फेंक दिया। शिकायत सुनने के बाद एसपी रौशन कुमार ने तत्काल सूर्यपुरा थानाध्यक्ष को मामले की जांच कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

वहीं डालमियानगर के प्रयाग बिगहा निवासी अजय सिंह ने आवेदन देकर आरोप लगाया कि उनकी पत्नी अर्चना भारती बिना किसी सूचना के घर से गहने और 20 हजार रुपये नकद लेकर चली गई है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि उनकी पत्नी विवेक कुमार नामक युवक के साथ चली गई है। अजय सिंह ने अपने आवेदन में बताया कि विवाह के कुछ समय बाद उनकी पत्नी का चयन बिहार पुलिस में हो गया था। उन्होंने 5 जुलाई 2025 को दरभंगा जिला पुलिस बल के लहेरियासराय में योगदान दिया। नौकरी मिलने के बाद उनके व्यवहार में बदलाव आ गया। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसपी रौशन कुमार ने कहा कि इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई के लिए दरभंगा जिला पुलिस के पुलिस अधीक्षक को पत्र भेजा जाएगा। जनता दरबार में आए अन्य फरियादियों की शिकायतों पर भी एसपी ने गंभीरता से सुनवाई करते हुए संबंधित अधिकारियों को त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि आम लोगों को न्याय दिलाना पुलिस की प्राथमिकता है और प्रत्येक शिकायत का निष्पक्ष एवं समयबद्ध समाधान कराया जाएगा।

# मानसून में मांझर कुंड और गुप्ताधाम मार्ग पर सतर्क रहें, वन विभाग ने जारी की एडवाइजरी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**सासाराम।** रोहतास वन प्रमंडल ने मानसून के दौरान भारी वर्षा और जलप्रपातों तथा पहाड़ी नालों में अचानक जलस्तर बढ़ने की आशंका को देखते हुए पर्यटकों और आमजन के लिए जनहित सूचना जारी की है। वन विभाग ने कैमूर वन्यजीव अभयारण्य के अंतर्गत स्थित मांझर कुंड और गुप्ताधाम मार्ग के सभी जलप्रपातों एवं जलधाराओं की यात्रा के दौरान विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। वन विभाग ने लोगों को गहरे पानी, जलप्रपातों, पहाड़ी नालों, फिसलनयुक्त चट्टानों और खतरनाक ढलानों से दूर रहने की सलाह दी है। विभाग के अनुसार ऊपरी जलग्रहण क्षेत्र में वर्षा होने पर बिना किसी पूर्व चेतावनी के जलस्तर तेजी से बढ़ सकता है, जिससे अचानक बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो सकती है। फिसलन और तेज बहाव जानलेवा साबित हो सकते हैं। एडवाइजरी में कहा गया है कि यात्रा पर निकलने से पहले स्थानीय मौसम की जानकारी अवश्य लें। प्रतिकूल मौसम या भारी वर्षा की स्थिति में जनसुरक्षा के मद्देनजर जलप्रपातों और संबंधित पर्यटन स्थलों में प्रवेश अस्थायी रूप से बंद किया जा सकता है, जिसका सभी को पालन करना होगा। वन विभाग ने अभयारण्य क्षेत्र में प्रतिबंधित गतिविधियों की भी जानकारी दी है। इनमें प्रतिबंधित क्षेत्रों में प्रवेश, सुरक्षा अवरोधक पार करना, पिकनिक या सामूहिक भोज के लिए खाद्य सामग्री ले जाना, एलपीजी गैस सिलेंडर, गैस स्टोव या अन्य खाना बनाने के उपकरण ले जाना, भोजन पकाना, कैंप लगाना, आग जलाना, बिना अनुमति ड्रोन उड़ाना या वीडियोग्राफी तथा गहरे पानी या चट्टानों पर रील, सेल्फी और एडवेंचर वीडियो बनाना शामिल है। वन विभाग ने स्पष्ट किया है कि इन नियमों का उल्लंघन वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम, 1972 तथा अन्य कानूनी प्रावधानों के तहत दंडनीय है। रोहतास वन प्रमंडल के वन प्रमंडल पदाधिकारी ने नागरिकों से सुरक्षा निर्देशों का पालन करने और कैमूर वन्यजीव अभयारण्य की जैव विविधता के संरक्षण में सहयोग करने की अपील की है।

# मोबाइल हैक कर व्हाट्सएप से ठगी का नया तरीका

## मुखिया के नाम पर मांगे 5000 रुपये, एफआइआर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**बिक्रमगंज (रोहतास)।** मोबाइल हैकिंग के जरिए ठगी करने वालों ने अब व्हाट्सएप और अन्य सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर लोगों से पैसे ऐंठने का नया तरीका इजाद कर लिया है। इस साजिश के तहत साइबर अपराधी पहले किसी व्यक्ति का मोबाइल नंबर हैक करते हैं और फिर उसके परिचितों, मित्रों एवं सगे-संबंधियों को उसी नंबर से व्हाट्सएप पर मैसेज करके इमरजेंसी बताकर पैसे की मांग करते हैं। लोग सामने वाले को अपना जानने वाला समझकर बिना जांचे पैसे ट्रांसफर कर देते हैं और बाद में जब वास्तविक व्यक्ति से बात होती है तब जाकर उन्हें ठगी का पता चलता है। दावथ थाना क्षेत्र में भी ऐसा ही एक मामला सामने आया है। इटवा पंचायत के मुखिया धन्जी कुमार उर्फ नकू के नाम और नंबर का दुरुपयोग करते हुए दावथ नगर पंचायत कोआथ बिस्कोमान कर्मी के मोबाइल पर व्हाट्सएप के माध्यम से पैसे मांगे गए। ठग ने खुद को इमरजेंसी में फंसा बताकर तत्काल 5000 रुपये ऑनलाइन ट्रांसफर करने का दबाव बनाया। झांसे में आकर उक्त खाते में 5000 रुपये का भुगतान भी कर दिया। कुछ देर बाद जब उन्होंने इस संबंध में मुखिया धनजी कुमार से सीधे संपर्क कर पुष्टि की तो पता चला कि मुखिया ने न तो कोई पैसा मांगा था और न ही कोई मैसेज किया था। तब जाकर पीड़ित को समझ आया कि उनके साथ जालसाजों ने ठगी की है। इसके बाद मंगलवार को इटवा मुखिया धनजी कुमार उर्फ नकू ने दावथ थाने पहुंचकर साइबर ठगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है और साइबर सेल की मदद से ठगों के खाते व मोबाइल नंबरों को ट्रेस करने में जुट गई है। पुलिस अधिकारियों ने लोगों से अपील की है कि किसी भी परिचित के नाम पर व्हाट्सएप या कॉल से पैसे मांगे जाने पर पहले फोन कर उसकी पुष्टि अवश्य करें और किसी भी अनजान लिंक या खाते पर पैसे न भेजें, ताकि इस तरह की ठगी से बचा जा सके।

# होटल-संचालकों के साथ विधि-व्यवस्था एवं सुरक्षा को लेकर समीक्षात्मक बैठक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**विक्रमगंज (रोहतास)।** बिक्रमगंज अनुमंडल पदाधिकारी प्रभात कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को अनुमंडल पदाधिकारी, बिक्रमगंज के कार्यालय कक्ष में सभी धर्मशालाओं एवं सभी होटल संचालकों, बिक्रमगंज अनुमंडल क्षेत्र के साथ विधि-व्यवस्था एवं कानून व्यवस्था हेतु एक समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। देर शाम जारी प्रेस विज्ञप्ति में एसडीएम प्रभात कुमार के हवाले से बताया गया कि क्षेत्र के सभी होटल संचालकों एवं संबंधित भागीदारों के साथ आपराधिक घटनाओं की रोकथाम, ग्राहकों की सुरक्षा और शांति व्यवस्था बनाए रखने पर विस्तृत चर्चा की गई। पदाधिकारी ने कहा कि होटल परिसर में किसी भी प्रकार की विधि, मर्यादा एवं कानून के खिलाफ कोई भी गतिविधि बर्दाश्त नहीं की जाएगी। संचालकों को निर्देश दिया गया कि वे अपने परिसर में साफ-सफाई एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण सुनिश्चित करें, अग्निशमन उपकरणों की नियमित जांच कराएं तथा अग्निशमन विभाग से एनओसी प्राप्त कर उसे होटल में प्रदर्शित करें। साथ ही होटल में प्रवेश करने वाले प्रत्येक आगंतुक की एक फोटो युक्त रजिस्टर संधारित करने, आधार कार्ड या अन्य पहचान पत्र की फोटोकॉपी रखने और सीसीटीवी कैमरा चालू रखने का आदेश दिया गया। रिकॉर्ड का समय-समय पर निरीक्षण किया जाएगा और डेटा कम से कम 30 दिन तक सुरक्षित रखा जाएगा। कानून व्यवस्था के संबंध में बताया गया कि सभी होटलों में पुलिस सत्यापन अनिवार्य होगा, कर्मचारियों की नियुक्ति से पूर्व उनका चरित्र सत्यापन कराया जाएगा और आगंतुक रजिस्टर, कर्मचारियों का विवरण, सीसीटीवी फुटेज एवं अन्य सुरक्षा दस्तावेजों को दुरुस्त रखा जाएगा। 18 वर्ष से कम आयु के किसी भी व्यक्ति को होटल या धर्मशाला में कमरा उपलब्ध नहीं कराया जाएगा तथा अवयस्कों के प्रवेश पर कड़ी निगरानी रखी जाएगी। महिला सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए होटल परिसर में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, महिला स्टाफ की तैनाती और किसी भी शिकायत पर तत्काल पुलिस को सूचना देने का निर्देश दिया गया। बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि होटल द्वारा दर सूची सार्वजनिक स्थान पर प्रदर्शित की जाए, मनमानी वसूली न की जाए और दर में किसी प्रकार की विसंगति पर नियमानुसार कार्रवाई होगी। संचालकों को नशीले पदार्थों की बिक्री, जुआ और अन्य अवैध गतिविधियों पर पूर्ण प्रतिबंध रखने, होटल परिसर में मादक पदार्थों का सेवन सख्त वर्जित रखने और फिजिकल वेरिफिकेशन के लिए पुलिस से समन्वय बनाए रखने को कहा गया। फायर सेफ्टी के तहत 15 दिनों के अंदर अग्नि सुरक्षा ऑडिट कराने, फर्स्ट एड किट, एम्बुलेंस नंबर और निकासी योजना उपलब्ध रखने का निर्देश दिया गया। पदाधिकारी ने चेतावनी दी कि यदि किसी होटल में अवैध गतिविधि पाई गई या भारतीय न्याय संहिता, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, बिहार होटल लाइसेंस अधिनियम एवं अन्य प्रासंगिक विधियों का उल्लंघन हुआ तो संबंधित संचालक के विरुद्ध कठोर दंडात्मक एवं नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। बैठक के अंत में सभी उपस्थित संचालकों ने निर्देशों का पालन करने एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का आश्वासन दिया।

# बेरकप ठाकुरबाड़ी मूर्ति चोरी कांड : विधायक ने किया दौरा

## मंदिर परिसर में सीसीटीवी लगाने का दिया आश्वासन

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**दरिहट (रोहतास)।** दरिहट थाना क्षेत्र के बेरकप गांव स्थित ऐतिहासिक ठाकुरबाड़ी से अष्टधातु की बेशकीमती मूर्तियों की चोरी के 18 दिन बाद भी पुलिस को सफलता नहीं मिली है। इस बीच मंगलवार को डिहरी विधायक राजीव रंजन सिंह (सोनू सिंह) मंदिर पहुंचे और घटना स्थल का निरीक्षण कर ग्रामीणों से बातचीत की। उन्होंने पुलिस अधिकारियों से जल्द से जल्द चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी सुनिश्चित करने को कहा। निरीक्षण के दौरान ग्रामीणों ने मंदिर परिसर की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कैमरे लगाने की मांग उठाई। विधायक ने मांग स्वीकार करते हुए अपने स्तर से मंदिर परिसर में सीसीटीवी कैमरे लगवाने का आश्वासन दिया। उन्होंने कहा कि धार्मिक आस्था से जुड़े इस मामले में दोषियों को किसी भी कीमत पर बख्शा नहीं जाना चाहिए। गौरतलब है कि 20 जून की रात चोरों ने ठाकुरबाड़ी का ताला तोड़कर भगवान श्रीराम, लक्ष्मण, मां सीता एवं लड्डू गोपाल की अष्टधातु की मूर्तियां चोरी कर ली थीं। घटना के बाद पुलिस ने जांच शुरू की थी। तलाशी अभियान के दौरान गांव के बधार में खेत से मां सीता की सफेद पत्थर की एक मूर्ति बरामद हुई जबकि मंदिर के पीछे मूर्तियों के कुछ वस्त्र और बाल भी मिले। इसके बाद एफएसएल टीम और डॉग स्क्वॉड की मदद से जांच की गई, लेकिन अब तक चोरी गई अन्य बेशकीमती मूर्तियों का कोई सुराग नहीं मिल सका है। मूर्ति बरामदगी में हो रही देरी से नाराज ग्रामीणों ने मंगलवार को रोहतास के पुलिस अधीक्षक रौशन कुमार से मुलाकात कर शीघ्र कार्रवाई की मांग की। एसपी ने ग्रामीणों को भरोसा दिलाया कि इस मामले की वह स्वयं मॉनिटरिंग कर रहे हैं और जल्द ही मूर्तियां बरामद कर आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा। ग्रामीणों का कहना है कि ठाकुरबाड़ी की भगवान राम और भगवान कृष्ण की मूर्तियां दो से तीन सौ वर्ष पुरानी और अत्यंत मूल्यवान थीं।

# नवबिहार टाइम्स के 37वें स्थापना दिवस पर जदयू नेता डॉ. निर्मल कुशवाहा सम्मानित

## नवबिहार टाइम्स बिहार का प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र : डॉ निर्मल कुशवाहा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**डिहरी ऑन-सोन।** बिहार के प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र 'नवबिहार टाइम्स' के 37वें स्थापना दिवस के अवसर पर आयोजित सम्मान समारोह में जदयू के वरिष्ठ नेता एवं चर्चित चिकित्सक डॉ. निर्मल कुशवाहा को चिकित्सा सेवा, समाजहित में उल्लेखनीय योगदान तथा पार्टी के कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए सम्मानित किया गया। पटना में आयोजित मुख्य समारोह में शामिल नहीं हो पाने के कारण संपादक कमल किशोर के निर्देश पर विज्ञापन प्रभारी मदन श्रीवास्तव ने बुधवार को डॉ. निर्मल कुशवाहा के आवास पहुंचकर उन्हें स्मृति चिहन भेंट कर सम्मानित किया। सम्मान प्राप्त करने के बाद डॉ. निर्मल कुशवाहा ने 'नवबिहार टाइम्स' परिवार के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह बिहार का ऐसा प्रतिष्ठित दैनिक समाचार पत्र है जिसमें राजधानी पटना के साथ-साथ डिहरी ऑन सोन एवं रोहतास की खबरों को भी प्रमुखता से प्रकाशित किया जाता है। उन्होंने कहा कि यह समाचार पत्र राज्य के मंत्रियों, अधिकारियों और आम पाठकों तक विश्वसनीय खबरें पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बन चुका है।


**पूर्व रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं.: 75, 76-एमएलडीटी-26-27 दिनांक 26.06.2026, (स्टील फैब्रिकेशन और सिविल कार्य),** मंडल रेल प्रबंधक, पूर्व रेलवे, मालदा, मालदा ऑफिस बिल्डिंग, डाकघर-झलझलिया, जिला-मालदा, पिन-732102 (पश्चिम बंगाल) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए खुली ई-निविदा सूचना आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.1, निविदा सं. 75-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के तहत सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधिकार क्षेत्र में डीईएमयू मेंटेनेंस शेड, साहिबगंज में बुनियादी संरचनाओं की सुविधाओं के विस्तार के संबंध में सिविल कार्यों के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.4,87,94,430.55, **क्रम सं.2, निविदा सं. 76-एमएलडीटी-26-27, कार्य का नाम** : वरिष्ठ मंडल अभियंता-II/पूर्व रेलवे/मालदा के अधिकार क्षेत्र में सहायक अभियंता/साहिबगंज के अधीन साहिबगंज के क्रू लॉबी और रनिंग रूम के विस्तार एवं मौजूदा क्रू लॉबी और रनिंग रूम के नवीनीकरण के कार्य के लिए खुली ई-निविदा। **निविदा मूल्यः** रु.2,17,50,774.77, **निविदा की अंतिम तिथि और समय :** 21.07.2026 को 15.30 बजे (क्रम सं. 1 एवं 2 के लिए)। **वेबसाइट का विवरण एवं सूचना पट : www.ireps.gov.in/** मंडल रेल प्रबंधक का कार्यालय, मालदा टाउन। MLD-124/2026-27

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway
@easternrailwayheadquarter


# नगर पंचायत की 17 विकास योजनाओं को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**विक्रमगंज (रोहतास)।** काराकाट नगर पंचायत कार्यालय गोडारी में बुधवार को स्थायी सशक्त समिति की बैठक आयोजित की गई जिसमें नगर पंचायत के विकास से जुड़े कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों पर चर्चा की गई। बैठक में सामान्य बोर्ड द्वारा पहले से पारित सभी 17 विकास योजनाओं को प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान कर दी गई। समिति के सदस्यों ने स्पष्ट किया कि सामान्य बोर्ड में अनुमोदित किसी भी योजना को लंबित नहीं रखा गया है और सभी 17 योजनाओं पर शीघ्र कार्य शुरू कराने का निर्णय लिया गया है। इससे नगर क्षेत्र में विकास कार्यों का रास्ता साफ हो गया है और अब लोगों को मूलभूत सुविधाएं जल्द मिलने की उम्मीद है। बैठक में नगर पंचायत क्षेत्र के प्रमुख चौक-चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाने के प्रस्ताव को भी प्रशासनिक स्वीकृति दे दी गई। अधिकारियों का कहना है कि इससे क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था और निगरानी को और मजबूत किया जा सकेगा तथा असामाजिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखने में मदद मिलेगी। इसके अलावा बैठक में हाल ही में चलाए गए अतिक्रमण हटाओ अभियान के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग एनएच-120ए के दोनों किनारों पर स्थित नालों के किनारे बैरिकेडिंग कराने के प्रस्ताव पर भी विस्तार से चर्चा हुई। समिति के सदस्यों ने बताया कि बैरिकेडिंग होने से दोबारा अतिक्रमण की संभावना कम होगी और सड़क के साथ-साथ नालों की सुरक्षा भी सुनिश्चित हो सकेगी। मुख्य पार्षद राधिका कुमारी ने बैठक में कहा कि सामान्य बोर्ड में स्वीकृत योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर धरातल पर उतारा जाएगा ताकि नगर पंचायत का समग्र विकास हो सके और आम जनता को उसका सीधा लाभ मिले।

# बकनौरा में फैक्ट्री कर्मी की धारदार हथियार से हत्या, इलाके में सनसनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**अकबरपुर (रोहतास)।** रोहतास थाना क्षेत्र के बकनौरा पंचायत अंतर्गत भुआरा-भुआरी गांव के समीप मंगलवार देर रात एक फैक्ट्री कर्मी की धारदार हथियार से हत्या कर दिए जाने का मामला सामने आया है। घटना के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। मृतक की पहचान भुआरा-भुआरी गांव निवासी स्वर्गीय चंद्र यादव के 41 वर्षीय पुत्र ददन यादव के रूप में हुई है। बताया जाता है कि ददन यादव डालमिया भारत फैक्ट्री में कार्यरत थे। गुरुवार रात लगभग 10 बजे ड्यूटी समाप्त होने के बाद वह अपनी टीवीएस मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान भुआरा जाने वाली सड़क पर पैक्स गोदाम के समीप अज्ञात अपराधियों ने उन पर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उनकी घटनास्थल पर ही मौत हो गई। बुधवार सुबह लकड़ी बेचने जा रहे कुछ ग्रामीणों की नजर सड़क किनारे पड़े शव पर पड़ी। इसके बाद आसपास के लोगों को सूचना दी गई और देखते ही देखते घटनास्थल पर ग्रामीणों की भारी भीड़ जुट गई। घटना की जानकारी मिलते ही पूरे गांव में मातम और दहशत का माहौल बन गया। सूचना मिलने पर रोहतास थाना अध्यक्ष ललन कुमार, एसडीपीओ-2 राजू रंजन कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। वहीं साक्ष्य जुटाने के लिए फॉरेंसिक टीम और डॉग स्क्वायड को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से महत्वपूर्ण सुराग एकत्र किए। मृतक अपने परिवार के एकमात्र कमाने वाले सदस्य थे। उनकी पत्नी ललिता देवी तथा दो नाबालिग पुत्र रोशन कुमार और विशाल कुमार का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने प्रशासन से हत्यारों की शीघ्र गिरफ्तारी कर कड़ी कानूनी कार्रवाई की मांग की है। थाना अध्यक्ष ललन कुमार ने बताया कि पुलिस सभी पहलुओं पर गंभीरता से जांच कर रही है। घटनास्थल से मिले साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान और गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी की जा रही है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि मामले का जल्द खुलासा कर दोषियों को गिरफ्तार कर कानून के अनुसार सख्त कार्रवाई की जाएगी।

# पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर की पुण्यतिथि मनी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** महान समाजवादी नेता एवं भारत के पूर्व प्रधानमंत्री चन्द्रशेखर जी के 19 वीं पुण्यतिथि समाजवादी नेता वीरेंद्र प्रसाद सिंह अधिवक्ता की अध्यक्षता में श्रद्धा एवं सादगी के साथ व्यवहार न्यायालय के प्रांगण में मनाया गया। सबसे पहले उनके तैलचित्र पर माल्यार्पण किया गया। उसके पश्चात पूर्व प्रधानमंत्री के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। वीरेन्द्र सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि चन्द्रशेखर जी किसानों तथा मजदूरों के नेता थे।


**R.N. COLLEGE**
**HAJIPUR, VAISHALI, BIHAR**
**Babasaheb Bhimrao Ambedkar Bihar University**

**INVITING TENDER NOTICE**

Invited sealed short tenders from the eligible university registered contractors/ of appropriate class of University for the work listed under.

| Sl. No | Name of works | Estimated cost | Completion time | Amount of Bank Receipt/Cash for cost of tender documents (Rs) | Amount of Earnest Money 2.0% for issue of tender from (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | New Multipurpose Building (near canteen) | 49,88,517.00 | 6 Months | 5000.00 | 2% Tender Amount of |
| 2. | P.G.section Building (near examination Hall) | 49,70,514.00 | 6 Months | 5000.00 | 2% Tender Amount of |

**Time Schedule:**
a) Last Date for purchase of tender of Documents may be obtained from Account Section till 2 pm during working hours of the college from 10/07/2026 to 20/07/2026.
b) Submission of tender papers till 2 pm in the office, or registered post till 22/07/2026.
c) Opening of tender by the college and within as per requirement days from the last.

**Condition of Contract:**
D.D/TD/Should be made in the favor of Principal R.N. College, Hajipur, Vaishali.
Tender is open only to the eligible and experienced contractors/firms of Appropriate Class Registered with University.
The intending tender/contractors should apply in writing for issue of tender documents. The application would invariably be signed by the contractor himself/herself the tender.
Undesigned has every right to cancel the tender without assigning any reason.

**Principal, R.N. College, Hajipur, Vaishali, Bihar**


# घर में सो रही महिला की सर्पदंश से मौत, मुआवजे की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**सासाराम।** नोखा थाना क्षेत्र के नगर परिषद अंतर्गत डोमां टोला में बुधवार की सुबह सर्पदंश से एक महिला की मौत हो गई। घटना के बाद पूरे मोहल्ले में शोक का माहौल है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सासाराम भेज दिया। जानकारी के अनुसार डोमां टोला निवासी नागेश्वर चौधरी की पत्नी सुनीता देवी (44 वर्ष) लगभग मंगलवार की रात अपने घर में सो रही थीं। बुधवार की सुबह उन्हें अचानक सांप ने डस लिया। परिजनों ने उनकी स्थिति बिगड़ते देख तत्काल इलाज के लिए नोखा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाना शुरू किया, लेकिन अस्पताल पहुंचने से पहले ही रास्ते में उनकी मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही नोखा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा तैयार कर आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी की तथा पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, सासाराम भेज दिया। पुलिस मामले की जांच कर रही है। अस्पताल पहुंच कर नोखा नगर परिषद के उपसभापति धनजी सिंह, सामाजिक कार्यकर्ता सत्येंद्र कुमार सहित कई स्थानीय लोगों ने परिजनों को सांत्वना दी।


**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 10/2025–26 विक्रेता– जोकी राम पिता– स्व0 हरिकिशुन राम जाति– भुईया (अनुसूचित जाति) ग्राम– हरहे, पो0– उदयपुर, थाना– रमकण्डा, जिला– गढ़वा तथा क्रेता– छोटेलाल राम वगैरह पिता– स्व0 विश्वनाथ राम जाति– चमार (अनुसूचित जाति) ग्राम– हरहे, पो0– उदयपुर, थाना– रमकण्डा, जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(B)के अन्तर्गत मौजा– हरहे, के खाता सं0– 74 प्लॉट सं0– 1097, 1103 रकबा– 0.30 ए0 एवं 0.7 1/2 ए0 कुल रकबा– 0.37 1/2 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका

PR 384424 (Land Reforms)26-27*D

# नीट यूजी री-एग्जाम फर्जीवाड़ाः पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंची ईओयू

- ढाई घंटे तक चली जांच, प्राचार्य से पूछताछ
- आरोपित छात्रों की उपस्थिति, दस्तावेज और सॉल्वर गैंग से जुड़े नेटवर्क की पड़ताल तेज

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। नीट यूजी री-एग्जाम फर्जीवाड़े की जांच के सिलसिले में आर्थिक अपराध इकाई (ईओयू) की टीम बुधवार को पावापुरी मेडिकल कॉलेज पहुंची। टीम ने करीब ढाई घंटे तक कॉलेज में गहन जांच-पड़ताल करते हुए आरोपित एमबीबीएस छात्रों के शैक्षणिक रिकॉर्ड, उपस्थिति विवरण और अन्य महत्वपूर्ण दस्तावेजों का सत्यापन किया। इस दौरान प्राचार्य डॉ. सर्विल कुमारी के साथ बैठक कर कई अहम बिंदुओं पर जानकारी भी ली गई।जांच के दौरान अधिकारियों ने आरोपित छात्रों से जुड़े शैक्षणिक अभिलेख, पहचान संबंधी दस्तावेज, कॉलेज में उनकी उपस्थिति और परीक्षा अवधि के दौरान उपलब्ध रिकॉर्ड की विस्तार से जांच की। साथ ही कॉलेज प्रशासन से छात्रों की गतिविधियों और परीक्षा के समय उनकी मौजूदगी के संबंध में भी जानकारी जुटाई गई। सूत्रों के अनुसार, ईओयू टीम ने कॉलेज के कुछ अधिकारियों और कर्मचारियों से भी पूछताछ की। विशेष रूप से परीक्षा केंद्रों पर बायोमेट्रिक सत्यापन, पहचान प्रक्रिया और संभावित मिलीभगत से जुड़े पहलुओं पर फोकस किया गया। जांच एजेंसी आर्थिक लेन-देन, सॉल्वर गैंग के संपर्क सूत्रों तथा पूरे नेटवर्क में शामिल अन्य लोगों की भूमिका की भी पड़ताल कर रही है। बताया जाता है कि री-एग्जाम के दिन कॉलेज प्रशासन ने सभी छात्रों की दो बार अनिवार्य उपस्थिति दर्ज कराई थी। उस दौरान रविशंकर उर्फ सम्राट, रंजीत कुमार और एक अन्य छात्र अनुपस्थित मिले थे तथा उनके मोबाइल फोन भी स्विच ऑफ थे। जांच में रविशंकर पर अपनी पत्नी की जगह दिल्ली की एक एमबीबीएस छात्रा को परीक्षा में बैठाने की साजिश रचने का आरोप है, जबकि रंजीत कुमार और तीसरे छात्र पर इस कथित फर्जीवाड़े में सहयोग और सॉल्वर गैंग से संपर्क में रहने के आरोपों की गहन जांच जारी है।

## सीएम व एसपी को आवेदन देकर न्याय की गुहार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**नारदीगंज,नवादा**। थाना क्षेत्र के पेश गांव के मुन्नी खातून पति हसरत मियां ने सीएम व एसपी को आवेदन पत्र स्पीड पोस्ट से भेजकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित मुन्नी खातून ने मुख्यमंत्री व एसपी को दिए आवेदन पत्र में उल्लेख की है कि उसके 25 वर्षीय पुत्र इसरायल है। उसके पुत्र को 25 जून 2026 की रात करीब 11 बजकर 30 मिनट में पेश गांव के कारु मांझी के पुत्र विपिन मांझी और मिथुन मांझी जबरन घर से बुलाकर नंदपुर गांव के समीप ले जाकर हत्या कर दिया,और साक्ष्य को छुपाने के उद्देश्य से नंदपुर गांव के समीप रेलखंड के पटरी फेंक दिया। जिसका फ़ोटो वीडियो मेरे पास मौजूद है। यह दोनों आरोपी के द्वारा उसके पुत्र इसरायल का हत्या कर आत्महत्या दिखाने के लिए सारा कृत्य किया गया है। कहा गया घटना के 13 दिन बीत जाने के बाद भी अन्तःपरिक्षण रिपोर्ट कांड संख्या 226/2026 के जांच अधिकारी द्वारा नहीं दी गई है। उन्होंने इस घटना को वरीय अधिकारियों के द्वारा जांच कर संलिप्त लोगों पर मामला दर्ज करने का अनुरोध किया है।

# अग्निकांड पीडित किसानों को मिला मुआवजा, मंत्री श्रवण कुमार ने बांटे 59,112 रुपये के चेक

## कम आकलन की शिकायत पर बोले मंत्रीकृ भेदभाव करने वाले कर्मियों की होगी जांच, दोषियों पर होगी कड़ी कार्रवाई

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। राजगीर प्रखंड के बिरजू बीघा गांव में अग्निकांड से गेहूं की फसल को हुई क्षति के लिए ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने बुधवार को प्रखंड कार्यालय सभागार में नौ लाभुकों के बीच कुल 59,112 रुपये की क्षतिपूर्ति राशि के चेक वितरित किए।चेक वितरण के दौरान पीड़ित किसानों ने मंत्री को बताया कि उनकी फसल का वास्तविक नुकसान अधिक हुआ था, लेकिन संबंधित कर्मचारियों ने कम आकलन कर रिपोर्ट तैयार की, जिसके कारण उन्हें अपेक्षा से कम मुआवजा मिला। किसानों ने मामले की जांच कराने की मांग की।इस पर मंत्री ने कहा कि किसानों के साथ किसी भी प्रकार का भेदभाव बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने संबंधित विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिया कि आपदा राहत से जुड़े सभी आवेदनों और आकलन रिपोर्ट की समीक्षा कराई जाए। यदि जांच में कोई कर्मचारी दोषी पाया जाता है तो उसके खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।मंत्री ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का स्पष्ट निर्देश है कि आपदा पीड़ित परिवारों का सरकारी खजाने पर पहला अधिकार है। सरकार यह सुनिश्चित करेगी कि हर पात्र



किसान को न्याय मिले और वास्तविक क्षति के अनुरूप मुआवजा प्रदान किया जाए। मुआवजा प्राप्त करने वालों में बिरजू बीघा एवं गोपडीहा गांव के टुनटुन सिंह, बच्चु सिंह, मनीष कुमार, धीरज सिंह, जितेंद्र कुमार सिंह और यादु ठाकुर सहित कुल नौ लाभुक शामिल हैं।इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी एजाज आलम, अंचलाधिकारी सुरभि कुमारी, जयराम सिंह, वार्ड पार्षद मीरा देवी, जदयू नेता मुन्ना कुमार तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण किसान उपस्थित रहे।

## ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व प्रधान मंत्री अवध नंदन पांडे का निधन, केवीके में दी गई श्रद्धांजलि

**कौआकोल**। ग्राम निर्माण मंडल के पूर्व प्रधान मंत्री अवध नंदन पांडे के आकस्मिक निधन पर कृषि विज्ञान केंद्र के सभागार में बुधवार को शोक सभा आयोजित की गई। इस दौरान उपस्थित सभी लोगों ने दो मिनट का मौन रखकर दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना की। शोक सभा को संबोधित करते हुए ग्राम निर्माण मंडल के व्यवस्थापक डॉ. भरत भूषण शर्मा ने स्वर्गीय अवध नंदन पांडे के जीवन एवं उनके सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि अपने कार्यकाल में श्री पांडे ने ग्राम निर्माण मंडल को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामीण विकास और समाज सेवा के क्षेत्र में उनके योगदान को सदैव स्मरण किया जाएगा। उनका निधन संस्था और समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। शोक सभा में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिकों, ग्राम निर्माण मंडल के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए शोकाकुल परिवार के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की।

# डीएम ने किया समाहरणालय के विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण

## समयपालन व स्वच्छता पर दिया जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह ने बुधवार को समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण कर कार्यप्रणाली, कर्मियों की उपस्थिति, अभिलेखों के संधारण, स्वच्छता व्यवस्था तथा आम नागरिकों को उपलब्ध कराई जा रही सेवाओं की गुणवत्ता का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने जिला नजारत शाखा, जिला सामान्य शाखा, जिला आपूर्ति कार्यालय, जिला आपदा प्रबंधन कार्यालय सहित अन्य कार्यालयों का भ्रमण किया। उन्होंने कार्यालयों की कार्यशैली, अभिलेखों के रखरखाव, लंबित मामलों की स्थिति तथा कार्यालयीन व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों एवं कर्मियों से विभिन्न योजनाओं और कार्यों की प्रगति की जानकारी प्राप्त कर आवश्यक दिशा-निर्देश भी दिए।जिलाधिकारी ने सभी कार्यालयों में नियमित एवं प्रभावी साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश देते हुए कहा कि स्वच्छ और सुव्यवस्थित कार्यालय का सकारात्मक प्रभाव आम नागरिकों पर पड़ता है तथा इससे कार्य निष्पादन की गुणवत्ता में भी सुधार होता है। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समयपालन पर



विशेष ध्यान देने का निर्देश देते हुए स्पष्ट कहा कि प्रत्येक कर्मचारी की बायोमेट्रिक उपस्थिति हर हाल में सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान समाहरणालय परिसर में आवश्यक मरम्मत कार्यों की जरूरत को देखते हुए कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंडल, नालंदा को सभी कार्यालयों का निरीक्षण कर शीघ्र मरम्मत कार्य कराने का निर्देश दिया गया।इस अवसर पर उप विकास आयुक्त, विशेष कार्य पदाधिकारी (गोपनीय शाखा) सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कर्मी मौजूद रहे। जिलाधिकारी ने कहा कि आम जनता को समयबद्ध, पारदर्शी और गुणवत्तापूर्ण सेवाएं उपलब्ध कराना प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है।

# वारिसलीगंज पुलिस ने चोरी कांड का किया उद्भेदन, दो गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। वारिसलीगंज थाना पुलिस ने चोरी की एक बड़ी वारदात का सफल उद्भेदन करते हुए दो शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। आरोपितों के पास से चोरी की नकदी और एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को क्षेत्र में लगातार हो रही चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार, 31 मई 2026 को राजापुर गांव निवासी पवन कुमार ने वारिसलीगंज थाना में आवेदन देकर बताया था कि उनकी अनुपस्थिति में अज्ञात चोरों ने घर में घुसकर नकद राशि और



जेवरात की चोरी कर ली। इस मामले में वारिसलीगंज थाना कांड संख्या 382/26 (दिनांक 1 जून 2026) दर्ज करते हुए भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की धारा 305(ए) एवं 331(1) के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर विशेष छापेमारी दल का गठन किया गया। तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर 6 जुलाई की रात पुलिस ने कार्रवाई करते हुए एक संदिग्ध को चोरी करते रंगे हाथ गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने इस कांड में अपनी संलिप्तता स्वीकार करते हुए अपने एक साथी का नाम बताया। उसकी निशानदेही पर दूसरे आरोपित को भी गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान राजू कुमार और आकाश कुमार के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार, मुख्य आरोपित के विरुद्ध नालंदा जिले के विभिन्न थानों में चोरी के कई मामले पूर्व से दर्ज हैं। छापेमारी के दौरान पुलिस ने आरोपितों के पास से 39,970 रुपये नकद तथा एक एंड्रॉयड मोबाइल फोन बरामद किया।

# पत्नी की हत्या मामले में पति गिरफ्तार

**कौआकोल/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। थाना क्षेत्र के कौआकोल बाजार के कोनी पर मुहल्ला में विवाहिता सोनी कुमारी,21 वर्ष की संदिग्ध परिस्थितियों में हुई मौत के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए मृतका के पति को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। मामले में मृतका के पिता बरबीघा थाना के कुठौत प्यारेपुर गांव निवासी गौतम कुमार ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए प्राथमिकी दर्ज कराई थी। दर्ज प्राथमिकी में गौतम कुमार ने आरोप लगाया है कि उनकी पुत्री सोनी कुमारी को विवाह के बाद से ही दहेज की मांग को लेकर लगातार प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि दहेज की मांग पूरी नहीं होने पर उसके पति एवं अन्य पारिवारिक सदस्यों के द्वारा मानसिक और शारीरिक रूप से प्रताड़ित किया जाता था। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी क्रम में उनकी पुत्री की हत्या कर दी गई और शव को आत्महत्या का रूप दे दिया गया। मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद अभियुक्त आशुतोष कुमार उर्फ कुंदन कुमार को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। वहीं, प्राथमिकी में नामजद अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार छापेमारी कर रही है। अपर थानाध्यक्ष अविनाश कुमार ने बताया कि मामले की जांच सभी पहलुओं से की जा रही है। शेष आरोपितों की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर छापेमारी जारी है। जांच के आधार पर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# एएसआई के प्रतिबंधित क्षेत्र में चबूतरा निर्माण पर रहस्य गहराया, नगर परिषद ने किया किनारा

## ईओ बोले- न वर्क ऑर्डर जारी हुआ, न भुगतानय नागरिकों ने डीएम से निष्पक्ष जांच और दोषियों पर कार्रवाई की मांग की

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**राजगीर**। भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) के प्रतिबंधित क्षेत्र में बने अवैध चबूतरे को ध्वस्त किए जाने के बाद निर्माण एजेंसी को लेकर रहस्य गहरा गया है। नगर परिषद ने इस निर्माण से अपना संबंध होने से साफ इनकार कर दिया है, जिसके बाद शहर में यह चर्चा तेज हो गई है कि आखिर प्रतिबंधित क्षेत्र में चबूतरा किसने और किसके निर्देश पर बनवाया। नगर परिषद के कार्यपालक पदाधिकारी अजीत कुमार ने स्पष्ट किया कि चबूतरे के निर्माण के लिए परिषद की ओर से न तो कोई वर्क ऑर्डर जारी किया गया और न ही किसी प्रकार का भुगतान किया गया। ऐसे में इस निर्माण से नगर परिषद का कोई संबंध नहीं है। वहीं एएसआई का दावा है कि निर्माण शुरू होने से पहले ही संबंधित एजेंसी को कार्य नहीं करने की चेतावनी दी गई



थी।नगर परिषद के बयान के बाद अब लोगों की नजर जिला प्रशासन पर है। सामाजिक संगठनों और स्थानीय नागरिकों ने पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर निर्माण कराने वाली एजेंसी और जिम्मेदार अधिकारियों की पहचान सार्वजनिक करने की मांग उठाई है। वार्ड पार्षद डॉ. अनिल कुमार, युवा राजद के प्रदेश सचिव गोलू यादव, जन सुराज के उपेंद्र कुमार विभूति और उपेंद्र यादव समेत अन्य जनप्रतिनिधियों ने कहा कि मामला केवल अवैध निर्माण का नहीं, बल्कि ऐतिहासिक धरोहरों की सुरक्षा और सरकारी जवाबदेही से जुड़ा है। उन्होंने जिलाधिकारी से दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकने के लिए जवाबदेही तय करने की मांग की है।

# अपराध नियंत्रण को लेकर एसपी ने की अपराध संगोष्ठी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**नवादा**। पुलिस अधीक्षक अभिनव धीमान की अध्यक्षता में बुधवार को जिला पुलिस कार्यालय में अपराध संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी में जिले की कानून-व्यवस्था की समीक्षा करते हुए अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के त्वरित अनुसंधान, शराब की बरामदगी, फरार अपराधियों की गिरफ्तारी तथा विधि-व्यवस्था के प्रभावी संधारण को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक ने सभी अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों, अंचल निरीक्षकों, थाना प्रभारियों, विभिन्न शाखा प्रभारियों एवं सार्जेंट को आवश्यक दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि प्रत्येक कांड का गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध अनुसंधान सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने विशेष रूप से शराबबंदी



कानून के प्रभावी क्रियान्वयन, नियमित छापेमारी अभियान चलाने, वारंटियों की गिरफ्तारी तथा संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार पुलिस गश्ती बढ़ाने पर जोर दिया।

एसपी ने कहा कि आम जनता की शिकायतों का त्वरित निष्पादन पुलिस की प्राथमिकता होनी चाहिए। उन्होंने सभी पदाधिकारियों को टीम भावना के साथ कार्य करते हुए अपराधियों के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करने और जिले में शांति एवं कानून-व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए।

# जदयू की नई प्रदेश कमेटी के पदाधिकारियों को नालंदा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जनता दल (यूनाइटेड) की बिहार प्रदेश कमेटी के नवमनोनीत पदाधिकारियों को लेकर नालंदा जिला जदयू के कार्यकर्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। प्रदेश कमेटी में रीना यादव को पंचायती राज प्रकोष्ठ का प्रदेश अध्यक्ष, जबकि संजय कांत सिन्हा, अरुण कुमार, गुलरेज अंसारी, राजीव रंजन पटेल, विजय कुमार सिन्हा और रजनीश कुमार सिंह को प्रदेश महासचिव एवं प्रदेश सचिव जैसे महत्वपूर्ण दायित्व सौंपे जाने पर कार्यकर्ताओं ने इसे संगठन के लिए सकारात्मक कदम बताया। जिलाध्यक्ष मो. अरशद समेत पार्टी नेताओं ने कहा कि सभी नवमनोनीत पदाधिकारी लंबे समय से संगठन के लिए समर्पित भाव से कार्य कर रहे हैं। उनके अनुभव और सक्रियता का लाभ पार्टी को मिलेगा तथा नई जिम्मेदारियों के साथ संगठन और अधिक मजबूत होगा। उन्होंने राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह, केंद्रीय राज्य मंत्री रामनाथ ठाकुर, प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा, मंत्री श्रवण कुमार, मंत्री निशांत कुमार, सांसद कौशलेंद्र कुमार सहित पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त किया। बधाई देने वालों में वरिष्ठ नेता राजेंद्र प्रसाद, प्रवक्ता डॉ. धनंजय कुमार देव, रंजीत कुमार, अरविंद कुमार, प्रद्युम्न साव, रविकांत कुमार, अजय चंद्रवंशी, धनंजय कुशवाहा, धर्मवीर राउत, अरविंद पटेल, राकेश प्रसाद, मुकेश सिंह, जयराम सिंह, जनार्दन पंडित, त्रिनयन कुमार, सन्नी पटेल, धीरज पटेल, राहुल कुशवाहा, कुमार मंगलम, रिक्की गुप्ता, सोनू रविदास, इमरान रिजवी, पप्पू खान, रोहेला, संजीत यादव, प्रो. डॉ. वसुंधरा कुमारी, निरंजना गुप्ता, संजय कुशवाहा, सरयुग रविदास, संजय पासवान, विनोद कुमार सिंह, विनय कुमार, मुन्ना कुमार, संजीत पासवान, रजनीश कुमार, अगम कुमार, विकास कुमार, शैलेन्द्र गराई, डॉ. सुनील दत्त, मिंटू चौधरी, राकेश कुमार सहित बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता शामिल रहे।

# राजस्व महाअभियान में तेजी लाने का डीएम का निर्देश

## लंबित मामलों के समयबद्ध निष्पादन पर जोर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिलाधिकारी उदिता सिंह की अध्यक्षता में बुधवार को राजस्व महाअभियान एवं सहयोग पोर्टल से संबंधित मामलों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने राजस्व मामलों के शीघ्र और गुणवत्तापूर्ण निष्पादन पर जोर देते हुए अधिकारियों को अभियान में तेजी लाने का निर्देश दिया।समीक्षा के दौरान डीएम ने कहा कि जिन मामलों में मोशन अथवा परिमार्जन की प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उन्हें बिना विलंब एफआर में परिवर्तित किया जाए। यदि इस दिशा में अपेक्षित प्रगति नहीं हो रही है तो संबंधित पदाधिकारी कार्यों को और अधिक गति दें। उन्होंने मुख्यालय एवं जिला स्तर से सहयोग पोर्टल पर प्राप्त सभी मामलों का निर्धारित समय सीमा के भीतर निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। बैठक में बताया गया कि सहयोग पोर्टल पर प्राप्त लगभग 90 प्रतिशत मामले राजस्व विभाग से जुड़े हैं, जबकि शेष अन्य विभागों से संबंधित हैं। इस पर जिलाधिकारी ने सभी विभागों को निर्देश दिया कि प्रत्येक मामले का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निपटारा किया जाए, ताकि जिले की रैंकिंग और छवि राज्य स्तर पर बेहतर बनी रहे।राजस्व महाअभियान की प्रगति की समीक्षा में हिलसा, सिलाव, बिहारशरीफ और इस्लामपुर अंचलों के कार्यों की जिलाधिकारी ने सराहना की तथा संबंधित अधिकारियों की प्रशंसा की। वहीं जिन अंचलों में अभियान की प्रगति अपेक्षाकृत धीमी है, वहां कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।डीएम ने विशेष रूप से उन अंचलों के भूमि सुधार उप समाहर्ता एवं अंचल अधिकारियों को नियमित निगरानी करने का निर्देश दिया, जहां अभियान की प्रगति 20 प्रतिशत से कम है। उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी निर्धारित लक्ष्य को शीघ्र हासिल करने के लिए प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित करें।

# करंट की चपेट में आने से बालक समेत दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बिहारशरीफ**। जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में बुधवार को करंट लगने से दो लोगों की मौत हो गई। एक घटना सिलाव थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव में हुई, जबकि दूसरी रहुई थाना क्षेत्र के बरांदी गांव में। दोनों हादसों के बाद परिजनों में मातम पसरा है। पुलिस ने शवों का पोस्टमार्टम कराकर परिजनों को सौंप दिया और मामले की जांच शुरू कर दी है।सिलाव थाना क्षेत्र के मिल्कीपर गांव निवासी मोहित धुरी केवट का 11 वर्षीय पुत्र मोहित कुमार किसी काम से गांव के बोरिंग की



ओर जा रहा था। इसी दौरान रास्ते में लगे लकड़ी के बिजली पोल में उतरे करंट की चपेट में आ गया। आसपास के लोगों ने उसे तत्काल सिलाव प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।वहीं, रहुई थाना क्षेत्र के बरांदी गांव निवासी पप्पू ठाकुर का 28 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार घर में काम करने के दौरान करंट की चपेट में आ गया। परिजन उसे इलाज के लिए बिहारशरीफ मॉडल अस्पताल ले गए, लेकिन चिकित्सकों ने उसे भी मृत घोषित कर दिया। दोनों घटनाओं की सूचना मिलते ही सिलाव और रहुई थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने शवों को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं। पुलिस दोनों मामलों की जांच में जुटी है।

## एक नजर

### 23 अपराधी गिरफ्तार, शराब बरामद

**नवादा**। जिले में अपराध नियंत्रण, वाहन जांच एवं मद्य निषेध अभियान के तहत 7 जुलाई 2026 को व्यापक कार्रवाई की गई। इस दौरान विभिन्न थाना क्षेत्रों से कुल 23 लोगों को गिरफ्तार किया गया। इनमें हत्या के प्रयास के एक आरोपी, मद्य निषेध अधिनियम के तहत पांच आरोपी तथा अन्य मामलों में 17 आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेजा गया। अभियान के दौरान पुलिस ने 15.2 लीटर देसी महुआ शराब बरामद की। साथ ही 21 वारंटों का निष्पादन किया गया, जबकि कुर्की की कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिलेभर में चलाए गए वाहन जांच अभियान के दौरान 265 वाहनों की जांच की गई और यातायात नियमों के उल्लंघन पर 52 हजार रुपये का जुर्माना वसूला गया। पुलिस ने कार्रवाई के दौरान दो मोटरसाइकिल, दो मोबाइल फोन, एक लोहे की छेनी, एक अपहृत व्यक्ति तथा 51,470 रुपये नकद भी बरामद किए। पुलिस अधीक्षक ने सभी थाना प्रभारियों को अपराध नियंत्रण, लंबित कांडों के त्वरित निष्पादन, शराब माफियाओं के विरुद्ध सघन अभियान तथा विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए लगातार प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया है।

### डायन बताकर महिला के परिवार पर हमला

**बिहारशरीफ**। चंडी थाना क्षेत्र के सालेपुर गांव में एक महिला को डायन बताकर उसके पूरे परिवार पर लाठी-डंडों से हमला करने का मामला सामने आया है। इस घटना में पति-पत्नी और उनका बच्चा गंभीर रूप से घायल हो गए। आरोप है कि हमलावरों ने पीड़ित परिवार की दुकान में भी तोड़फोड़ कर नुकसान पहुंचाया। सभी घायलों का इलाज अस्पताल में चल रहा है।घायल डोमन देवी ने बताया कि पड़ोसी नीरज कुमार ने उन्हें डायन बताकर अपने परिजनों के साथ हमला किया। उनके अनुसार विवाद की शुरुआत पिछले दीपावली में हुई थी, जब पटाखा छोड़ने के दौरान नीरज कुमार की बेटी की एक आंख घायल हो गई थी। इलाज का खर्च मांगने और पैसे नहीं देने पर उस समय भी विवाद हुआ था। बाद में बीमारी से बच्ची की मौत हो गई, जिसके बाद नीरज कुमार ने उसकी मौत का जिम्मेदार डोमन देवी को ठहराते हुए उन्हें डायन बताना शुरू कर दिया। इसी आरोप को लेकर हुए विवाद में आरोपियों ने लाठी-डंडों से पति-पत्नी की पिटाई कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे उनके बच्चे को भी नहीं बख्शा गया। घटना के बाद पीड़ित परिवार को अस्पताल में भर्ती कराया गया। चंडी थानाध्यक्ष ने बताया कि अभी तक कोई लिखित आवेदन नहीं मिला है।

### ढोल-बाजे के साथ चिपकाया इश्तेहार

**नगरनौसा**। नगरनौसा थाना कांड संख्या 96/26 के फरार आरोपी मणिशंकर कुमार को न्यायालय में उपस्थित होने को लेकर बुधवार के दिन नगरनौसा पुलिस ढोल-बाजे के साथ आरोपी के घर के मुख्य दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया। थानाध्यक्ष शशिरंजन कुमार मिश्रा ने बताया कि थाना क्षेत्र के अख्तियारपुर गांव निवासी आरोपित मणिशंकर कुमार को न्यायालय में उपस्थित होने को लेकर ढोल-बाजे के साथ आरोपी के घर के मुख्य दरवाजे पर इश्तेहार चिपकाया गया है।अगर आरोपी समय सीमा के अंदर न्यायालय में उपस्थित नहीं होते हैं तो आगे उनके ऊपर कुर्की ज़ब्ती की करवाई हो सकती हैं।

### 136 बिना टिकट/अनियमित टिकट यात्री पकड़े गए

**नवादा**। पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल उचित टिकट/प्राधिकार के साथ यात्रा करने वाले रेल यात्रियों की सुविधा को लेकर निरंतर सजग व कार्यरत है। इस संबंध में बिना टिकट/उचित प्राधिकार के रेल यात्रा करने के विरुद्ध दानापुर मंडल में निरंतर टिकट चेकिंग कार्य सघनतापूर्वक कराया जा रहा है। इसी क्रम में मंगलवार को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक दानापुर के निर्देशनुसार दानापुर मंडल के किऊल-गया रेलखंड के किऊल एवं नवादा स्टेशनों पर वाणिज्य विभाग एवं आरपीएफ की एक विशेष टिकट चेकिंग टीम बनाकर एक विशेष टिकट चेकिंग स्पेशल ट्रेन (लाल गाडी) के साथ एक सघन टिकट जाँच अभियान चलाया गया। इस दौरान किऊल एवं नवादा स्टेशनों पर ट्रेन संख्या 13334, 19604, 13024, 13023, 63322, 63356 एवं 03697 को प्रमुखता से चेक किया गया। इस विशेष लाल गाडी टिकट चेकिंग अभियान में 136 बिना टिकट/अनियमित टिकट वाले यात्रियों से जुर्माने के रूप में 114513/- रुपए रेल राजस्व अर्जित किया गया। इस विशेष टिकट चेकिंग अभियान के परिणामस्वरूप किऊल-गया रेलखंड के सभी स्टेशनो के टिकट काउंटरों पर यात्रियों की बढी हुई भीड़ देखी गई और यात्री उचित टिकट लेकर रेल यात्रा करने के प्रति जागरूक हुए हैं।

### सड़क हादसे में छात्र की मौत, ट्रक चालक पर प्राथमिकी दर्ज करने की मांग

**नारदीगंज (नवादा)**। थाना क्षेत्र के बलवापर गांव निवासी 21 वर्षीय प्रियांशु राज की सड़क हादसे में मौत के बाद परिजनों और ग्रामीणों ने ट्रक चालक के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। बुधवार दोपहर मृतक की मां अनिता कुमारी ने नारदीगंज थाना में आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की। आवेदन में बताया गया है कि 7 जुलाई 2026 को दोपहर करीब दो बजे प्रियांशु राज अपने मित्र सोनू कुमार के साथ बाइक से गोपी पेट्रोल पंप पर पेट्रोल भरवाने जा रहा था। इसी दौरान हाईवे पर उसकी मुलाकात अपने मंझले भाई निरंजन कुमार से हुई। दोनों सड़क किनारे रुककर बातचीत कर रहे थे। तभी हिसुआ की ओर से तेज रफ्तार और लापरवाही से आ रहे एक ट्रक ने पीछे से टक्कर मार दी। हादसे में तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से सभी घायलों को सरकारी अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद प्रियांशु राज को मृत घोषित कर दिया। वहीं, सोनू कुमार और निरंजन कुमार को बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल रेफर किया गया। थाना पहुंचे पूर्व मुखिया संजय कुमार, जदयू प्रखंड अध्यक्ष जयराम प्रसाद कुशवाहा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने घटना पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ट्रक चालक की शीघ्र गिरफ्तारी और कानूनी कार्रवाई की मांग की।

### विधिक जागरूकता प्रचार वाहन रवाना

**नवादा**। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार, नई दिल्ली एवं बिहार राज्य विधिक सेवा प्राधिकार, पटना तथा विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा, आशुतोष कुमार झा एवं सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, नवादा, अरविंद कुमार के मार्गदर्शन में दिनांक 18 जुलाई 2026 को आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत, जिसमें वादों का निष्पादन किया जाएगा, के संबंध में विधिक जागरूकता प्रचार वाहन व्यवहार न्यायालय, नवादा के मुख्य द्वार से शहर के विभिन्न चौक-चौराहों तक भ्रमण के लिए प्रस्थान किया गया। इस प्रचार वाहन को विद्वान प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, नवादा द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस मौके पर नवादा न्याय मंडल के न्यायिक पदाधिकारी एवं व्यवहार न्यायालय के तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारीगण उपस्थित हुए।

# दिग्गी तालाब के सौंदर्यीकरण पर 3.35 करोड़ खर्च होंगे : डॉ प्रेम कुमार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को नगर निगम के अधिकारियों के साथ गया शहर में संचालित विभिन्न विकास योजनाओं की समीक्षा की और संबंधित स्थलों का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया। उन्होंने सभी परियोजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर उच्च गुणवत्ता के साथ पूरा करने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने बताया कि नेशनल क्लीन एयर प्रोग्राम के तहत लगभग 3 करोड़ 35 लाख रुपये की लागत से दिग्गी तालाब का सौंदर्यीकरण कराया जा रहा है। परियोजना का उद्देश्य दिग्गी तालाब को शहर के प्रमुख पर्यटन, पर्यावरण और जनसुविधा केंद्र के रूप में विकसित करना है। उन्होंने बताया कि योजना के अंतर्गत व्यापक लैंडस्केपिंग और पौधारोपण, 15 अर्धवृत्ताकार बैठने की व्यवस्था, शौचालय का जीर्णोद्धार, मुख्य प्रवेश द्वार (गेट-1 और गेट-2) का निर्माण, नए गार्ड रूम का निर्माण, आकर्षक पाथवे, हाफ-वे डेक स्लैब, डस्टबिन, म्यूरल पेंटिंग, सीढ़ियां, टेंसाइल शेड, रेस्टोरेंट का नवीनीकरण, शुद्ध पेयजल की व्यवस्था, नई बाउंड्री वॉल, पुरानी बाउंड्री वॉल का सुधार, गज़ेबो, पैदल पुल और सजावटी प्रकाश व्यवस्था विकसित की जाएगी।

उन्होंने कहा कि दिग्गी तालाब केवल सौंदर्यीकरण की परियोजना नहीं, बल्कि स्वच्छ वातावरण, मनोरंजन, भ्रमण, मॉर्निंग और इवनिंग वॉक तथा सामाजिक गतिविधियों का प्रमुख केंद्र बनेगा। इससे गया की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक पहचान को भी मजबूती मिलेगी तथा पर्यटकों की संख्या बढ़ेगी। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने निर्माण कार्य की गुणवत्ता, स्वच्छता, हरित क्षेत्र के विकास और नागरिक सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उन्होंने खरखुरा मोहल्ला के वार्ड संख्या-1 स्थित दो अतिरिक्त तालाबों का भी निरीक्षण कर कार्य में तेजी लाने को कहा। इस दौरान प्रेम सागर, सूरज राणा, राजनंदन गांधी, बंटी वर्मा, निर्मला देवी, देवानंद पासवान, गौतम कुमार, ऋषभ राज, अमित पासवान, मनोज पासवान, राजू कुमार, धर्मेंद्र कुमार, शिवा मांझी, जितेंद्र कुमार, राजकुमार सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## पितृपक्ष मेला 2026 के सफल, स्वच्छ एवं श्रद्धालु-अनुकूल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने की व्यापक तैयारियां प्रारंभ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**गया।** पितृपक्ष मेला 2026 के सफल, स्वच्छ एवं श्रद्धालु-अनुकूल आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने व्यापक तैयारियां प्रारंभ कर दी है। आगामी 25 सितंबर से 10 अक्टूबर 2026 तक आयोजित होने वाले इस धार्मिक आयोजन के सफल संचालन के लिए विभिन्न विभागों के अधिकारियों को दायित्व सौंपते हुए 21 कोषांगों का गठन किया गया है। प्रत्येक कोषांग के लिए वरीय नोडल पदाधिकारी, नोडल पदाधिकारी एवं सदस्य नामित किए गए हैं जिन्हें समयबद्ध कार्ययोजना बनाकर सभी तैयारियां निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण करने का निर्देश दिया गया है। यह व्यवस्था श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ संपूर्ण मेला क्षेत्र में प्रभावी समन्वय एवं सुचारु प्रशासनिक व्यवस्था सुनिश्चित करेगी। पितृपक्ष मेला में देश-विदेश से लाखों श्रद्धालु एवं पिंडदानी अपने पूर्वजों के निमित्त पिंडदान, तर्पण एवं श्राद्ध कर्म संपन्न करने गया पहुंचते हैं। श्रद्धालुओं की बढ़ती संख्या को देखते हुए इस वर्ष प्रशासन ने आवासन, स्वच्छता, पेयजल, स्वास्थ्य, विद्युत, यातायात, सुरक्षा, सूचना प्रबंधन, प्रचार-प्रसार, आपदा प्रबंधन सहित सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को और अधिक सुदृढ़ एवं व्यवस्थित बनाने का निर्णय लिया है। जिला पदाधिकारी गया शशांक शुभंकर ने जिला परिषद सभागार में सभी कोषांग के पदाधिकारियों एवं कोषांग में नामित समाजसेवियों के साथ आज पहली बैठक कर पूर्व वर्ष की अपेक्षा इस वर्ष पितृपक्ष मेला को और कैसे बेहतर बनाया जाए, इसपर विचार विमर्श करते हुए सभी से सुझाव प्राप्त किये गए। उन्होंने कहा कि पिछले वर्ष सभी पंडा पुरोहित गण, सभी समाजसेवी गण, सभी पदाधिकारियों के सहयोग से सफलतापूर्वक पितृपक्ष मेला सम्पन्न हुआ है। उन्होंने सभी को ध्यानवाद भी दिया है। पिछले वर्ष गया जी डैम में प्रवाहित पूजन सामग्रियों को नाव के माध्यम से पानी की सफाई की गयी थी, इसका अच्छा इम्पेक्ट पड़ा था, इसके अलावा लेजर शो के माध्यम से पिंडदान के महत्तव को प्रसारित करवाया गया था।

## अवैध हथियार व कारतूस के साथ एक गिरफ्तार



**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**टिकारी।** पंचानपुर थाना की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। पंचानपुर एसएचओ पद्माकर उपाध्याय ने बताया कि गिरफ्तार आरोपी की पहचान थाना क्षेत्र के करहरा ग्राम निवासी उदय यादव के पुत्र संटू कुमार के रूप में हुई है। श्री उपाध्याय ने बताया कि पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि आरोपी अपने घर में अवैध हथियार रखे हुए है। सूचना के सत्यापन के बाद पंचानपुर थाना की पुलिस ने छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। तलाशी के दौरान उसके पास से एक देशी कट्टा व छह जिंदा कारतूस बरामद किए गए। पुलिस ने बरामद हथियार व कारतूस को जब्त कर आरोपी के विरुद्ध आर्म्स एक्ट के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी है। साथ ही यह भी जांच की जा रही है कि आरोपी का किसी आपराधिक गिरोह या अन्य आपराधिक घटनाओं से कोई संबंध है या नहीं।

## आधुनिक सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित होगा गया संग्रहालय: डॉ. प्रेम कुमार

### दीर्घाओं के जीर्णोद्धार और सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार पर जोर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**गया।** बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार ने बुधवार को गया संग्रहालय का विस्तृत निरीक्षण कर इसके संरक्षण, आधुनिकीकरण और सांस्कृतिक गतिविधियों के विस्तार को लेकर कई महत्वपूर्ण निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान नवनियुक्त सहायक संग्रहालयाध्यक्ष डॉ. अमित रंजन ने संग्रहालय की वर्तमान स्थिति, उपलब्धियों और भावी योजनाओं की जानकारी दी तथा तेलहाड़ा उत्खनन प्रतिवेदन उन्हें सौंपा। निरीक्षण के दौरान डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि गया संग्रहालय बिहार, विशेषकर मगध की ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पुरातात्विक विरासत का महत्वपूर्ण केंद्र है। उन्होंने संग्रहालय की सभी दीर्घाओं का जीर्णोद्धार कर उन्हें आधुनिक और आकर्षक स्वरूप में पुनः विकसित करने का निर्देश दिया, ताकि देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों, शोधार्थियों और विद्यार्थियों को मगध की समृद्ध विरासत की बेहतर जानकारी मिल सके। उन्होंने संस्कार दीर्घा, अस्त्र-शस्त्र दीर्घा सहित अन्य महत्वपूर्ण दीर्घाओं को पुनः स्थापित करने, संग्रहालय परिसर की मरम्मत, सौंदर्यीकरण तथा आधुनिक तकनीकों के माध्यम से प्रदर्शनों को अधिक प्रभावी बनाने पर बल दिया। साथ ही संग्रहालय परिसर के बाहर हुए अतिक्रमण को हटाने और आसपास फैले कूड़े-कचरे के समुचित निस्तारण के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई करने का निर्देश दिया। डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि संग्रहालय केवल प्राचीन धरोहरों का प्रदर्शन स्थल नहीं, बल्कि एक जीवंत सांस्कृतिक केंद्र होना चाहिए। उन्होंने मगध की सांस्कृतिक परंपराओं को बढ़ावा देने के लिए रंगमंच, लोकनृत्य, नृत्य-नाटिका, गायन, वादन, किलकारी और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का नियमित आयोजन करने की आवश्यकता बताई, ताकि नई पीढ़ी अपनी सांस्कृतिक विरासत से जुड़ सके। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निकट भविष्य में विस्तृत कार्ययोजना और सुझावों के साथ बैठक आयोजित करने का निर्देश देते हुए कहा कि गया संग्रहालय को राष्ट्रीय स्तर का आधुनिक और जनोपयोगी सांस्कृतिक संस्थान बनाने की दिशा में सभी आवश्यक कदम उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान प्रेम सागर, राजनंदन गांधी, सूरज राणा, बंटी वर्मा, शेखर सुमन, ऋषभ राज, निर्मला देवी, धीरेंद्र कुमार, गौतम, जितेंद्र कुमार, राजकुमार तथा संग्रहालय के अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

## शेरघाटी में रंगदारी नहीं देने पर व्यापारी पर जानलेवा हमला करने का आरोप, थाने में शिकायत

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी (गया)।** शेरघाटी थाना क्षेत्र के खंडैल गांव के एक व्यापारी ने रंगदारी नहीं देने पर उसके साथ मारपीट और जानलेवा हमला किए जाने का आरोप लगाते हुए थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई है। आवेदन के अनुसार खंडैल निवासी रुस्तम खां ने बताया है कि वह गल्ला व्यवसाय करते हैं और उनकी दुकान मेन रोड किनारे स्थित है जहां बड़े और छोटे वाहनों से माल की लोडिंग एवं अनलोडिंग होती है। पीड़ित का आरोप है कि बुधवार सुबह करीब 8 बजे गांव के तीन लोग उनकी दुकान पर पहुंचे और प्रति गाड़ी 2,000 रुपये रंगदारी की मांग की। आरोप है कि रुपये देने से इनकार करने पर तीनों ने गाली-गलौज शुरू कर दी और अपने साथ लाए लोहे की रॉड व धारदार हथियार से हमला कर दिया। हमले में उनके सिर पर गंभीर चोट लगी जिससे वह घायल होकर गिर पड़े। घायल व्यापारी ने बताया कि शोर सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे जिसके बाद उन्हें इलाज के लिए शेरघाटी अनुमंडलीय अस्पताल ले जाया गया। आवेदन के साथ चिकित्सकीय रिपोर्ट की प्रति भी संलग्न करने की बात कही गई है।

पीड़ित ने यह भी आरोप लगाया है कि उक्त लोग पहले भी रंगदारी की मांग कर चुके थे और लगातार उन्हें परेशान कर रहे थे। उन्होंने पुलिस से मामले की निष्पक्ष जांच कर आरोपियों के विरुद्ध कानूनी कार्रवाई तथा जान-माल की सुरक्षा की मांग की है। फिलहाल पुलिस को लिखित आवेदन सौंप दिया गया है। मामले में पुलिस की ओर से जांच के बाद आगे की कार्रवाई किए जाने की बात कही जा रही है।


**कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, झारखण्ड, रांची**
**कार्यालय, जिला उद्यान पदाधिकारी, पलामू**
**Email Id-dhopalamau@gmail.com**

**आम सूचना**

विभागीय राज्यादेश सं0–16 दिनांक 10.06.2026 के आलोक में वित्तीय वर्ष–2026–27 में उद्यान विकास की योजना अन्तर्गत उपयोजना ''मधुमक्खी पालन की योजना'' के तहत् प्राप्त भौतिक लक्ष्य के अनुसार पलामू जिला के लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला कृषकों से आवेदन की माँग की जाती है। मधुमक्खी पालन योजना अन्तर्गत मधुमक्खी बक्सा 20 इकाई एवं 20 इकाई मधुमक्खी छत्ता तथा एक मधु प्रोसेसिंग इकाई प्रति लाभुक दिया जायेगा साथ ही कृषकों को मधुमक्खी पालन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जायेगा। इस योजना का कार्यान्वियन 80 प्रतिशत सरकारी अनुदान एवं 20 प्रतिशत कृषक अंशदान पर किया जायेगा। **दिनांक–27.07.2026** तक जिला उद्यान कार्यालय, पलामू में आवेदन जमा कर सकते हैं। कार्य विवरणी निम्न प्रकार हैः–

| क्र0 सं0 | अवयव | प्राप्त भौतिक लक्ष्य (इकाई / संख्या) |
|---|---|---|
| 1 | मधुमक्खी बक्सा | 740 |
| 2 | मधुमक्खी छता | 740 |
| 3 | मधु प्रोसेसिंग इकाई | 37 |
| 4 | प्रषिक्षण (तीन दिवसीय) | 37 लाभुकों को |

नोटः–
1. ST, SC तथा लघु एवं सीमांत कृषक, कृषक समूह, महिला स्वयं सहायता समूह, कृषक उत्पादक समूह को प्राथमिकता दी जायेगी।
2. अपूर्ण आवेदन स्वतः रद्द समझा जायेगा।
3. आवेदन स्थानीय माननीय जनप्रतिनिधि / पंचायत प्रतिनिधि के द्वारा सत्यापित होना आवश्यक है।
4. योजना के संदर्भ में विशेष जानकारी एवं आवेदन प्रपत्र की प्राप्ति हेतु जिला उद्यान कार्यालय, पलामू से सम्पर्क किया जा सकता है।

जिला उद्यान पदाधिकारी
पलामू

PR 384436 District(26-27)#D


## रास्ता विवाद : डीसीएलआर और सीओ ने किया स्थल निरीक्षण, कहा मापी रिपोर्ट के बाद होगी कार्रवाई

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**



**कोंच।** असलेमपुर पंचायत के सिंघड़ा मठिया गांव में रास्ता विवाद की जांच के लिए बुधवार को डीसीएलआर टिकारी अमित विक्रम वैनामी और अंचलाधिकारी मुकेश कुमार मौके पर पहुंचे। आवेदनकर्ता बृज नोनिया के आवेदन पर अधिकारियों ने विवादित स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान दोनों पक्षों की बात सुनी गई और ग्रामीणों से भी जानकारी ली गई। अधिकारियों ने विवादित रास्ते का बारीकी से अवलोकन कर संबंधित राजस्व अभिलेखों की भी समीक्षा की। डीसीएलआर अमित विक्रम वैनामी ने बताया कि विवादित भूमि की सरकारी अमीन से मापी कराई जा चुकी है। मापी रिपोर्ट मिलने के बाद राजस्व अभिलेखों और स्थल की स्थिति के आधार पर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि किसी के साथ अन्याय नहीं होगा और मामला विधि सम्मत ढंग से निपटाया जाएगा। वहीं अंचलाधिकारी मुकेश कुमार ने दोनों पक्षों से शांति बनाए रखने की अपील की। उन्होंने कहा कि अफवाहों पर ध्यान न दें। प्रशासन कानून के अनुसार ही निर्णय लेगा। निरीक्षण के दौरान स्थानीय ग्रामीण, दोनों पक्ष के लोग और राजस्व कर्मी मुकेश कुमार मौजूद थे। अधिकारियों के आने से ग्रामीणों को उम्मीद है कि लंबे समय से चला आ रहा विवाद अब सुलझ जाएगा।

## मगध विश्वविद्यालय: प्रो. वासुदेव प्रसाद बने इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज (विज्ञान), ग्रहण किया पदभार

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**बोधगया।** मगध विश्वविद्यालय प्रशासन ने भूगोल विभाग के अध्यक्ष प्रो. वासुदेव प्रसाद को नई और अहम जिम्मेदारी सौंपते हुए उन्हें 'इंस्पेक्टर ऑफ कॉलेज (विज्ञान)' के पद पर नियुक्त किया है। बुधवार को प्रो. प्रसाद ने आधिकारिक तौर पर अपने नए पद का कार्यभार विधिवत रूप से ग्रहण कर लिया। उनकी इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर विश्वविद्यालय के सभी संकायाध्यक्षों, विभागाध्यक्षों और शिक्षकगणों ने हर्ष व्यक्त करते हुए उन्हें ढेरों बधाइयां एवं उनके सफल कार्यकाल के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।


**AFFIDAVIT**

| Vinod Kumar S/o Sri Nathuni Ram R/o At Present.- Pali Road, Dehri on Sone, P.O.-Dehri, P.S.-Dehri, Distt.- Rohtas (Bihar) Pin Code.-821307, Permanent Address.-Danapur Patna, P.O+P.S.-Danapur, Dist.-Patna, (Bihar) Pin Code.-801503 do here by solemnly affirm and declare as follow:-

1. That Anjana Kumari is my Wife.
2. That Jigisha is my Daughter who has passed the Xth examination in year 2026. Whose registration no 1267226/183 and Roall no is 8880270.
3. That my child's Mother's name is mentioned in the Admit Card/Records as "ANJANA" where as her correct name in all official documents is "ANJANA KUMARI".
4. That I request to concern authority to rectify my wife's name in mark sheet and all related records of my child Jigisha from "ANJANA" to "ANJANA KUMARI".
5. That the above statements are true and correct to the best of my knowledge and belief.

Affidavit Nio..11816 Date:- 08.07 -26.

**Deponent**
**Vinod Kumar**



**पूर्व रेलवे**

**एनआईटी सं.:** 139_2026-27 और 169_2026-27, **दिनांक** 06.07.2026, मंडल रेल प्रबंधक, हावड़ा, पूर्व रेलवे, नई डीआरएम बिल्डिंग, रेल म्यूजियम के पास, हावड़ा–711101 (**वरिष्ठ डीईएन/ 1/हावड़ा** के क्षेत्रधिकार हेतु) द्वारा निम्नलिखित कार्यों के लिए सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/ एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम से पंजीकृत समेत समप्रकृति के कार्य के अनुभवी एवं अपेक्षित वित्तीय संपन्न निविदाकारों से निम्नलिखित ई–निविदा ऑनलाइन आमंत्रित की जाती हैः **क्रम सं.1, एनआईटी सं.:** 139_2026-27, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में एईएन/लिलुआ के अधीन बेलुड़, बाली (हावड़ा छोर पर), उत्तरपाड़ा, हिंद मोटर, कोन्नगर, सेवड़ाफुली से फुट ओवरब्रिज (एफओबी) का सुदृढ़ीकरण एवं मरम्मत। **अनुमानित मूल्य :** रु. 1,13,86,941.57, **बयाना राशिः** रु. 2,27,700/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 06 (छह) माह। **क्रम सं.2, एनआईटी सं.:** 169_2026-27, **कार्य का विवरण** : वरिष्ठ डीईएन/1/हावड़ा के कार्यक्षेत्र में निम्नलिखित स्थानों पर सेस मरम्मत कार्य हावड़ा–बाली कॉर्डः डाउन कॉर्ड 9.470–10.000=668 घनमी, अप कॉर्ड 4.090–4.570=608 घनमी, 5.100 - 5.980 =1349 घनमी, 7.000–8.000=1575 घनमी, 9.000–10.000=1680 घनमी, हावड़ा–बाली डीजल इनकमिंग लाइन 0.750–1.150=635 घनमी, डीजल शेड इंजन बहार लाइन 0–0.488 =956 घनमी, डाउन 7.000–8.000=1610 घनमी, रिसीविंग लाइन 10–0.784 = 1435 घनमी, अप एवीडीजी लाइन 2.150–2.750= 1377 घनमी बाली–बैण्डेलः डाउन 10.000 –14.000=4410 घनमी, अप 10.000–12.000 =2100 घनमी, 16.000–19.000=4410 घनमी, सेवड़ाफुली–गोघाटः डाउन 13.500–17.650=20750 घनमी, 13.728–14.875=5162 घनमी, एसएल 38.500–38.563 = 284 घनमी, 39.033–41.366=10500 घनमी, 41.895–47.514 =20800 घनमी, 48.150–48.324=783 घनमी, 51.548–58.610=31780 घनमी, 60.194–62.031=9100 घनमी, 62.493–62.790=1470 घनमी, 62.830–63.230 =1980 घनमी, 63.500–64.100 = 2970 घनमी, 64.180–64,600=2079 घनमी, 64.800–68.550=18560 घनमी, अप 4.472 –4.786=848 घनमी, 13.500–17.650= 20750 घनमी, बैण्डेल–शक्तिगढ़ः डाउन 56.000 –58.000=9772 घनमी, 67.500–69.000 =7500 घनमी, 73.000 - 73.800 = 4000 घनमी, 79.320–80.690=6703 घनमी, 82.530–84.370=8110 घनमी, 84.780–87.000=11100 घनमी, 88.795 - 90.800 = 9641 घनमी, अप 57.165–58.720=5738 घनमी, 59.430–59.640=794 घनमी, 61.635 –62.550=3459 घनमी, 73.160–74.210 = 3875 घनमी, 82.790–83.265=1838 घनमी, 88.160–88.530=1499 घनमी। **अनुमानित मूल्य :** रु. 8,01,00,134.23, **बयाना राशिः** रु. 16,02,000/–, **निविदा प्रपत्र का मूल्य :** शून्य। **समापन अवधि :** 12 (बारह) माह। यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित अंतिम तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा की अंतिम तिथि नहीं बदली जाएगी क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट में किया गया आवेदन, निविदा की अंतिम तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। तथापि निविदाओं का ऑनलाइन खोला जाना अगले कार्यदिवस में किया जाएगा। **निविदा की अंतिम तिथि और समय** : दिनांक 27.07.2026 को 14.00 बजे। निविदा का विवरण वेबसाइट : **www.ireps. gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध किया जाता है कि अपने प्रस्ताव को उपर्युक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। **ईएमडी और टीडीसी का भुगतान**–ई–निविदा प्रणाली के मामले में, बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा कागजात की लागत (टीडीसी) का भुगतान, केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। कोई मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार्य नहीं होगा।

HWH-200/2026-27

**निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है**

**हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @ easternrailwayheadquarter**


## शेरघाटी में विकास कार्यों को मिली रफ्तार

### 76 योजनाओं का टेंडर पूरा, बस स्टैंड, पार्क और नाला निर्माण जारी

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**शेरघाटी।** नगर परिषद शेरघाटी शहर के समग्र विकास को लेकर लगातार सक्रिय है। शहर में आधारभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के उद्देश्य से बस स्टैंड, नाला, पार्क, सार्वजनिक शौचालय और यात्री शेड जैसी कई महत्वपूर्ण परियोजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है। इसके साथ ही नगर परिषद ने 76 नई विकास योजनाओं का टेंडर पूरा कर लिया है जिन पर जल्द ही निर्माण कार्य शुरू होने की उम्मीद है। नगर कार्यपालक पदाधिकारी ऋचा प्रियदर्शिनी ने बताया कि नगर क्षेत्र में नाली-गली निर्माण, पार्कों का विकास तथा अन्य जनसुविधाओं से जुड़ी योजनाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिन योजनाओं की टेंडर प्रक्रिया पूरी हो चुकी है, उनका कार्य शीघ्र प्रारंभ कराया जाएगा ताकि लोगों को समय पर सुविधाओं का लाभ मिल सके। मुख्य पार्षद गीता देवी के पुत्र पवन किशोर ने बताया कि नगर परिषद का लक्ष्य शेरघाटी को स्वच्छ, सुंदर और आधुनिक सुविधाओं से युक्त शहर के रूप में विकसित करना है। इसी कड़ी में शहर में नए बस स्टैंड का निर्माण कार्य जारी है। बस स्टैंड परिसर में यात्रियों की सुविधा के लिए आधुनिक यात्री शेड भी बनाए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि नूतन नगर और शेखपुरा में नाला निर्माण का कार्य तेजी से चल रहा है जबकि एक अन्य बड़े नाले के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी कर ली गई है। नगर क्षेत्र में वर्तमान में दो सार्वजनिक शौचालय संचालित हैं तथा छह नए सार्वजनिक शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। इसके अलावा एक पार्क का निर्माण प्रगति पर है और वार्ड संख्या-5 में एक नए पार्क के निर्माण के लिए भी टेंडर जारी किया गया है। शहर के विभिन्न स्थानों पर आठ यात्री शेड भी बनाए जा रहे हैं। नगर परिषद का दावा है कि सभी विकास योजनाओं को निर्धारित समय सीमा के भीतर पूरा करने का प्रयास किया जा रहा है जिससे शहर की आधारभूत सुविधाएं मजबूत होंगी और नागरिकों को बेहतर एवं आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हो सकेंगी।

## बारिश की चंद बूंदों ने खोल दिया बिजली विभाग का राज

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**गुरारू।** गुरारू प्रखण्ड क्षेत्र में बरसात शुरू होने के पूर्व ही वारिश के चंद बूंदों ने ही बिजली विभाग द्वारा मेंटेनेंस के नाम पर पूर्व में घंटों-घंटों बिजली काटने का राज खोल दिया है। हल्की बारिश होते ही घंटों कट जाती है बिजली। गौरतलब है कि गुरारू पावर सब स्टेशन में तीन ओर से वर्तमान में बिजली आती है। एक ओल्ड 33 के वी रफिगंज से गुरारू। दुसरा रफीगंज से ही स्पेशल 33 के वी बिआडा के लिए। तीसरा टेकारी से गुरारू भाया परैया 33 के वी लाइन। यह कि इतनी व्यवस्था के बावजूद भी हल्की वारिश होते हीं बिजली घंटों कट जाती है। इस संबंध में जब कनीय अभियंता संजय चौधरी से पूछा गया कि आपने पिछले साल बताया था कि अगले वर्ष गुरारू प्रखण्ड बिजली के क्षेत्र में आत्मनिर्भर हो जाएगा। गुरारू पावर सब स्टेशन को तीन तरह से विद्युत प्राप्त होगा तो फिर पुरानी ही परेशानी क्यों? इन्होंने बताया कि गुरारू को तीनों ओर से विद्युत प्राप्त हो रहा है परन्तु पानी पड़ने और बिजली कड़कने से इंसुलेटर पिन और डिस्क जो चीनी मिट्टी का बना होता है पंचर हो जाता है जिसके कारण बिजली बाधित हो जाती है। यह पूछे जाने पर कि इसका स्थायी निदान क्या है। बताया कि चीनी मिट्टी के इंसुलेटरों के स्थान पर फाइबर का इंसुलेटर लगना।


**न्यायालय भूमि सुधार उपसमाहर्त्ता, रंका**

**प्रेस विज्ञप्ति**

भूमि सुधार उपसमाहर्ता, रंका न्यायालय में प्राप्त भूमि बिक्री अनुमति वाद सं0– 148/2019 विक्रेता– राजेश्वर सिंह पिता– ब्रहमदेव सिंह जाति– खरवार (अनुसूचित जनजाति) ग्राम– चपकली, पो0– रमकण्डा, थाना– भण्डरिया, जिला– गढ़वा तथा क्रेता– रामधनी सिंह पिता– स्व0 लल्लु सिंह जाति– खरवार (अनुसूचित जनजाति) ग्राम– बिजका, पो0– रमकण्डा, थाना– भण्डरिया, जिला– गढ़वा द्वारा छोटा नागपुर काश्तकारी अधिनियम की धारा 46(1)(A)के अन्तर्गत मौजा– बिजका, के खाता सं0– 40 प्लॉट सं0– 1369 रकबा– 0.21 ए0 एवं खाता सं0– 40 प्लॉट सं0– 1210 रकबा– 0.36 ए0 कुल रकबा– 0.57 ए0 के लिए अनुमति अपील वाद समर्पित किया गया है। उक्त वाद से संबंधित किसी भी व्यक्ति को कोई आपति हो तो 15 दिनों के अन्दर आवश्यक कागजात के साथ न्यायालय में उपस्थित होना सुनिश्चित करेंगे।

भूमि सुधार उपसमाहर्ता,
रंका।

PR 384422 (Land Reforms) 26-27 (D)

संपादकीय

## तीजनबाई : जाना विलक्षण कलाकार का

प्रख्यात पंडवानी गायिका तीजनबाई का जाना पंडवानी जैसी छत्तीसगढ़ की लोककला को बुलंदी पर ले जाने वाली असाधारण कलाकार का जाना है। नागरी समाज के लिए अल्पज्ञात इस कला को प्रतिष्ठा दिलाने के लिए कला जगत उनका हमेशा ऋणी रहेगा। पद्मविभूषण और मानद डॉक्टरेट से सम्मानित तीजनबाई ने एम्स रायपुर में लंबी बीमारी के बाद अंतिम सांस ली। वे 70 वर्ष की थीं। तीजनबाई उस पारधी समाज से आती थीं, जिसे अंग्रेजों ने जरायमपेशा जाति घोषित कर रखा था। पंडवानी गायन उन्होंने अपने दादाजी से सीखा। उनका जन्म भिलाई के गनियारी गांव में हुआ था। उन्होंने बचपन से ही पंडवानी गायन शुरू कर दिया था। यूं पंडवानी गायक और भी रहे हैं, लेकिन तीजनबाई ने महाभारत की कथाओं को अपनी दमदार आवाज, अभिनय और अनूठी प्रस्तुति के साथ मंच पर जीवंत कर लोक कला को अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाई। अपने लंबे कलात्मक सफ़र में उन्होंने देश और विदेश में अनेक प्रस्तुतियां दीं। लोक कला में उनके अनूठे योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री, पद्म भूषण और देश के दूसरे सर्वोच्च नागरिक सम्मान पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया था। चूंकि उनका जन्म छत्तीसगढ़ के पाटन अटारी गांव में आठ अगस्त 1956 को लोकपर्व तीज के दिन हुआ था, इसलिए माता-पिता ने उनका नाम 'तीजन' रख दिया। तीजन की मां का नाम सुखवती देवी और उनके पिता का नाम हुनुकलाल पारधी था। तीजन अपने माता-पिता की पहली संतान थीं। उनका बचपन गंभीर अभाव में गुज़रा। पशु-पक्षियों के कलरव, माँ के लोकगीत और पिता के बांसुरी वादन ने नन्हीं तीजन बाई को प्रभावित किया। एक दिन उन्होंने अपने वृद्ध नाना को पंडवानी गाते हुए सुना तो वह मंत्रमुग्ध हो गईं। उसी समय उन्होंने पंडवानी सीखने का फ़ैसला कर लिया। हालांकि तीजनबाई उस पारधी समुदाय से थीं, जो जंगल में शिकार करके तथा पशु-पक्षियों को पकड़कर बेचने का काम करता है। लेकिन तीजनबाई ने शिकार के बजाए सृजन का रास्ता चुना। अपने शिकारी माहौल से निकल कर तीजन बाई ने पंडवानी के ज़रिए दुनियाभर में अपनी पहचान कायम की। वो कहा करती थीं कि मैं महाभारत करती नहीं, महाभारत की कथा सुनाती हूं। तीजन बाई ने 13 साल की उम्र में मंच पर अपनी पहली प्रस्तुति दी थी। हालांकि इसी वजह से उनकी शादी भी टूट गई। लेकिन तीजनबाई ने इसकी चिंता नहीं की, वो कला के पथ पर आगे बढ़ती गईं। दरअसल छत्तीसगढ़ की पारधी और देवार जैसी आदिवासी जातियां 'पंडवानी' का गायन करती हैं। इसमें सबल सिंह चौहान के द्वारा रचित महाभारत को आधार बनाकर पांडवों की कथा का गायन, अभिनय के साथ होता है। पंडवानी में एक मुख्य कलाकार होता है जो महाभारत की कथा सुनाता है और प्रसंग के हिसाब से कथा गायन के दौरान आने वाले पात्रों का अभिनय भी करता है। मुख्य कलाकार के साथ पांच से छह साथी कलाकारों की मंडली और एक रागी होता है जो हुंकार लगाता है, सवाल पूछता है और ज़रूरत के हिसाब से बीच-बीच में मुख्य कलाकार के साथ गाता भी है। तीजनबाई पंडवानी गायन की कापालिक शैली में गाती थी। वो छग की पहली महिला कलाकार थीं, जिन्हें पद्मविभूषण से सम्मानित किया गया था।

धारावाहिक 'भारत एक खोज' में महाभारत प्रसंग के लिए आमंत्रित किया। इस तरह तीजन बाई की कला घर-घर तक पहुंची। उनकी प्रतिभा को देखते हुए भिलाई स्टील प्लांट ने उन्हें साल 1986 में नौकरी दी। उन्हें कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय पुरस्कार मिले। खास बात यह है कि तीजनबाई स्वयं बहुत ही खुद पढ़-लिख नहीं पाईं लेकिन साक्षरता अभियान और स्त्री अधिकार से जुड़े कार्यक्रमों में उन्होंने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। वे छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान का प्रतीक थीं। उन्हें विनम्र श्रद्धांजलि।

# वैश्विक सहयोग को आधार दे रही भारत की ऊर्जा नीति

**विश्व अर्थव्यवस्था आज एक गहरे परिवर्तन के दौर से गुजर रही है। पिछले तीन दशकों तक वैश्विक आर्थिक व्यवस्था पर विकसित देशों का दबदबा रहा, लेकिन अब यह संतुलन धीरे-धीरे उभरती अर्थव्यवस्थाओं की ओर खिसक रहा है। एशिया, अफ्रीका और लैटिन अमेरिका के देश अब केवल वैश्विक विकास में भागीदारी नहीं कर रहे, बल्कि उसकी दिशा और गति दोनों तय कर रहे हैं। इन देशों के विशाल और तेजी से बढ़ते उपभोक्ता बाजार विकसित अर्थव्यवस्थाओं के उद्योगों को नई ऊर्जा दे रहे हैं। वहीं, इनकी बढ़ती विनिर्माण क्षमता वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं को अधिक विविध और मजबूत बना रही है। स्थानीय उद्यमिता भी अब छोटे स्तर तक सीमित नहीं है बल्कि वह वित्त, लॉजिस्टिक्स, स्वास्थ्य, डिजिटल सेवाओं और तकनीकी नवाचार जैसे क्षेत्रों में वैश्विक मानक स्थापित कर रही है।**

**अंशुमान**

वैश्विक स्तर पर सबसे बड़ा प्रश्न यह नहीं रह गया है कि क्या उभरती अर्थव्यवस्था वैश्विक विकास का नेतृत्व करेंगी, बल्कि यह प्रवृत्ति अब लगभग तय मानी जा सकती है। असली सवाल यह है कि क्या ये देश उस नेतृत्व को लंबे समय तक टिकाऊ बनाए रखने के लिए मजबूत आर्थिक, संस्थागत और सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा ढांचा तैयार कर रहे हैं। क्योंकि ऊर्जा किसी भी आधुनिक अर्थव्यवस्था की धड़कन है। उद्योगों का संचालन, कृषि का आधुनिकीकरण, डिजिटल अर्थव्यवस्था, डेटा सेंटर, इलेक्ट्रिक वाहनों की वृद्धि इन सबकी नींव ऊर्जा पर ही टिकी है। आज ऊर्जा केवल बिजली उत्पादन या तेल आयात का विषय नहीं है, बल्कि यह राष्ट्रीय सुरक्षा, आर्थिक स्थिरता, औद्योगिक प्रतिस्पर्धा और रणनीतिक आत्मनिर्भरता का मूल आधार बन चुकी है। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी यानी ढ्ढश्व के अनुसार आने वाले वर्षों में वैश्विक बिजली मांग में होने वाली लगभग 80 प्रतिशत वृद्धि उभरती और विकासशील अर्थव्यवस्थाओं से आएगी। तेज़ औद्योगीकरण, शहरीकरण और डिजिटल विस्तार इस मांग को और बढ़ाएँगे। यह स्थिति विकास के बड़े अवसर भी देगी, लेकिन साथ ही ऊर्जा ढांचे पर भारी दबाव भी डालेगी। इसको ऐसे भी कह सकते हैं कि जो देश अपनी ऊर्जा प्रणाली को समय रहते मजबूत नहीं करेंगे, वे आर्थिक विकास की इस दौड़ में पिछड़ सकते हैं। इस वैश्विक परिदृश्य में भारत की भूमिका सबसे महत्वपूर्ण बनकर उभरती है क्योंकि भारत आज दुनिया की सबसे तेज़ी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है। पिछले एक दशक में देश ने डिजिटल परिवर्तन, आधारभूत संरचना के विस्तार, स्टार्टअप क्रांति और विनिर्माण क्षेत्र में जो गति हासिल की है, उसने भारत को केवल एक बड़े बाजार के रूप में नहीं, बल्कि वैश्विक विकास के एक मजबूत इंजन के रूप में स्थापित किया है। आज दुनिया की लगभग हर बड़ी कंपनी भारत को केवल उपभोक्ता बाजार के रूप में नहीं, बल्कि उत्पादन, अनुसंधान और दीर्घकालिक निवेश के केंद्र के रूप में देख रही है। वैश्विक स्तर पर मेक इन इंडिया, डिजिटल इंडिया, पीएम गति शक्ति, क्ष्ढ योजना और राष्ट्रीय लॉजिस्टिक्स नीति जैसी पहलों ने भारत की औद्योगिक क्षमता को नई दशा के साथ नई दिशा भी दी है।

इन सभी उपलब्धियों की असली नींव एक मजबूत और भरोसेमंद ऊर्जा व्यवस्था ही है। अगर किसी देश में ऊर्जा की सप्लाई अस्थिर हो, कीमतें लगातार बदलती रहें या वह बहुत ज्यादा दूसरे देशों से आयात पर निर्भर हो, तो उसका सीधा असर उद्योगों, रोजगार और आर्थिक विकास पर पड़ता है। उत्पादन की लागत बढ़ जाती है, निवेशकों का भरोसा कम हो जाता है और विकास की गति धीमी पड़ सकती है। इसी कारण आज ऊर्जा सुरक्षा सिर्फ एक तकनीकी या प्रशासनिक विषय नहीं रह गई है, बल्कि यह पूरे आर्थिक ढांचे की रीढ़ बन चुकी है।

भारत जैसे बड़े और तेजी से विकसित होते देश के लिए यह और भी ज्यादा महत्वपूर्ण है, क्योंकि यहां ऊर्जा की मांग लगातार बढ़ रही है और आने वाले वर्षों में इसमें और तेज़ी आने की संभावना है। अनुमान है कि वर्ष 2030 तक भारत में बिजली की मांग हर साल लगभग 6.4 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी। यह वृद्धि केवल जनसंख्या बढ़ने के कारण नहीं होगी, बल्कि इसके पीछे कई बड़े कारण होंगे जैसे तेजी से फैलता हुआ औद्योगिक क्षेत्र, नए-नए डेटा सेंटरों का निर्माण, इलेक्ट्रिक वाहनों का बढ़ता उपयोग और डिजिटल अर्थव्यवस्था का विस्तार।

इसके अलावा शहरों का तेजी से बढ़ना, लोगों की जीवनशैली में बदलाव और तकनीक पर बढ़ती निर्भरता भी बिजली की मांग को और बढ़ाएगी। इसका मतलब यह है कि आने वाले समय में ऊर्जा की जरूरत सिर्फ घरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि हर क्षेत्र चाहे वह उद्योग हो, परिवहन हो या सूचना प्रौद्योगिकी ऊर्जा पर और अधिक निर्भर होगा। इसका अर्थ साफ है कि भारत को केवल अधिक ऊर्जा नहीं, बल्कि ऐसी ऊर्जा व्यवस्था चाहिए जो निरंतर उपलब्ध हो, किफायती हो, विविध स्त्रोतों पर आधारित हो और संकट के समय भी स्थिर बनी रहे। इसी जरूरत ने भारत की ऊर्जा नीति को पिछले वर्षों में अधिक रणनीतिक और दीर्घकालिक बनाया है। विगत वर्षों में भारत ने अब यह समझ लिया है कि ऊर्जा सुरक्षा केवल आज की जरूरत नहीं, बल्कि भविष्य की प्रतिस्पर्धा तय करने वाला सबसे बड़ा कारक है।

हालाँकि भारत उन बड़े देशों में शामिल है जो अपनी ऊर्जा जरूरतों के लिए बड़े पैमाने पर आयात पर निर्भर रहते हैं। इसलिए जब भी वैश्विक स्तर पर कोई संकट पैदा होता है, उसका असर भारत पर भी पड़ना स्वाभाविक है। लेकिन हाल के वर्षों में जब ऐसे कई झटके आए, तब भारत ने जिस तरह से स्थिति को संभाला, वह उल्लेखनीय रहा है। देश ने न केवल तेजी से प्रतिक्रिया दी, बल्कि पूरे



संतुलन और स्थिरता के साथ ऊर्जा आपूर्ति को बनाए रखा। इससे पूरी दुनिया में एक संदेश भी गया कि भारत ने ऊर्जा सुरक्षा को सिर्फ कागज़ी नीति की तरह नहीं रखा, बल्कि इसे एक लंबे समय की राष्ट्रीय योजना के रूप में अपनाया है।

वैश्विक अस्थिरता के बावजूद भारत में ईंधन की कमी नहीं हुई, घरेलू एलपीजी की सप्लाई भी नहीं रुकी और आम लोगों पर इसका असर बहुत सीमित रहा। यह बात इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि कई विकसित देश भी ऐसे हालात में प्रभावित हो जाते हैं। यह सब अचानक नहीं हुआ, बल्कि इसके पीछे कई सालों की तैयारी और निवेश है। भारत ने रणनीतिक पेट्रोलियम भंडार बनाए, रिफाइनिंग क्षमता को बढ़ाया, पाइपलाइन नेटवर्क को मजबूत किया, बंदरगाहों को आधुनिक बनाया और अलग-अलग देशों से ऊर्जा आयात करके एक ही देश पर निर्भरता कम की। इन सभी कोशिशों की वजह से भारत की ऊर्जा प्रणाली अब पहले से ज्यादा मजबूत और लचीली हो गई है, जिससे वह किसी भी संकट का सामना बेहतर तरीके से कर सकती है।

संकट के समय सरकार ने सिर्फ यह नहीं देखा कि सप्लाई बनी रहे, बल्कि इस बात का भी ध्यान रखा कि आम लोगों पर बोझ कम पड़े। इसके लिए समय पर नियमों में बदलाव किए गए, घरेलू उत्पादन को बढ़ावा दिया गया, दूसरे देशों से वैकल्पिक आपूर्ति की व्यवस्था की गई और मांग को संतुलित रखने की कोशिश की गई। इससे यह समझ आता है कि ऊर्जा नीति सिर्फ आर्थिक मुद्दा नहीं है, बल्कि यह लोगों की रोज़मर्रा की जिंदगी और सामाजिक स्थिरता से भी जुड़ी होती है। भारत की ऊर्जा रणनीति का एक बड़ा हिस्सा विविधीकरण है, यानी अलग-अलग देशों से ऊर्जा लेना ताकि किसी एक देश पर निर्भरता न रहे। आज भारत 40 से ज्यादा देशों से ऊर्जा आयात करता है, जिससे किसी एक क्षेत्र में संकट आने पर पूरे देश की ऊर्जा व्यवस्था पर बड़ा असर नहीं पड़ता।

इसी रणनीति के तहत भारत और संयुक्त अरब अमीरात यानी यूएई के बीच ऊर्जा सहयोग भी बहुत मजबूत हुआ है। यह रिश्ता अब सिर्फ व्यापार तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें कच्चे तेल और गैस की आपूर्ति, रणनीतिक भंडारण, नवीकरणीय ऊर्जा में निवेश और ऊर्जा परिवर्तन जैसे क्षेत्र भी शामिल हैं। भारत ने अपनी ऊर्जा कूटनीति को भी मजबूत किया है और दुनिया के अलग-अलग हिस्सों जैसे पश्चिम एशिया, रूस, अमेरिका, अफ्रीका और मध्य एशिया के साथ संतुलित संबंध बनाए हैं। इसका फायदा यह हुआ कि भारत किसी एक देश या क्षेत्र पर बहुत ज्यादा निर्भर नहीं रहा और उसे वैश्विक स्तर पर ज्यादा स्वतंत्रता मिली। आज भारत केवल अपने देश तक सीमित नहीं है, बल्कि वह ग्लोबल साउथ के देशों के साथ भी सहयोग कर रहा है। भारत ने पड़ोसी देशों जैसे बांग्लादेश, श्रीलंका, नेपाल और भूटान को ऊर्जा संकट के समय मदद भी दी है। इससे यह पता चलता है कि भारत केवल अपने विकास पर नहीं, बल्कि पूरे क्षेत्र की स्थिरता पर भी ध्यान दे रहा है। कुल मिलाकर, भारत ने यह साबित किया है कि मजबूत ऊर्जा नीति सिर्फ देश की जरूरतों को पूरा करने का साधन नहीं है, बल्कि यह आर्थिक स्थिरता, सामाजिक सुरक्षा और अंतरराष्ट्रीय सहयोग का भी एक महत्वपूर्ण आधार है।

अध्यात्म

## मंत्र जप भी एक बीज की तरह है

जीवन में कभी-कभी हमारा मन किसी भी काम में नहीं लगता है। कभी थकान, कभी तनाव, कभी निराशा और कभी मन की उलझनें हमें पूजा-पाठ, ध्यान या मंत्र जप से भी दूर कर देती हैं। फिर भी कई लोग मन न लगने पर भी भगवान का ध्यान करते हैं। क्या ऐसी भक्ति का कोई फल मिलता है? इस संबंध में गोस्वामी तुलसीदास जी से जुड़ा एक प्रसंग प्रचलित है। चर्चित प्रसंग के मुताबिक, एक दिन एक भक्त ने गोस्वामी तुलसीदास से पूछा, 'गुरुदेव, कई बार मन भक्ति करने का नहीं करता, लेकिन मैं फिर भी मंत्र जप करने बैठ जाता हूं। क्या ऐसी भक्ति भी भगवान स्वीकार करते हैं? 'तुलसीदास मुस्कुराए और उन्होंने अपनी प्रसिद्ध पंक्ति सुनाई- तुलसी मेरे राम को, रीझ भजो या खीज। भौम पड़ा जामे सभी, उल्टा सीधा बीज।।

इसके बाद तुलसीदास जी ने इस दोहे का अर्थ समझाते हुए कहा, 'जैसे किसान खेत में बीज बोता है, तब यह नहीं देखता कि बीज सीधा गिरा है या उल्टा। मिट्टी, पानी और समय मिलने पर हर बीज अंकुरित होता है और धीरे-धीरे फसल बन जाता है। उसी प्रकार भगवान का नाम जप भी एक बीज की तरह है। चाहे मन प्रसन्न हो या उदास, श्रद्धा कम हो या अधिक, यदि व्यक्ति नियमित रूप से मंत्र जप करता रहता है, तो उसका प्रभाव धीरे-धीरे उसके मन और जीवन पर अवश्य दिखाई देता है। ' तुलसीदास जी ने समझाया कि भक्ति केवल भावनाओं का विषय नहीं, बल्कि निरंतर अभ्यास का मार्ग भी है। हर दिन किया गया छोटा-सा प्रयास भी मन को धीरे-धीरे स्थिर बनाता है। कई बार परिणाम तुरंत दिखाई नहीं देते, लेकिन समय के साथ व्यक्ति के विचार, व्यवहार और दृष्टिकोण में सकारात्मक परिवर्तन आने लगता है। यह प्रसंग हमें सीख देता है कि जीवन में हर अच्छी आदत का प्रभाव धीरे-धीरे बनता है। चाहे पढ़ाई हो, व्यायाम हो, ध्यान हो या प्रार्थना– नियमितता ही सबसे बड़ी शक्ति है। मन हर दिन एक जैसा नहीं रहता, लेकिन जो व्यक्ति अपने अच्छे कर्मों में निरंतर बना रहता है, वह अंततः सफलता, शांति और आत्मविश्वास का अनुभव करता है।

**सीख:** अच्छे काम के लिए मन बनने का इंतजार न करें, आदत बनाएं। अक्सर हम सोचते हैं कि जब मन करेगा, तभी अच्छा काम करेंगे, लेकिन सफल लोग मन के भरोसे नहीं, बल्कि अनुशासन के आधार पर आगे बढ़ते हैं। रोज थोड़ा-थोड़ा अभ्यास बड़े परिणाम देता है।

# परिवर्तन का वाहक बनेगा क्वांटम कंप्यूटर

**विश्व में क्वांटम तकनीक संचार और गणित में तेजी लाने के साथ वैश्विक अर्थव्यवस्था, रक्षा, स्वास्थ्य और वित्त के क्षेत्र में बड़े बदलाव की वाहक बनने जा रही है। भारत ने इस क्षेत्र में अपनी ताकत बढ़ाने की दृष्टि से 2023 में ही 'राष्ट्रीय क्वांटम मिशन' की शुरूआत कर दी है। इसका लक्ष्य देश में क्वांटम कंप्यूटिंग, क्वांटम संचार, क्वांटम सेंसर और क्वांटम पदार्थों पर अनुसंधान को बढ़ावा देना है। इस अभियान के लिए हजारों करोड़ों रुपए का प्रावधान किया गया है, ताकि भारत इस उभरती हुई तकनीक की वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पीछे न रह जाए। जिस तरह से इंटरनेट की सुविधा हासिल होने के बाद दुनिया डिजिटल संचार मानचित्र में बदल गई, उसी तरह क्वांटम तकनीक भी भविष्य में हमारी रोजमर्रा की जिंदगी को गहराई से प्रभावित कर सकती है। इसलिए यह तकनीक केवल वैज्ञानिकों की ही नहीं, बल्कि आने वाली पीढ़ी के भविष्य को तय करने का मापदंड साबित हो सकती है। क्योंकि भारत में 28 से 35 आयु वर्ग के युवाओं की संख्या 65 प्रतिशत और 15 से 29 आयु वर्ग के युवाओं की संख्या 27 फ़ीसदी है।**

**प्रमोद भार्गव**

दुनिया में इस समय दिन दूनी रात चौगुनी गति से प्रगति हो रही है। कुछ समय पहले तक असंभव सी लगने वाली चीजें आज प्रौद्योगिकी की मदद से सरलता से परिणाम तक पहुंच रही हैं। एक समय संगणक के विकास ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में क्रांतिकारी बदलाव किया था। अब कृत्रिम बौद्धिकता ;आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस द ने चिकित्सा से लेकर हथियारों के निर्माण तक हर क्षेत्र में कंप्यूटर और रोबोट के प्रयोग को नया आयाम दिया है। पारंपरिक कंप्यूटर की दुनिया में इस प्रगति के समानांतर एक और अनुसंधान चल रहा है, जिसका नाम है क्वांटम कंप्यूटिंग यानी अति सूक्ष्मता का विज्ञान। भारत ने भी अब इस क्षेत्र में गति लाने का ऐलान कर दिया है। भौतिक शास्त्र के क्वांटम सिद्धांत पर काम करने वाली इस कंप्युटिंग में असीमित संभावनाएं देखी जा रही हैं। शोध के लिहाज से यह विषय किसी के लिए भी रुचि का विषय हो सकता है। विशेषज्ञों के अनुसार एक पूर्ण विकसित क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता सुपर कंप्यूटर से भी ज्यादा आंकी जा रही है। इस क्वांटम कंप्यूटिंग या मैकेनिक्स की खास बात यह है कि इसकी शुरुआत के बाद भारतीय और पश्चिमी वैज्ञानिक यह मान रहे हैं कि भारतीय भाववादी सिद्धांत को जाने बिना अणु या कण में चेतना का आकलन नहीं किया जा सकता। क्वांटम भौतिकी और कृत्रिम बौद्धिकता एक तरह से चेतना के भाववादी सिद्धांत को ही अस्तित्व में लाने के उपाय हैं।

क्वांटम कंप्यूटिंग या यांत्रिकी एक लैटिन शब्द है। इसका अर्थ अतिसूक्ष्म कण है। इस विषय के अंतर्गत पदार्थ के अति सूक्ष्म कणों का अध्ययन किया जाता है। इनमें परमाणु न्यूक्लियस एवं इलेक्ट्रॉन व प्रोटॉन सभी मौलिक कणों का अध्ययन शामिल है। इसमें इनके व्यवहार और उपयोगिता का अध्ययन किया जाता है। इस नवीन विषय के अध्ययन की नींव 1890 में वैज्ञानिक मैक्स प्लांक ने डाली थी। हालांकि इस समय तक वैज्ञानिक यह मानकर चल रहे थे कि भौतिकी में जितने नियमों का आविष्कार होना था, लगभग हो चुका है। अब केवल इन नियमों को प्रत्येक जगह क्रियान्वित करना भर शेष है। किंतु कुछ प्रश्न तब भी ऐसे थे, जिनके हल खोजे नहीं जा सके थे। अभी तक काले पिंड के सतत वर्णक्रम (स्पेक्ट्रम) के भिन्न-भिन्न भागों की ऊर्जा के वितरण को परिभाषित नहीं किया जा सका था। इसे समझने के लिए प्लांक ने प्रकाश उत्सर्जन करने वाले द्रव्य कणों की निरंतर चाल के साथ उनमें बिखरी ऊर्जा को भी समझने का विचार दिया। इससे काले पिंड के वर्णक्रम की व्याख्या सुलझ गई। दरअसल इस सोच के परीक्षण में जो निष्कर्ष आएए उनसे ज्ञात हुआ कि ऊर्जा का विकिरण लगातार न होकर टुकड़ों-टुकड़ों में होता है। इन टुकड़ों को विकिरण-कण नाम दिया गया। यह विकिरण भी कणों पर नहीं, बल्कि तरंगों के आधार पर चलता है। यह नियम विद्युत चुंबकीय सिद्धांत के विपरीत था, क्योंकि अब तक यह माना जाता था कि द्रव्य कणों की गति में विद्यमान ऊर्जा निरंतर गतिशील रहती है। यानी क्वांटम सिद्धांत के तहत अणु, परमाणु और इनके भी मूलभूत कण बेहद लघुतम अवस्था में मौजूद रहते हैं। इस खोज पर 1918 में मैक्स प्लांक को भौतिकी का नोबेल पुरस्कार भी मिला। 1924 में सत्येंद्रनाथ बोस ने प्लांक के विकिरण नियम को समझाने के लिए एक सर्वथा नवीन विधि सुझाई। उन्होंने प्रकाश की कल्पना द्रव्यमान रहित कणों के एक गैस पिंड के रूप में ली। इसे फोटॉन गैस के रूप में मान्यता मिली। बाद में इस मान्यता को अल्बर्ट आइंस्टीन ने भी स्वीकृति दी।



विज्ञान ने पहले परमाणु को ही ऐसा सबसे सूक्ष्मतम कण बतलाया था, जिसने विश्व का निर्माण किया है। फिर आगे की खोज से ज्ञात हुआ कि परमाणु भी विभाजित हो सकता है। यानी उसे और अत्यंत सूक्ष्म कणों में बांटा जा सकता है। फलतः ये सूक्ष्म कण, इलेक्ट्रॉन, प्रोटॉन और न्यूट्रॉन नाम के लघुतम रूपों में सामने आए। कालांतर में कण मसलन क्वांटम भौतिकी और विकसित रूपों में सामने आई। तब पता चला कि प्रोटॉन और न्यूट्रॉन को और विभाजित किया जा सकता है। अंततः इसे क्वार्क व लैपटॉन जैसे सूक्ष्म कणों में विभाजित कर भी लिया गया। इस तरह से कण भौतिकी में एक प्रामाणिक प्रतिदर्श सामने आया,जिसमें क्वार्क व लैप्टॉन के बारह सूक्ष्मतम कणों के प्रकार दर्ज हैं। इन्हें जरूर अब तक अविभाज्य माना गया है। अब इन्हें ही मूलकण माना जा रहा है। आधुनिक विज्ञान में यह धारणा बन रही है कि पदार्थ से संबंधित अत्यंत कम द्रव्यमान वालेए इन्हीं मूल कणों से सृष्टि के जड़ एवं चेतन स्वरूप अस्तित्व में आए हैं।

कण यांत्रिकी को कल के कंप्यूटर का भविष्य माना जा रहा है।यह परमाणु और उप परमाणु के स्तर पर ऊर्जा और पदार्थ की व्याख्या करती है। पारंपरिक कंप्यूटर बिट; अंशद्ध पर काम करते हैं वहीं क्वांटम कंप्यूटर में प्राथमिक इकाई क्यूबिट यानी कणांश होती है। पारंपरिक कंप्यूटर में प्रत्येक बिट का मूलाधार या मूल्य शून्य (0) और एक (1) होता है। कंप्यूटर इसी शून्य और एक की भाषा में ही कुंजी पटल (की-बोर्ड) से दिए निर्देश को ग्रहण करके समझता है और परिणाम को अंजाम देता है। वहीं क्वांटम की विलक्षणता यह होगी कि वह एक साथ ही शून्य और एक दोनों को ग्रहण कर लेगा। यह क्षमता क्यूबिट की वजह से विकसित होगी। परिणामस्वरूप यह दो क्यूबिट में एक साथ चार मूल्य या परिणाम देने में सक्षम हो जाएगा। एक साथ चार परिणाम स्क्रीन पर प्रकट होने की इस अद्वितीय क्षमता के कारण इसकी गति पारंपरिक कंप्यूटर से कहीं बहुत ज्यादा होगी। इस कारण यह पारंपरिक कंप्युटरों में जो कूट.रचना या गूढ लेखन कर दिया जाता है, उससे कहीं अधिक मात्रा में यह कंप्यूटर डाटा ग्रहण व सुरक्षित रखने में समर्थ होगा। इसीलिए दावा किया जा रहा है कि इसकी मदद से आंकड़ों और सूचनाओं को कम से कम समय में प्रसारित किया जा सकेगा। एआईएजीपीटी चेट और चैटबॉट जैसी तकनीक इसकी सहायता से और तेजी से गतिशील रहेंगी। लेकिन विलो चिप निर्माण कर लिए जाने की घोषणा ने सुपर कंप्यूटर के निर्माताओं को फिलहाल सकते में डाल दिया है। क्योंकि विलो चिप की क्षमताएं ब्रह्मांड व्यास की तरह शक्तिशाली और असीमित बताई गई हैं।

क्वांटम कंप्यूटर की क्षमता को देखते हुए इसके विकास में भारतसमेत अनेक देश लगे हैं। यही वजह है कि आविष्कार से पहले इसकी क्षमताओं का मूल्यांकन कर लेने वाले देश इसके अनुसंधान पर बढ़ी धनराशि खर्च कर रहे हैं। चीन ने 15 अरब डॉलर खर्च करने की घोषणा की है, चीन की ई-कॉमर्स कंपनी अलीबाबा अलग से इस पर काम कर रही है। यूरोपीय यूनियन इस क्षेत्र में करीब 8 अरब डॉलर खर्च कर रही है। भारत सरकार ने भी इस दिशा में शोध को बढ़ावा देने के लिए क्वांटम सूचना-विज्ञान और प्रौद्योगिकी संस्था का गठन तो पहले ही कर लिया था, लेकिन केवल क्वांटम तकनीक पर नवीन शोध और आविष्कार के लिए 2023-24 से 2030-31 तक चलने वाले इस अभियान पर इस 6003.65 करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे।

## आज का कार्टून




## राशिफल

**मेष**
नये कार्य की शुरुआत करनी चाहिये। कार्यों में सफलता मिलेगी। जॉब के अवसर प्राप्त होंगे। बच्चों के करियर को लेकर चिन्ता दूर होगी।

**वृषभ**
मन में जो करियर को लेकर चिन्ता थी वह दूर होगी। मित्रों के साथ गम्भीरता से किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा कर सकते हैं।

**मिथुन**
व्यापारियों को धन की कमी का सामना करना पड़ सकता है। गूढ़ विषयों में अधिक रुचि न लें। थकान के कारण चिड़चिड़ापन हो सकता है।

**कर्क**
दाम्पत्य जीवन में प्रेम भाव बढ़ेगा। रिलेशनशिप को लेकर परेशानियाँ दूर होंगी। शाम के समय कोई बड़ा खर्च सामने आ सकता है। माता की सेहत का ध्यान रखें।

**सिंह**
आपके सभी काम आसानी से बनते नजर आयेंगे। सेहत को लेकर गिरावट आ रही है, तो चिकित्सीय परामर्श अवश्य लेना चाहिये।

**कन्या**
आज आप आसपास के लोगों के व्यवहार का सटीकता से आकलन करेंगे। नये प्रेम सम्बन्ध विकसित हो सकते हैं। महिलायें अपनी सेहत को लेकर सजग रहें।

**तुला**
दिन की शुरुआत बहुत ही अच्छी रहेगी। पिताजी का मार्गदर्शन प्राप्त होगा। अपने मित्रों पर अधिक विश्वास न करें। जीवनसाथी के साथ आपके सम्बन्ध मधुर होंगे।

**वृश्चिक**
दिन काफी शानदार रहने वाला है। किसी काम को लेकर जल्दबाजी नहीं करेंगे तो आपको सफलता अवश्य मिलेगी। सभी महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण कर लेंगे।

**धनु**
जरूरी सामान खरीदने के लिये बाजार जा सकते हैं। विद्यार्थियों को शिक्षा में समस्या का सामना करना पड़ेगा। घर के सदस्यों का अपमान न करें। परिवार में अशान्ति का वातावरण रहेगा।

**मकर**
अपनी दिनचर्या में परिवर्तन कर लेना आपके लिये उचित होगा। व्यस्तता के बावजूद आप अपनों को समय अवश्य देंगे। एक से अधिक कार्य करने से बचें। इच्छायें पूर्ण होने के योग बन रहे हैं।

**कुंभ**
आपको शारीरिक कष्ट से राहत मिलेगी। वैवाहिक जीवन काफी रोमान्टिक रहने वाला है। व्यापारिक सम्बन्ध मजबूत होंगे। शत्रु आपके ऊपर भारी पड़ सकते हैं।

**मीन**
परिजन आपसे किसी कारणवश नाराज हो सकते हैं। मन में नकारात्मक विचार लाने से बचें। विदेश में काम कर रहे लोगों की आय बढ़ सकती है।

## संक्षिप्त समाचार

### पीएम अभ्युदय योजना पर विकास मित्रों को दिया गया प्रशिक्षण

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी प्रखंड कार्यालय में बुधवार को प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रसून की अध्यक्षता में विकास मित्रों की साप्ताहिक बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य केंद्र सरकार की पीएम अभ्युदय योजना के क्रियान्वयन को लेकर विकास मित्रों को प्रशिक्षण देना था।बैठक में बताया गया कि पीएम अभ्युदय योजना के तहत प्रखंड की 11 पंचायतों को शामिल किया गया है। इस योजना के अंतर्गत अनुसूचित जाति टोलों में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध



कराई जाएंगी। योजना के सफल संचालन के लिए विकास मित्रों को अध्यक्ष के रूप में चयनित किया गया है। प्रखंड कल्याण पदाधिकारी आनंद प्रसून ने सभी विकास मित्रों को योजना के उद्देश्यों, लाभार्थियों के चयन और रिपोर्टिंग की प्रक्रिया की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एससी टोलों में सड़क, पेयजल, बिजली और अन्य बुनियादी सुविधाओं को प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाएगा। विकास मित्र गांव-गांव जाकर लोगों को योजना से अवगत कराएं और जरूरतमंदों की सूची तैयार करें। बैठक में विकास मित्र संजय कुमार, अर्जुन रविदास, रजनी देवी, रणवीर कुमार, इन्दु देवी, सियाशरण मांझी सहित अन्य विकास मित्र उपस्थित थे। सभी ने योजना को धरातल पर उतारने का संकल्प लिया।

### खरीफ फसलों के लिए 14-16 घंटे बिजली देने का आदेश

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** कम वर्षापात के कारण खरीफ फसलों की सिंचाई को लेकर राज्य सरकार ने गंभीरता दिखाई है। प्रधान सचिव, कृषि विभाग के पत्रांक 3808 दिनांक 03.07.2026 के आलोक में सचिव अजय यादव ने नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड और साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड के प्रबंध निदेशकों को पत्र लिखकर कृषि फीडरों में प्रतिदिन 14-16 घंटे सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है। विद्युत कार्यपालक अभियंता मसौढ़ी पवन कुमार ने इस पत्र के आलोक में जानकारी देते हुए बताया कि जून 2026 में राज्य में सामान्य वर्षापात 163.6 मिमी के विरुद्ध केवल 87.8 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 46% कम है। मौसम विभाग ने अल नीनो के प्रभाव के कारण जुलाई में भी सामान्य से कम वर्षा का अनुमान जताया है। ऐसी स्थिति में किसानों को फसलों की सिंचाई के लिए बिजली पर निर्भर रहना होगा। सचिव ने पत्र में स्पष्ट किया कि खरीफ 2026 में फसलों की सिंचाई और अन्य कृषि कार्य बाधित न हो, इसके लिए सभी कृषि फीडरों से 14-16 घंटे निर्बाध विद्युत आपूर्ति की जाए। इसके लिए सभी संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निर्देश देने को कहा गया है। कृषि विभाग के इस निर्देश के बाद अब बिजली कंपनियों पर जुलाई माह में कृषि फीडरों से समय पर बिजली देने की जिम्मेदारी बढ़ गई है। किसानों ने भी मांग की है कि वोल्टेज और कटौती की समस्या दूर कर सिंचाई के घंटे बढ़ाए जाएं ताकि धान और अन्य फसलों को बचाया जा सके।

### शराब माफिया पर पुलिस का प्रहार, 8 गिरफ्तार

**मोकामा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मोकामा और घोसवरी थाना पुलिस ने शराब के खिलाफ बुधवार को संयुक्त विशेष अभियान चलाकर बड़ी कार्रवाई की।छापेमारी में 2 तस्करों समेत कुल 8 लोगों को गिरफ्तार किया गया है।मोकामा थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार ने बताया कि बुधवार दोपहर सूचना मिली थी। टीम ने तुरंत बरहपुर में छापा मारा और 20 लीटर अवैध शराब के साथ राकेश कुमार को गिरफ्तार कर



लिया। आरोपी बरहपुर का ही रहने वाला है।वही दूसरी ओर घोसवरी थाना पुलिस ने गोसाईगांव मुसहरी टोला इलाके में बड़ी कार्रवाई की। थाना अध्यक्ष सत्यम तिवारी के मुताबिक पुलिस ने इलाके की कई अवैध शराब भट्टियों को ध्वस्त कर दिया और मौके पर 1500 लीटर जावा महुआ छोवा नष्ट किया। इस दौरान गोसाईं गांव निवासी सन्नी कुमार शराब तस्कर समेत 7 लोगों को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार लोगों में राजेश कुमार, निराला कुमार, पिंटू कुमार, मोहम्मद हकीम कुमार, शिव मांझी और लड्डू मांझी शामिल हैं।दोनों थाना क्षेत्रों में पुलिस ने साफ किया है कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों पर आगे भी सख्त कार्रवाई जारी रहेगी। आम लोगों से अपील है कि ऐसी गतिविधियों की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

### खगौल दानापुर मंडल में सघन टिकट जांच अभियान जारी

**खगौल दानापुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पूर्व मध्य रेल का दानापुर मंडल यात्रियों को सुरक्षितसुव्यवस्थित एवं बेहतर यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। इसी उद्देश्य से बिना टिकट एवं अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने वालों के विरुद्ध मंडल में नियमित रूप से सघन टिकट जांच अभियान चलाया जा रहा है।इसी क्रम में दिनांक 07.07.2026 को वरीय मंडल वाणिज्य प्रबंधक,



दानापुर के नेतृत्व में मंडल के प्रमुख स्टेशनों एवं विभिन्न महत्वपूर्ण ट्रेनों में सघन टिकट चेकिंग अभियान संचालित किया गया। अभियान के दौरान विशेष टिकट जांच दल गठित कर प्रमुख ट्रेनों एवं स्टेशनों पर गहन जांच की गई। जांच अभियान के दौरान कुल 3021 बिना टिकट एवं अनियमित टिकट के साथ यात्रा करने वाले यात्री पकड़े गए, जिनसे दंड एवं किराये के रूप में कुल ₹27,43,250/- का राजस्व अर्जित किया गया।इस विशेष अभियान के परिणामस्वरूप स्टेशन टिकट काउंटरों पर यात्रियों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई तथा यात्रियों में उचित टिकट लेकर यात्रा करने के प्रति जागरूकता बढ़ी। दानापुर मंडल द्वारा इस प्रकार के सघन टिकट जांच अभियान आगे भी लगातार जारी रखे जाएंगे। रेल यात्रियों से अपील की जाती है कि वे सदैव वैध एवं उचित श्रेणी का रेल टिकट लेकर ही यात्रा करें। बिना टिकट यात्रा करना दंडनीय अपराध है।

### किसान सलाहकार एवं समन्वयक को दिया गया टास्क

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** प्रखंड कृषि कार्यालय मसौढ़ी में बुधवार को प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल की अध्यक्षता में सभी किसान सलाहकारों और कृषि समन्वयकों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में चल रहे धान की रोपनी और खेतों डाला गया बिचडा एवं मोरी की स्थिति पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में बताया गया कि मसौढ़ी प्रखंड में धान के बिचड़ा का लक्ष्य 1120 हेक्टेयर निर्धारित था, जिसके विरुद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि हासिल कर ली गई है। सभी पंचायतों में किसानों



ने समय पर बिचड़ा डालकर लक्ष्य को पूरा किया है।वहीं मुख्य धान फसल का लक्ष्य 11200 हेक्टेयर है, जिसके विरुद्ध अभी तक केवल 12 प्रतिशत रोपनी ही हो सकी है। मानसून की देरी और जलजमाव के कारण रोपनी की गति धीमी है। प्रखंड कृषि पदाधिकारी हर्ष पटेल ने सभी किसान सलाहकारों को निर्देश दिया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में जाकर किसानों से संपर्क करें और उन्हें समय पर धान की रोपनी, बीज उपचार और संतुलित खाद के उपयोग के लिए प्रेरित करें। बैठक में सभी सलाहकारों से लक्ष्य के अनुरूप रोपनी बढ़ाने और किसानों को तकनीकी जानकारी देने को कहा गया।

### खराब टेंपो को बच्चों संग धकेलकर गंतव्य तक पहुंचाया

**पुनपुन/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वर्दी सिर्फ अपराधियों को पकड़ने के लिए नहीं, जरूरतमंदों की मदद के लिए भी होती है। बुधवार को पुनपुन पुलिस ने ऐसा ही एक उदाहरण पेश किया, जिसे देखकर लोगों ने पुलिस की इस सामाजिक पहल की खूब सराहना की। बुधवार को पुनपुन कर्ण चौक से डुमरी की ओर एक स्कूली टेंपो जा रही थी, जिसमें कई बच्चे सवार थे। बीच रास्ते में अचानक टेंपो खराब हो गई। चालक



के अकेले ठीक न कर पाने की वजह से बच्चे खुद टेंपो को धकेलकर ले जाने लगे।इसी दौरान पुनपुन थाना की गश्ती गाड़ी वहां से गुजरी। थानाध्यक्ष बेबी कुमारी ने जब नजारा देखा तो तुरंत गाड़ी रुकवाई। उन्होंने मानवता दिखाते हुए अपने साथ मौजूद पुलिस जवानों को निर्देश दिया कि टेंपो को धकेलकर बच्चों को उनके गंतव्य तक सुरक्षित पहुंचाया जाए। पुलिस जवानों ने बच्चों के साथ मिलकर टेंपो को धकेला और उसे सही जगह तक पहुंचाया।

# राष्ट्रीय शिक्षा नीति : भारतीय ज्ञान परंपरा का पुनर्जीवन भारत के लिए वरदान : प्रो रणवीर नंदन

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बीडी कॉलेज, मीठापुर भारतीय भाषा दिवस के सप्ताह व्यापी कार्यक्रम के अंतर्गत बी डी कॉलेज, मीठापुर एवं शिक्षा संस्कृति उत्थान न्यास दक्षिण बिहार के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित 'भारतीय ज्ञान परम्परा : राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के क्रियान्वयन के परिप्रेक्ष्य में' विषय पर एक विशेष परिचर्चा का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में प्रख्यात शिक्षाविदों के साथ ही संस्थान के प्राध्यापक, विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, शोधार्थी और छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत करते हुए प्रो. अरुण कुमार सिंह ने कहा कि भारतीय ज्ञान परंपरा केवल अतीत का गौरव नहीं है, बल्कि




इसमें भविष्य की वैश्विक समस्याओं के समाधान छिपे हैं। एनईपी 2020 हमें अपनी जड़ों से जुड़ने और एक आत्मनिर्भर भारत के निर्माण का ऐतिहासिक अवसर देती है। मुख्य वक्ता प्रो. रणवीर नंदन ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के व्यावहारिक क्रियान्वयन पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि विज्ञान, गणित, दर्शन और पर्यावरण के क्षेत्र में भारत का प्राचीन ज्ञान अत्यंत समृद्ध रहा है। नई शिक्षा नीति के माध्यम से इस पारंपरिक ज्ञान को आधुनिक पाठ्यक्रम के साथ जोड़कर छात्रों का समग्र विकास सुनिश्चित किया जा सकता है। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे प्रो. के. सी. सिन्हा ने कहा कि शिक्षा का मूल उद्देश्य केवल डिग्री देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण और मानवीय मूल्यों को जगाना है। कॉलेज के प्राचार्य प्रो. दिवाकर प्रसाद ने धन्यवाद ज्ञापन प्रस्तुत करते हुए मुख्य अतिथियों, वक्ताओं, आयोजक समिति, शोधार्थियों और मीडिया कर्मियों के प्रति आभार व्यक्त किया और कहा कि इस संगोष्ठी से निकले निष्कर्ष शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन में मील का पत्थर साबित होंगे। इस अवसर पर प्रतियोगिता प्रकल्प के राष्ट्रीय सह संयोजक डॉ संदीप सागर, खगौल के सुप्रसिद्ध वरीय चिकित्सक एवं समाज सेवी डॉक्टर सुशील कुमार सिंह, पाटलिपुत्र विश्वविद्यालय के सीनेट सदस्य अजय कुमार यादव, नगरनौसा कॉलेज के प्राचार्य डॉ संजय कुमार, इग्नू के क्षेत्रीय निदेशक कीर्ति विक्रम जी, सह संयोजक डॉ सुशील कुमार सिंह आदि उपस्थित रहे।

## बी.डी. कॉलेज, पटना के 'वृक्ष वेद -इको क्लब' द्वारा महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण कार्यक्रम

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** बी.डी. कॉलेज, पटना के 'वृक्ष वेद -इको क्लब' द्वारा वन महोत्सव के अवसर पर महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने दो पौधे रोपित कर किया। इस अवसर पर उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, जैव विविधता के संवर्धन तथा हरित परिसर के निर्माण के प्रति महाविद्यालय की प्रतिबद्धता को पुनः दोहराया। अपने संबोधन में प्राचार्य प्रो. (डॉ.) दिवाकर प्रसाद ने विद्यार्थियों से अधिकाधिक वृक्षारोपण करने तथा पर्यावरण संरक्षण को अपने दैनिक जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि वृक्ष केवल प्रकृति की अमूल्य धरोहर ही नहीं हैं, बल्कि स्वच्छ पर्यावरण, संतुलित पारिस्थितिकी एवं भावी पीढ़ियों के सुरक्षित और स्वस्थ भविष्य की आधारशिला भी हैं। उन्होंने सभी से रोपे गए पौधों के संरक्षण एवं नियमित देखभाल का संकल्प लेने का आग्रह किया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के शिक्षकगण, शिक्षकेत्तर कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया तथा परिसर में विभिन्न स्थानों पर पौधारोपण किया।



## महाविद्यालय केवल शिक्षा नहीं, स्वस्थ समाज के निर्माण का भी केंद्र : प्रो. शांडिल्य

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** टी.पी.एस. कॉलेज, पटना के भौतिकी विभाग द्वारा आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ठ के सहयोग से 'Cancer: Awareness to Treatment' विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन कौटिल्य सभागार में किया गया जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं आमजन को कैंसर के प्रति जागरूक करना तथा समय पर पहचान, रोकथाम एवं आधुनिक उपचार की वैज्ञानिक जानकारी उपलब्ध कराना था। महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. तपन कुमार शांडिल्य ने कहा कि महाविद्यालय केवल शिक्षा प्रदान करने का केंद्र नहीं, बल्कि स्वस्थ, जागरूक और उत्तरदायी समाज के निर्माण का भी महत्वपूर्ण माध्यम है। उन्होंने कहा कि उच्च शिक्षण संस्थानों का दायित्व विद्यार्थियों को शैक्षणिक ज्ञान के साथ स्वास्थ्य, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं मानवीय मूल्यों के प्रति भी जागरूक बनाना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता एम्स, पटना के सर्जिकल ऑन्कोलॉजी विभाग के एचओडी डॉ. जगजीत कुमार पांडेय ने कैंसर के प्रारंभिक लक्षणों, जोखिम कारकों, बचाव के उपायों, नियमित जांच के महत्व तथा आधुनिक उपचार पद्धतियों पर विस्तृत एवं वैज्ञानिक जानकारी दी। उन्होंने कहा कि समय पर पहचान और उचित उपचार से कैंसर जैसी गंभीर बीमारी पर प्रभावी नियंत्रण संभव है। क्द्धअउ के समन्वयक प्रो. (डॉ.) रूपम ने कहा कि स्वास्थ्य जागरूकता से जुड़े ऐसे कार्यक्रम विद्यार्थियों में वैज्ञानिक दृष्टिकोण, सामाजिक उत्तरदायित्व एवं स्वास्थ्य के प्रति संवेदनशीलता विकसित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।
कार्यक्रम के संयोजक एवं भौतिकी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. हंस कुमार सिंह ने संगोष्ठी की रूपरेखा प्रस्तुत की तथा सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। डॉ. मुकुंद कुमार ने कहा कि कैंसर जैसी गंभीर बीमारी के प्रति सही जानकारी और समय पर जागरूकता अनेक लोगों का जीवन बचा सकती है। इस अवसर पर सभी

## पारस हेल्थ, पटना में पहली बार सफल लिवर एवं किडनी का संयुक्त प्रत्यारोपण

**एक ही मरीज का एक साथ हुआ लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट, बिहार के स्वास्थ्य क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धि**



**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** पारस हेल्थ, पटना ने अंग प्रत्यारोपण के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचते हुए चिकित्सकों की टीम ने एक ही मरीज का लिवर और किडनी का संयुक्त (सिमल्टेनियस) प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया और बिहार में उन्नत चिकित्सा सेवाओं की दिशा में एक नया अध्याय जोड़ दिया है। 42 वर्षीय पुरुष मरीज, जो ईएसआरडी- ईण्ड स्टेज रिनल डिजीज यानी अंतिम चरण की किडनी फेल और सीएलडी- क्रोनिक लिवर डिजीज यानी लीवर सिरोसिस से पीड़ित थे। इस जटिल सर्जरी को सफल बनाने में ट्रांसप्लांट सर्जरी, नेफ्रोलॉजी, हेपेटोलॉजी, एनेस्थीसिया, क्रिटिकल केयर, ओटी, आईसीयू नर्सिंग, ट्रांसप्लांट कोऑर्डिनेशन, माइक्रोबायोलॉजी, रेडियोलॉजी, ब्लड बैंक, फामेर्सी एवं अस्पताल प्रशासन सहित सभी विभागों का महत्वपूर्ण योगदान रहा। नेफ्रोलॉजी विभाग के डायरेक्टर डॉ. शशि कुमार ने कहा कि यह सिर्फ एक सर्जरी नहीं बल्कि बिहार के मरीजों के लिए एक नई उम्मीद है। अब ड्यूल ऑर्गन फेल वाले मरीजों को इलाज के लिए राज्य से बाहर नहीं जाना पड़ेगा। लिवर ट्रांसप्लांट एंड जीआई सर्जरी के डायरेक्टर डॉ. वैभव कुमार ने कहा कि पारस हेल्थ, पटना में पहली बार सफल लिवर ट्रांसप्लांट और उसके साथ संयुक्त लिवर एवं किडनी प्रत्यारोपण का सफल होना पूरे बिहार के लिए गर्व की बात है। जोनल डाइरेक्टर एंव वाइस-प्रेसिडेंट डॉ. दीपक सिंह ने कहा कि यह उपलब्धि पारस हेल्थ की उत्कृष्ट चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। हम बिहार के लोगों को अत्याधुनिक स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। पारस हेल्थ, पटना की यह ऐतिहासिक उपलब्धि बिहार में अंग प्रत्यारोपण सेवाओं को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। अस्पताल भविष्य में भी अत्याधुनिक तकनीक और विशेषज्ञ चिकित्सकों के माध्यम से मरीजों को सर्वोत्तम स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में डॉ. अहमद अब्दुल हई निदेशक जेनेरल सर्जरी, लिवर ट्रांसप्लांट एंड जीआई सर्जरी के ग्रुप डायरेक्टर डॉ. अंकुर गंग, डॉ. कपिलदेव यादव, यूरोलॉजी विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. अपूर्व चौधरी, गैस्ट्रो टीम से डॉ सत्यम सिंहा, डॉ. करण भार्गव, डॉ. शाहिद सिद्दीकी नेफ्रोलॉजी विभाग के डॉ. जमशेद अनवर, डॉ. विकास कुमार, ब्लड बैंक से डॉ. शांतनु, पैथोलॉजी विभाग की डॉ. विनिता सिन्हा और एनिस्थिसिया के डॉ. श्री नारायण ने भी अपने विचार व अनुभव सांझा किये।

**अंगदाता: माता - किडनी दाता, पुत्र - लीवर दाता**

## 1.700 किलो गांजा व 277 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, एक गिरफ्तार

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (डीएसपी-1) अवधेश कुमार ने बुधवार को आयोजित प्रेस वार्ता में नदी थाना पुलिस की बड़ी कार्रवाई का खुलासा किया। उन्होंने बताया कि विशेष अभियान के दौरान पुलिस ने एक तस्कर को 1 किलो 700 ग्राम गांजा के साथ गिरफ्तार किया। उसकी निशानदेही पर की गई छापेमारी में 277 बोतल विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब (करीब 65 लीटर) तथा शराब छिपाने में इस्तेमाल किया जा रहा एक फ्रिज भी बरामद किया गया। डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि 7 जुलाई 2026 को नदी थाना अध्यक्ष सद्दाम हुसैन के नेतृत्व में सिक्स लेन पुल के नीचे स्थित गुमटियों की जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधि के आधार पर बांसतल निवासी स्वर्गीय विजय राय के 33 वर्षीय पुत्र सुनील कुमार को गिरफ्तार किया गया। तलाशी



लेने पर उसके पास से 1 किलो 700 ग्राम गांजा बरामद हुआ। पूछताछ के दौरान गिरफ्तार आरोपी ने स्वीकार किया कि वह अपने बड़े भाई रंजीत कुमार के साथ मिलकर घर में अवैध अंग्रेजी शराब का भंडारण कर उसकी बिक्री करता है। आरोपी की निशानदेही पर पुलिस ने तत्काल उसके घर पर छापेमारी की। छापेमारी के दौरान रंजीत कुमार मौके से फरार हो गया, जबकि घर की तलाशी में 277 बोतल विभिन्न ब्रांड की अंग्रेजी शराब बरामद हुई। पुलिस ने शराब को ठंडा एवं सुरक्षित रखने के लिए इस्तेमाल किए जा रहे फ्रिज को भी जब्त कर लिया। डीएसपी अवधेश कुमार ने बताया कि गांजा बरामदगी और अवैध शराब बरामदगी के संबंध में अलग-अलग प्राथमिकी दर्ज कर ली गई है। फरार आरोपी रंजीत कुमार की गिरफ्तारी के लिए संभावित ठिकानों पर लगातार छापेमारी की जा रही है।

## दो महिला गुटों में मारपीट, गोद में बच्चा लेकर भिड़ी महिला

**फतुहा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** फतुहा थाना के सामने बुधवार को मामूली विवाद को लेकर महिलाओं के दो गुट आपस में भिड़ गए। देखते ही देखते बीच सड़क पर दोनों पक्षों के बीच जमकर मारपीट और बाल पकड़कर खींचतान शुरू हो गई। हंगामे के कारण पटना-बख्तियारपुर स्टेट हाईवे (एसएच-106) पर दोनों ओर वाहनों की लंबी कतारें लग गई और यातायात कुछ समय के लिए पूरी तरह बाधित हो गया। घटना के दौरान सबसे चौंकाने वाला नजारा तब सामने आया, जब एक युवती अपनी गोद में छोटे बच्चे को लेकर ही दूसरे पक्ष से उलझ गई। मारपीट के बीच बच्चे की सुरक्षा को लेकर अफरा-तफरी मच गई। मौके पर मौजूद कुछ लोगों ने तत्परता दिखाते हुए बच्चे को सुरक्षित युवती की गोद से निकाल लिया। इसी दौरान झगड़ते-झगड़ते युवती सड़क पर खड़ी एक कार के ठीक सामने पहुंच गई। राहत की बात यह रही कि कार रुकी हुई थी, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

**दरधा पुल पर सब्जी विक्रेता से लूट और गोलीकांड का उद्भेदन**

## मुख्य आरोपी समेत 3 गिरफ्तार, 16 फर्जी नंबर प्लेट बरामद

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** धनरुआ थाना क्षेत्र के दरधा पुल के पास 24 जून 2026 को सब्जी व्यापारी से सोने की चेन छीनने और विरोध करने पर पैर में गोली मारकर जख्मी करने की घटना का पुलिस ने उद्भेदन कर दिया है। इस मामले में मुख्य आरोपी सहित 3 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। वादी गोप कुमार पे. राजकुमार यादव सा. कोछिया थाना जिला अरवल के फर्दबयान पर 2 अज्ञात के विरुद्ध धनरुआ थाना कांड सं.- 413/26 दिनांक- 24.06.26 को केस दर्ज किया गया था।नगर पुलिस अधीक्षक पूर्वी शैलजा के निर्देश पर गठित टीम ने मानवीय एवं तकनीकी आसूचना के आधार पर 07.07.2026 को कार्रवाई की। टीम में धनरुआ थानाध्यक्ष अमित कुमार सहित अन्य थानों के पदाधिकारी शामिल थे। पुलिस ने घटना में शामिल मुख्य अपराधकर्मी 1. राजेश कुमार उर्फ राहुल सिंह पे. जितेन्द्र सिंह सा. करमोपुर बिदुपुर थाना विदुपुर जिला वैशाली को गिरफ्तार किया। पूछताछ में उसने अपना अपराध स्वीकार किया। साथ ही मार्च माह में दरधा पुल के पास हुई चेन लूट की घटना में भी अपनी संलिप्तता बताई। लूट में



प्रयुक्त बाइक, हथियार और नंबर प्लेट उपलब्ध कराने वाले सहयोगी 2. मुन्ना उर्फ मुकुट यादव पे. शिवचन्द्र राय सा. खाजपुर बस्ती थाना बली गांव जिला वैशाली को भी पकड़ा गया। गिरफ्तार अभियुक्त की निशानदेही पर लूटी गई चेन को गलाकर खरीद-बिक्री करने वाले सोनार 3. सूरज कुमार पे. शिवनाथ प्रसाद सा. बारो थाना फुलबरिया जिला बेगुसराय को भी गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने अभियुक्तों के पास से 16 पीस नंबर प्लेट, 10 मोबाइल फोन, 2 स्टीलबर्ड कंपनी का काला हेलमेट, एक हल्के नीले रंग का जूता, एक सफेद प्लास्टिक झोला, 2 डिजिटल तराजू, काले रंग की होंडा साइन मोटरसाइकिल, सोने जैसा दिखने वाला हनुमान जी का लॉकेट और गलाकर बनाया गया ठोस धातु सहित कुल 6.64 ग्राम सोने जैसा आभूषण बरामद किया है।

### तारेगना स्टेशन पर शोभा की वस्तु बना वाटर बूथ

**मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** पटना-गया रेलखंड के तारेगना रेलवे स्टेशन पर यात्रियों की सुविधा के लिए लगाया गया वाटर बूथ इन दिनों महज शोभा की वस्तु बनकर रह गया है। दरअसल प्लेटफार्म संख्या एक और दो पर एक-एक रेलवे विभाग द्वारा स्टेनलेस स्टील का राउंड वाटर बूथ स्थापित किया गया था, लेकिन पिछले कई दिनों से इसके किसी



भी नल से पानी नहीं निकल रहा है।स्टेशन पर सफर करने वाले यात्रियों का कहना है कि गर्मी के मौसम में पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। रेलवे ने मल्टी-टैप सुविधा वाला वाटर बूथ तो लगा दिया, लेकिन उससे एक बूंद पानी नहीं मिल रहा। मजबूरी में यात्रियों को बाहर से बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है या इधर-उधर भटकना पड़ रहा है।

## आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के जरिए ईपीएफओ पोर्टल पर हो सकेगा पीएफ भुगतान

**पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो।** आईडीएफसी फर्स्ट बैंक ने भारत सरकार के श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के तहत काम करने वाले कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) के साथ जुड़कर पीएफ (प्रोविडेंट फंड) भुगतान सेवा शुरू कर दी है। इस सुविधा के जरिए संस्थान अब ईपीएफओ पोर्टल से सीधे पीएफ भुगतान शुरू कर सकते हैं और आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के रिटेल और कॉर्पोरेट इंटरनेट बैंकिंग प्लेटफॉर्म के जरिए आसानी से भुगतान पूरा कर सकते हैं। यह पूरी प्रक्रिया सुरक्षित और पूरी तरह डिजिटल है। इसमें रियल-टाइम ट्रांजैक्शन की पुष्टि, इस्तेमाल में आसान इंटरफेस और रिकॉर्ड रखने व मिलान के लिए तुरंत चालान डाउनलोड करने की सुविधा भी मिलती है। इस लॉन्च के बारे में बात करते हुए, आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के हेड- रिटेल लाइबिलिटीज, आशीष सिंह ने कहा, हम समझते हैं कि हर कारोबार के लिए समय पर वैधानिक भुगतान करना बेहद जरूरी होता है और हमारा मानना है कि यह प्रक्रिया आसान और बिना किसी परेशानी के होनी चाहिए। ईपीएफओ के साथ हमारी इस नई सुविधा के जरिए ग्राहक अब आईडीएफसी फर्स्ट बैंक के डिजिटल प्लेटफॉर्म पर तेजी, सुरक्षा और आसानी से पीएफ का भुगतान कर सकेंगे। यह बैंकिंग को और सरल बनाने की हमारी लगातार कोशिश का हिस्सा है, ताकि ग्राहकों का समय बचे, मेहनत कम हो और उन्हें बेहतर अनुभव मिल सके।

## पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

**विभिन्न विभागों से जुड़े दर्जनों आवेदन प्राप्त**

**दनियावां (पटना)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बिहार सरकार के निदेर्शानुसार प्रखंड दनियावां अंतर्गत ग्राम पंचायत सिंगरियावां के राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय, सिंगरियावां परिसर में सुबह 10:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक पंचायत स्तरीय सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ पंचायत की मुखिया श्रीमती रूबी कुमारी ने प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों के साथ संयुक्त रूप से किया। शिविर में सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं एवं विभागों से संबंधित समस्याओं, जैसे- सामाजिक सुरक्षा पेंशन, बिजली, सार्वजनिक वितरण प्रणाली, हर घर नल-जल योजना, किसान सम्मान निधि, प्रधानमंत्री आवास योजना, नली-गली निर्माण, स्वास्थ्य, शिक्षा सहित अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं से जुड़े मामलों पर बड़ी संख्या में ग्रामीणों ने



आवेदन एवं शिकायतें प्रस्तुत कीं। समाचार लिखे जाने तक ऊर्जा, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण, स्वास्थ्य, गृह, पंचायती राज, राजस्व तथा सामाजिक सुरक्षा विभागों के अंतर्गत कुल 66 आवेदन प्राप्त होने की सूचना मिली है। अन्य विभागों से प्राप्त आवेदनों का विवरण संकलित किया जा रहा है। सभी आवेदनों की प्रविष्टि सहयोग पोर्टल पर की जा रही है, जिनके निष्पादन का प्रयास निर्धारित समय-सीमा, अर्थात 30 दिनों के भीतर किया जाएगा। शिविर का निरीक्षण अनुमंडल पदाधिकारी, पटना सिटी द्वारा किया गया। इस अवसर पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रियंका कुमारी, अंचलाधिकारी गीता कुमारी, कार्यक्रम पदाधिकारी (मनरेगा), प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी सह प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी, प्रखंड पंचायत राज पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी एवं कर्मी उपस्थित रहे। शिविर की सफलता में समाजसेवी एवं शिक्षाप्रेमी दिलीप कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। उन्होंने सामाजिक उत्तरदायित्व के तहत पंचायत के सभी गांवों में ध्वनि विस्तारक यंत्र के माध्यम से व्यापक जनजागरूकता अभियान चलाया, जिसके परिणामस्वरूप पूर्व की अपेक्षा कई गुना अधिक आवेदन प्राप्त हुए तथा पूरे दिन शिविर में ग्रामीणों की आवाजाही बनी रही। उल्लेखनीय है कि मंत्रिमंडल सचिवालय के निदेर्शानुसार कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति, दनियावां की भागीदारी भी प्रस्तावित थी। किंतु समिति के सदस्यों के लिए सम्मानजनक व्यवस्था नहीं होने के कारण अधिकांश सदस्य शिविर में शामिल नहीं हुए।

## संक्षिप्त समाचार

### साइबर ठगी के शिकार पीड़िता को पुलिस ने वापस कराए 50 हजार रुपये

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** साइबर थाना की पुलिस ने बुधवार को को साइबर ठगी के शिकार पीड़िता को साइबर अपराधियों द्वारा ठगी किये गये 50 हजार रुपये वापस पीडिता के खाते में वापस दिलाया. नगर थाना थाना क्षेत्र निवासी हिना प्रवीण के खाते से साइबर अपराधियों ने 50 हजार रुपये की ठगी कर ली थी, जिसके बाद हिना प्रवीण साइबर थाना में मामला दर्ज कराया था. साइबर थाना में मामला दर्ज होन के बाद पुलिस ने ठगी की गयी राशि वापस दिलाने के लिए जांच-पड़ताल शुरू की. जिसके बाद साइबर थाने की पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिना प्रवीण के खाते में 50 हजार रुपये वापस करवाया है.



### 40 लाख की चोरी का तीसरे दिन भी नहीं हुआ खुलासा

**दनियावां/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** दनियावां बाजार स्थित नेहा मोबाइल दुकान में करीब 40 लाख रुपये की हुई सनसनीखेज चोरी का तीसरे दिन भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। घटना के बाद से पुलिस लगातार जांच और जल्द खुलासे का दावा कर रही है, लेकिन अब तक न तो किसी अपराधी की गिरफ्तारी हुई है और न ही कोई ठोस सुराग हाथ लगा है। इससे स्थानीय व्यवसायियों और आम लोगों में पुलिस की कार्यशैली को लेकर सवाल उठने लगे हैं। घटना के बाद डॉग स्क्वायड, तकनीकी जांच, सीसीटीवी फुटेज और मोबाइल लोकेशन के आधार पर अपराधियों तक पहुंचने का प्रयास किया गया, लेकिन अब तक जांच किसी ठोस नतीजे तक नहीं पहुंच सकी है। बाजार के व्यवसायियों का कहना है कि इतने बड़े चोरी कांड के बावजूद अपराधियों का खुलेआम फरार रहना पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़ा करता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि आखिर पुलिस इस मामले का खुलासा कब करेगी? यदि इतने बड़े मामले में भी अपराधी पुलिस की पकड़ से बाहर हैं, तो आम लोगों की सुरक्षा कैसे सुनिश्चित होगी? चोरी के बाद व्यापारियों में दहशत का माहौल है और लोग रात के समय अपनी दुकानों की सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं। थानाध्यक्ष खुशबू खातून ने बताया कि मामले की तकनीकी जांच जारी है। सीसीटीवी फुटेज और अन्य साक्ष्यों के आधार पर अपराधियों की पहचान करने का प्रयास किया जा रहा है। पुलिस का दावा है कि जल्द ही पूरे मामले का खुलासा कर लिया जाएगा। इधर, व्यवसायियों और स्थानीय लोगों ने पुलिस प्रशासन से जल्द से जल्द अपराधियों की गिरफ्तारी कर चोरी की रकम बरामद करने की मांग की है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो पुलिस के प्रति लोगों का विश्वास कमजोर होगा।



### भाकपा माले का नदवां बाजार में प्रतिवाद मार्च

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भाकपा माले और किसान नेता उदय यादव पर हुए हमले के विरोध में बुधवार को धनरुआ प्रखंड के नदवां बाजार में प्रतिवाद मार्च निकाला गया और नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया। भाकपा माले कार्यकर्ताओं ने बताया कि 29 जून को किसान नेता उदय यादव मार्केट से अपने घर रघुनाथपुर लौट रहे थे। इसी दौरान कुछ अपराधियों ने रास्ते में रोककर उनके साथ मारपीट की थी। इस संबंध में धनरुआ थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई गई थी, लेकिन अब तक पुलिस ने आरोपियों पर




कोई कार्रवाई नहीं की है।प्रतिवाद मार्च के बाद आयोजित सभा की अध्यक्षता प्रखंड सचिव कॉमरेड अकलू पासवान ने की। सभा को संबोधित करते हुए कॉमरेड वीरेंद्र प्रसाद, कॉमरेड श्री भगवान पासवान, कॉमरेड निरंजन वर्मा, कॉमरेड जितेंद्र राम, कॉमरेड दीपक पासवान, कॉमरेड शशि रंजन कुमार, कॉमरेड संजय बिंद, कॉमरेड उदय यादव, कॉमरेड दीनाराम और कॉमरेड श्याम बाबू प्रसाद सहित दर्जनों नेता-कार्यकर्ता उपस्थित थे। नेताओं ने कहा कि बिहार में भाजपा के शासनकाल में पुलिस-अपराधी गठजोड़ बढ़ गया है। बुलडोजर के नाम पर गरीबों के घर उजाड़े जा रहे हैं और राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ताओं पर हमले तेज हो गए हैं। सरकार शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और महंगाई के मुद्दे पर फेल है और सवाल करने वालों को दबाया जा रहा है।वक्ताओं ने मांग की कि कॉमरेड उदय यादव पर हमला करने वाले अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार किया जाए। उन्होंने चेतावनी दी की राजनीतिक-सामाजिक कार्यकर्ताओं पर हमला बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

### युवक की लाठी-डंडे से पिटाई, सात आरोपित

**मसौढ़ी /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** मसौढ़ी थाना क्षेत्र के पकड़ी गांव में खेत में फीटर चालू करने गए एक युवक की लाठी-डंडे से पिटाई कर दी गई है। घायल के आवेदन पर पुलिस मामले की जांच कर रही है। घायल कुंदन कुमार उम्र 18 वर्ष पिता जितेन्द्र प्रसाद ने मसौढ़ी थानाध्यक्ष को दिए आवेदन में बताया कि वह अपने खेत में सिंचाई के लिए फीटर चालू करने जा रहा था। इसी दौरान गांव के ही 7 लोगों ने उसे अचानक पकड़ लिया और लाठी-डंडे से मारपीट शुरू कर दी।आवेदन में कुपन ने आरोप लगाया कि रामदेवन प्रसाद उम्र 70 वर्ष पिता भोनू प्रसाद, सुरेश प्रसाद उम्र करीब 50 वर्ष पिता भोनू प्रसाद, मुकेश प्रसाद उम्र 26 वर्ष पिता सुरेश प्रसाद, कपिल प्रसाद उम्र करीब 45 वर्ष पिता भोनू प्रसाद, रामभवन प्रसाद उम्र करीब 52 वर्ष पिता भोनू प्रसाद, सोनू प्रसाद उम्र करीब 52 वर्ष पिता नगीना प्रसाद और मोनू प्रसाद उम्र करीब 28 वर्ष पिता नगीना प्रसाद सभी निवासी ग्राम पकड़ी ने मिलकर उसके साथ मारपीट की।पीड़ित ने बताया कि मारपीट में उसके पूरे शरीर में चोटें आई हैं। सिर के दाहिने तरफ ऊपर गंभीर चोट लगी है और खून बहने लगा। शोर मचाने पर गांव के राहुल कुमार और अन्य लोग जुटे तो सभी आरोपी उसे छोड़कर भाग निकले। पीड़ित ने पुलिस से आरोपियों के खिलाफ उचित कानूनी कार्रवाई की मांग की है। आवेदन के आधार पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फिलहाल पुलिस का कहना है कि दोनों पक्षों के बयान के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

# जिले का टॉप 10 अपराधी समित दो अन्य गिरफ्तार

**पकड़े गए अपराधियों के पास से एक कार्बाइन, एक कट्टा एक मैगजीन बरामद**

**हाजीपुर /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली पुलिस और एसटीएफ बिहार ने संयुक्त रूप से बड़ी कार्रवाई करते हुए काजीपुर थाना क्षेत्र के दौलतपुर चांदी दुर्गा मंदिर के पास से जिले के टॉप-10 में शामिल एक कुख्यात बदमाश सहित दो अपराधियों को गिरफ्तार कर लिया। इनके पास से 1 कार्बाइन, 1 कट्टा, 1 मैगजीन और 2 मोबाइल भी बरामद किए गए हैं। एसपी शुभांक मिश्रा ने प्रेसवार्ता कर बताया कि 6 जुलाई को काजीपुर थाना को एसटीएफ बिहार से गुप्त सूचना मिली थी कि दौलतपुर चांदी गांव के कुछ लोग अवैध हथियार छिपाकर रखे हैं और उनमें से एक व्यक्ति दुर्गा मंदिर के पास मौजूद है। सूचना की गंभीरता को देखते हुए एसपी के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-1 सुबोध कुमार के नेतृत्व में स्थानीय थाना की विशेष टीम गठित की गई। टीम जब दुर्गा मंदिर के पास पहुंची तो एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम राजकुमार शाह उर्फ राज कपूर साह (29 वर्ष), पिता स्व. जुलुम शाह, निवासी पातेपुर, थाना करताहा बताया। गहन पूछताछ में राजकुमार ने बताया कि उसने 1 देशी कार्बाइन और 1 देशी कट्टा छिपाकर रखा है। इसमें उसका सहयोगी राकेश कुमार (27 वर्ष), पिता स्व. जुलिंदर महतो, निवासी दौलतपुर चांदी, थाना काजीपुर भी शामिल है। राजकुमार की निशानदेही पर पुलिस ने राकेश को भी पकड़ा। दोनों ने बताया कि हथियार दौलतपुर चांदी में ईंट के ढेर के अंदर छिपाए हैं। वहां से पुलिस ने 1 देशी कार्बाइन मैगजीन सहित और 1 देशी कट्टा बरामद किया। साथ ही 2 मोबाइल भी जब्त किए गए। एसपी ने बताया कि राजकुमार पिछले एक साल से कार्बाइन रखे हुए था और अपराध करने में इसका इस्तेमाल करता था। पूछताछ में पता चला है कि उसका तार जेल में बंद बदमाशों से भी जुड़ा है। गिरफ्तार राजकुमार शाह वैशाली पुलिस के टॉप-10 बदमाशों में शामिल है। उसके खिलाफ लूट, आर्म्स एक्ट सहित 16 मामले दर्ज हैं: महुआ- 95/17, 110/18, सराय- 142/16, 69/18, कुढ़नी मुजफ्फरपुर- 269/18, करताहा- 38/18, लालगंज- 238/16, सदर- 769/18, 676/23, 645/23, 659/23, 742/20, भगवानपुर- 76/18, हाजीपुर बिहार रेल 111/19। इस संबंध में काजीपुर थाना में कांड संख्या- 471/26 दर्ज कर दोनों को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। एसपी ने कहा कि हथियार सप्लाई करने वाले अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है।



## एसपी कार्यालय में जन शिकायत कार्यक्रम, थानों को त्वरित कार्रवाई के निर्देश

**हाजीपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** वैशाली एसपी शुभांक मिश्रा ने बुधवार को पुलिस कार्यालय में जन शिकायत सुनवाई कार्यक्रम आयोजित कर दर्जनों लोगों की समस्याएं सुनीं. इस दौरान विभिन्न प्रखंडों और सुदूर गांवों से आए पीड़ित नागरिकों ने अपनी शिकायतें दर्ज कराईं. एसपी ने प्रत्येक आवेदक की बात अत्यंत गंभीरता और संवेदनशीलता से सुनी और मौके पर ही संबंधित थानों के प्रभारियों को त्वरित व निष्पक्ष कार्रवाई करने का कड़ा निर्देश दिया. जनसुनवाई में मुख्य रूप से गंभीर जमीन विवाद, आपसी मारपीट, तकनीकी साइबर फ्रॉड और पारिवारिक कलह से जुड़े मामले प्रमुख रूप से सामने रहे. एसपी ने सभी संबंधित थानाध्यक्षों को कड़ा निर्देश दिया कि इन सभी संवेदनशील मामलों में तय समय सीमा के भीतर गहन जांच पूरी कर हर हाल में वास्तविक पीड़ितों को न्याय दिलाएं.



**दोषियों पर होगी कठोर कार्रवाई**

एसपी ने कड़े लहजे में स्पष्ट किया कि पुलिस प्रशासन के रहते किसी भी पक्ष के साथ कतई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा और जांच में दोषी पाए जाने वाले तत्वों के विरुद्ध कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी. उन्होंने बताया कि पुलिस अधीक्षक कार्यालय में नियमित रूप से लोगों की समस्याएं सुनी जा रही हैं, ताकि आमजन को सुलभ न्याय मिल सके और उनकी शिकायतों का समयबद्ध समाधान हो.

## नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़, करोड़ों बरामद, चार गिरफ्तार

**एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में रातभर चली छापेमारी, चार गिरफ्तार; नकदी, सोने के बिस्किट, हथियार और वाहन जब्त**

**कोटवा (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भोपतपुर थाना क्षेत्र के वृत्ति टोला गांव में छापामार कर में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए नकली नोट गिरोह का भंडाफोड़ किया है। शनिवार देर रात एसडीपीओ सदर के नेतृत्व में भोपतपुर निवासी सुलेमान अंसारी और मुफस्सिल थाना क्षेत्र के गोड़वा निवासी इम्तियाज के ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की गई। इस कार्रवाई में पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस के अनुसार, छापेमारी के दौरान एक करोड़ एक लाख रुपये के संदिग्ध नकली नोट, 13 लाख 20 हजार रुपये नकद,भारतीय चिल्ड्रेन बैंक के 25 लाख, 38 सोने के बिस्किट फाइन एवं रोल्ड गोल्ड, एक देशी पिस्टल, कई जिंदा कारतूस,चार मोबाइल,पुलिस ड्रेस टोपी बूट,डस्टर कार ,दो बाइक आदि बरामद की गई है। बरामद सामग्री को जब्त कर जांच के लिए भेज दिया गया है।कार्रवाई के दौरान पुलिस ने चार लोगों को गिरफ्तार किया है। सभी से गहन पूछताछ की जा रही है। प्रारंभिक जांच में फर्जी नोटों के कारोबार से जुड़े एक संगठित नेटवर्क की आशंका जताई जा रही है। पुलिस यह भी पता लगाने में जुटी है कि बरामद सोने के बिस्किट असली हैं या नकली तथा इस पूरे गिरोह के तार किन-किन राज्यों या जिलों से जुड़े हैं।इस विशेष अभियान का नेतृत्व एसडीपीओ सदर 2,एसडीपीओ सदर ने किया। उनके साथ दो प्रशिक्षु डीएसपी, पांच थानों की पुलिस, जिला आसूचना इकाई तथा अन्य पुलिस बल पूरी रात अभियान में शामिल रहे। पुलिस ने कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी कर आरोपियों को दबोचने में सफलता हासिल की। फिलहाल मामले में पुलिस की जांच जारी है और अन्य संदिग्धों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरा एसडीपीओ सदर 2 जितेश पाण्डेय ने बताया कि पुलिस अधीक्षक मोतिहारी के निर्देश पर जिले में बढ़े नोट डबलर गिरोह के संदिग्ध ठिकानों पर छापेमारी की गई।इस दौरान भोपतपुर थाना क्षेत्र के वृत्ति टोला निवासी मो सुलेमान ,मुफस्सिल के गोड़वा निवासी मो इम्तियाज,कोटवा के गैरा निवासी बनारसी साह और कल्याणपुर के शम्भु चक निवासी मनोज कुमार राम को गिरफ्तार किया गया।पूछताछ वृत्ति टोला और गोड़वा में छापेमारी की गई।इस दौरान जाली नोट,असली नोट और चिल्ड्रेन बैंक के नोट बरामद किया है।इस दौर कट्टा,कारतूस,मोबाइल,बाइक, कार और पुलिस ड्रेस भी बरामद कर जब्त किया गया है।उन्होंने कहा कि गिरफ्तार आरोपियों का नेटवर्क यूपी और नेपाल है भी जाली नोट दिल्ली से आने बात सामने आई है। सभी गिरफ्तार से पूछताछ की जारही है और छापेमारी की जा रही है। इस कार्रवाई को जिले में फर्जी नोट कारोबार के खिलाफ अब तक की बड़ी पुलिस कार्रवाई माना जा रहा है।इस अभियान के दौरान एसडीपीओ सदर दिलीप कुमार,प्रशिक्षु डीएसपी प्रियंका कुमारी और अभिषेक कुमार,मुफस्सिल थानाध्यक्ष अमित कुमार, कोटवा थानाध्यक्ष मुकेश कुमार,पिपरा कोठी थानाध्यक्ष ब्रजेश कुमार,भोपतपुर थानाध्यक्ष विकास कुमार तथा जिला आसूचना इकाई की टीम और पुलिस बल के जवान शामिल रहे।



## चलाया गया मेगा टिकट चेकिंग अभियान

**तैंतीस लाख तैंतीस हजार का राजस्व प्राप्त हुआ**

**हाजीपुर /नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** सोनपुर मंडल में यात्रियों को सुरक्षित, सुव्यवस्थित एवं नियमसम्मत यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने तथा रेलवे राजस्व की सुरक्षा सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मेगा टिकट जांच अभियान निरंतर प्रभावी रूप से संचालित किया जा रहा है। मंडल रेल प्रबंधक अमित सरन के कुशल नेतृत्व एवं वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक धीरज कुमार के नेतृत्व में बुधवार को सोनपुर मंडल के विभिन्न प्रमुख स्टेशनों एवं ट्रेनों में व्यापक स्तर पर विशेष मेगा टिकट जांच अभियान चलाया गया। इस अभियान के अंतर्गत सोनपुर, हाजीपुर, बरौनी, बेगूसराय, मानसी, नवगछिया सहित मंडल के अनेक प्रमुख स्टेशनों एवं विभिन्न मेल/एक्सप्रेस तथा यात्री ट्रेनों में टिकट जांच दलों द्वारा सघन जांच की गई। अभियान के दौरान बिना टिकट यात्रा, अनियमित टिकट, बिना उचित प्राधिकरण के यात्रा तथा अन्य टिकट संबंधी अनियमितताओं के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई की गई। विशेष जांच अभियान के दौरान कुल 3,567 मामले दर्ज किए गए, जिससे रेलवे को ₹33,33,543 (तैंतीस लाख तैंतीस हजार पाँच सौ तैंतालीस रुपये) का राजस्व प्राप्त हुआ। यह सोनपुर मंडल द्वारा रेलवे राजस्व की सुरक्षा एवं टिकट जांच व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने की दिशा में किए जा रहे सतत प्रयासों का प्रमाण है।सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनपुर मंडल सभी रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे के नियमों का पालन करें तथा एक सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित रेल यात्रा सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष मेगा टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे। सोनपुर मंडल यात्रियों को बेहतर, सुरक्षित एवं पारदर्शी यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। सोनपुर मंडल सभी रेल यात्रियों से अपील करता है कि वे सदैव उचित एवं वैध टिकट लेकर ही यात्रा करें, रेलवे के नियमों का पालन करें तथा एक सुरक्षित, सुगम एवं अनुशासित रेल यात्रा सुनिश्चित करने में अपना सहयोग प्रदान करें। टिकट रहित एवं अनियमित यात्रा के विरुद्ध भविष्य में भी इसी प्रकार के विशेष मेगा टिकट जांच अभियान जारी रहेंगे।



## रक्सौल - बीरगंज मैत्री पुल पर बांग्लादेशी नागरिक गिरफ्तार

**रक्सौल (पूर्वी चंपारण)/ नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** भारत-नेपाल सीमा पर सुरक्षा व्यवस्था के बीच सशस्त्र सीमा बल (एसएसबी) ने मंगलवार देर रात रक्सौल स्थित इंडो-नेपाल मैत्री पुल से एक बांग्लादेशी नागरिक को गिरफ्तार किया। वह भारत से नेपाल में प्रवेश करने का प्रयास कर रहा था। दस्तावेजों की जांच के दौरान उसके पास भारत में वैध रूप से रहने अथवा यात्रा करने संबंधी आवश्यक दस्तावेज नहीं पाए गए। कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद उसे हरैया थाना पुलिस के हवाले कर दिया गया। गिरफ्तार युवक की पहचान एमडी शियाम हुसैन (27) के रूप में हुई है, जो बांग्लादेश के मुंशीगंज जिले का निवासी है। तलाशी के दौरान उसके पास से बांग्लादेश का पासपोर्ट बरामद हुआ। पासपोर्ट के अनुसार उसका जन्म 22 अगस्त 1998 को हुआ था तथा यह 8 दिसंबर 2020 को ढाका से जारी किया गया था, जिसकी वैधता 7 दिसंबर 2030 तक है।

## मोतिहारी नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक संपन्न

**जनहित से जुड़े विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर लिए गए निर्णय**

**मोतिहारी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक में समूचे नगर निगम क्षेत्र में बेहतर एवं प्रभावी साफ-सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करने, एलईडी स्ट्रीट लाइटों के सुचारु संचालन, वर्षा ऋतु को देखते हुए जल-निकासी व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने, विभिन्न चौक-चौराहों पर स्थापित महापुरुषों की प्रतिमाओं के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण, सार्वजनिक एवं पिंक शौचालयों के निर्माण एवं संचालन तथा नगर निगम क्षेत्र में साइनेज अधिष्ठापन सहित विभिन्न जनहित से जुड़े विषयों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में निर्णय लिया गया कि सभी वार्डों में नियमित एवं गुणवत्तापूर्ण साफ-सफाई, समय पर कूड़ा उठाव एवं झाड़ू कार्य सुनिश्चित किया जाएगा तथा कार्य में लापरवाही पाए जाने पर संबंधित स्वच्छता निरीक्षक, वार्ड जमादार एवं कार्यदायी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। साथ ही खराब एवं बंद पड़ी एलईडी स्ट्रीट लाइटों की शीघ्र मरम्मत कर उन्हें सुचारु रूप से चालू कराने, जल-जमाव वाले क्षेत्रों में त्वरित जल-निकासी सुनिश्चित करने तथा मुख्य नालों एवं गली-मोहल्लों की नालियों की नियमित सफाई कराने का निर्णय लिया गया। बैठक में महापुरुषों की प्रतिमाओं के जीर्णोद्धार एवं सौंदर्यीकरण हेतु लंबित प्राक्कलन शीघ्र उपलब्ध कराने, सार्वजनिक एवं पिंक शौचालयों की लंबित योजनाओं का एग्रीमेंट पूर्ण कर निर्माण कार्य प्रारंभ कराने, गांधी चौक के समीप एक सार्वजनिक शौचालय का निर्माण कराने तथा नव-निर्मित शौचालयों को आवश्यक औपचारिकताएं पूर्ण कर जन-उपयोग हेतु संचालित करने का भी निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त नगर निगम क्षेत्र में साइनेज अधिष्ठापन से संबंधित सभी आवश्यक प्रशासनिक एवं तकनीकी प्रक्रियाएं शीघ्र पूर्ण कर निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य प्रारंभ एवं पूर्ण कराने का निर्देश दिया गया।बैठक में सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देशित किया गया कि लिए गए सभी निर्णयों एवं पूर्व में पारित प्रस्तावों का गंभीरतापूर्वक अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी लंबित कार्यों को निर्धारित समय-सीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से पूर्ण कराया जाए। किसी भी स्तर पर कार्य में अनावश्यक विलंब, लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित पदाधिकारी एवं कार्यदायी एजेंसी के विरुद्ध नियमानुसार उचित कार्रवाई की जाएगी, ताकि नगर निगम क्षेत्र के नागरिकों को बेहतर, स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित शहरी सुविधाएँ उपलब्ध कराई जा सकें।



## दानापुर रेल एडीआरएम ने अथमलगोला रेलवे स्टेशन का किया निरीक्षण

**अथमलगोला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** बुधवार को अपने पूर्व निर्धारित निरीक्षण कार्यक्रम के तहत पूर्व मध्य रेल के दानापुर मंडल के अपर मंडल रेल प्रबंधक (परिचालन) विरेन्द्र कुमार अथमलगोला स्टेशन पहुंचे। जहां पर भाजपा नेता आशुतोष कुमार अमीत के नेतृत्व में सैंकड़ों स्थानीय लोगों ने पुष्प गुच्छ व शॉल से उनका सम्मान किया। स्वागत के बाद डीआरएम दानापुर,खुद यात्री समस्या को विस्तार से जानने के लिए FOB पर चढ गये। जहां पर स्थानीय लोगों ने अथमलगोला रेलवे स्टेशन के 04 नंबर प्लेटफार्म को पार करने के लिए व्यवस्था नहीं रहने का जिक्र किया,उन्होंने कहा की रेलवे इस संबंध में पर्याप्त जमीन का मुआयना कर सही दिशा में कार्यवाही करेगी। मीडिया द्वारा अथमलगोला रेलवे स्टेशन पर जनहित में वर्षो पूरानी मांग ट्रेन संख्या 13331/32 पटना धनबाद एक्सप्रेस व 18183/84 टाटानगर बक्सर एक्स्प्रेस के ठहराव की मांग पर उन्होंने कहा की मै पहली बार यहां आया हूं, और ट्रेन ठहराव की मांग पर जस्टिफिकेशन का प्रयास किया जाएगा और सकारात्मक प्रस्ताव रेलवे बोर्ड भेजा जाएगा। पेयजल में दो हैंडपंप खराब रहने व मोटर नल जल से पानी का लागातार रिसाव होते रहने की समस्या को ए डीआरएम के सामने उठाया गया जिसपर उन्होंने त्वरित निस्तारण का निर्देश दिया। निरीक्षण कार्यक्रम में स्थानीय लोगों के अनुरोध पर अ. विरेन्द्र कुमार अथमलगोला रेलवे स्टेशन,रेलवे कैंपस स्थित मां दुर्गा मंदिर के प्रांगण में पहुंचे जहां स्थानीय भाजपा नेता आशुतोष कुमार अमीत द्वारा उनको माता की चुनरी भेंट की गई।



## जल बचाने का संकल्प, छात्राओं ने जल संरक्षण की सामूहिक शपथ ली

**नवल किशोर बालिका विद्यालय में जल जीवन हरियाली दिवस पर शपथ, रैली और पौधारोपण**

मसौढ़ी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जल जीवन हरियाली दिवस के अवसर पर मसौढ़ी स्थित प्लस टू प्रोजेक्ट नवल किशोर बालिका उच्च विद्यालय में युथ एवं इको क्लब के बैनर तले विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। ग्रामीण विकास विभाग के निर्देश पर आयोजित इस अभियान का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों और समाज में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना और वर्षा जल संचयन को जन आंदोलन का रूप देना था।कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय परिसर से निकाली गई प्रभात फेरी से हुई। छात्राओं और शिक्षकों ने हाथों में जल संरक्षण के नारे लिखी तख्तियां लेकर रैली निकाली और आम लोगों से जल बचाने की अपील की। इसके बाद सभी ने जल संरक्षण की सामूहिक शपथ ली। चेतना सत्र में शिक्षकों ने जल के महत्व, उसके विवेकपूर्ण उपयोग और भविष्य में संभावित जल संकट पर विस्तार से चर्चा की। उन्होंने बताया कि जल का संरक्षण केवल सरकार की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक का नैतिक दायित्व है। विद्यालय में भाषण, निबंध, चित्रकला, स्लोगन लेखन और प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। छात्राओं ने आकर्षक पोस्टर, चित्रों और नारों के माध्यम से जल संरक्षण का संदेश प्रस्तुत किया। परिसर में वर्षा जल संचयन के मॉडल भी प्रदर्शित किए गए। शिक्षकों ने बताया कि छतों पर गिरने वाले वर्षा जल का संग्रह कर उसका उपयोग कैसे किया जा सकता है और इससे भूजल स्तर कैसे बढ़ेगा।इसके बाद विद्यालय परिसर में पौधारोपण और स्वच्छता अभियान चलाया गया। शिक्षकों ने कहा कि हर घर में वर्षा जल संचयन प्रणाली अपनाकर हम जल संकट को कम कर सकते हैं। कार्यक्रम में शिक्षक अजीत कुमार, अर्चना गुप्ता, संजीव कुमार, सृष्टि कुमारी, रिंकी कुमारी, सपना कुमारी, संजना कुमारी, मधु प्रिया, चंद्रभूषण सहित सभी छात्राएं उपस्थित रहीं।






## नियमित टीकाकरण को प्रभावी बनाने पर कार्यशाला आयोजित, माइक्रोप्लान मजबूत करने पर दिया गया जोर

**छपरा (सारण)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता।** नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं व्यवस्थित बनाने के उद्देश्य से छपरा शहर स्थित होटल मयूर में स्वास्थ्य विभाग की ओर से एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में जिले के सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों (सीएचसी) के चिकित्सा अधीक्षक, ब्लॉक प्रोग्राम मैनेजर (बीपीएम) तथा ब्लॉक कम्युनिटी प्रोसेस मैनेजर (बीसीपीएम) ने भाग लिया। कार्यशाला का उद्घाटन सिविल सर्जन डॉ. राजकुमार चौधरी ने किया। उन्होंने कहा कि नियमित टीकाकरण सरकार की अत्यंत महत्वपूर्ण स्वास्थ्य योजनाओं में से एक है। कोरोना महामारी के दौरान यह कार्यक्रम प्रभावित हुआ था, लेकिन अब सरकार इसकी शत-प्रतिशत सफलता सुनिश्चित करने के लिए विशेष प्रयास कर रही है। सिविल सर्जन डॉ चौधरी ने कहा कि प्रत्येक प्रखंड को ऐसा सुदृढ़ माइक्रोप्लान तैयार करना होगा, जिसमें टीकाकरण से जुड़ी सभी जानकारियां स्पष्ट रूप से शामिल हों। इसमें क्षेत्रवार बच्चों एवं गर्भवती महिलाओं की संख्या, लगाए जाने वाले टीकों का विवरण, टीकाकरण सत्रों की संख्या, वैक्सीन की उपलब्धता एवं आपूर्ति व्यवस्था सहित सभी आवश्यक बिंदुओं का समुचित उल्लेख होना चाहिए। उन्होंने कहा कि बेहतर माइक्रोप्लान से नियमित टीकाकरण कार्यक्रम का प्रभावी संचालन सुनिश्चित होगा और एक भी पात्र लाभार्थी टीकाकरण से वंचित नहीं रहेगा। कार्यशाला में विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) के अधिकारियों ने भी नियमित टीकाकरण, माइक्रोप्लान तैयार करने की प्रक्रिया, सत्र संचालन, निगरानी तथा गुणवत्ता सुधार से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से जानकारी दी। इस अवसर पर बिहार प्रदेश भाषा के महासचिव सह मांझी प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी (एमओआईसी) डॉ. रोहित कुमार सहित जिले के सभी चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य विभाग के अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। कार्यशाला में नियमित टीकाकरण कार्यक्रम को अधिक प्रभावी एवं लक्ष्य आधारित बनाने पर विशेष बल दिया गया।



एक नजर

## बोरे से मिला महिला का शव, हत्या की आशंका

**बिहारशरीफ**। रहुई थाना क्षेत्र के वसानपुर गांव स्थित गोइठवा नदी से सटे पुलिया के नीचे प्लास्टिक के बोरे में बंद एक अज्ञात महिला का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। शव की उम्र करीब 25 से 30 वर्ष आंकी जा रही है। पुलिस मामले को संदिग्ध मानते हुए हत्या के विभिन्न पहलुओं की जांच में जुट गई है। पुलिस के अनुसार, 7 जुलाई को रहुई थानाध्यक्ष को वसानपुर स्थित पुलिया के नीचे अज्ञात शव पड़े होने की सूचना मिली। सूचना मिलते ही वरीय अधिकारियों को अवगत कराकर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। जांच के दौरान पुलिया के नीचे प्लास्टिक के बोरे में बंद महिला का सड़ा-गला शव बरामद किया गया।पुलिस ने विधिवत मृत्यु समीक्षा रिपोर्ट तैयार कर शव को कब्जे में लेते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया।घटनास्थल का निरीक्षण पुलिस निरीक्षक नूरसराय अंचल एवं सदर-2 के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ने किया। वहीं, वैज्ञानिक साक्ष्य जुटाने के लिए एफएसएल (फॉरेंसिक साइंस लैब) की टीम ने भी मौके से आवश्यक साक्ष्य एकत्र किए। पोस्टमार्टम के बाद शव की पहचान कराने के उद्देश्य से उसे सदर अस्पताल, बिहारशरीफ के शीतगृह में सुरक्षित रखा गया है। पुलिस मृतका की शिनाख्त कराने का प्रयास कर रही है

## भाजपा नगरनौसा मंडल की मासिक बैठक सम्पन्न, संगठन मजबूती पर चर्चा

**नगरनौसा**। नगरनौसा भाजपा मंडल की मासिक बैठक तीनि गांव स्थित प्रखंड कार्यालय में मंडल अध्यक्ष अभय नंदन पांडेय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में भाजयुमो के प्रदेश प्रवक्ता सनी कुमार पटेल उपस्थित रहे।बैठक में इस माह आयोजित होने वाले आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही संगठन को और अधिक सशक्त एवं विस्तार करने हेतु निष्क्रिय कार्यकर्ताओं को हटाकर सक्रिय एवं कर्मठ कार्यकर्ताओं को संगठन में महत्वपूर्ण दायित्व देने पर बल दिया गया। इस अवसर पर मंडल महामंत्री अमरजीत कुमार सिंह, अभिषेक भारती, उपाध्यक्ष प्रणव देव आनंद, प्रशांत कुमार, अभिषेक कांत, मंडल मंत्री जितेंद्र कुमार पांडे, प्रियंका सिंह, किसान मोर्चा अध्यक्ष अरुण कुमार, युवा मोर्चा अध्यक्ष पिंटू कुमार, अनुसूचित जाति मोर्चा अध्यक्ष चंदन कुमार चैधरी, पंचायत अध्यक्ष चितरंजन कुमार, अमित कुमार, राकेश कुमार, शशि शेखर आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## राजगीर नवोदय विद्यालय में कक्षा 6 में नामांकन के लिए आवेदन शुरू

31 जुलाई तक करें ऑनलाइन आवेदन

**राजगीर**। पीएम श्री जवाहर नवोदय विद्यालय, राजगीर में शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा छह में नामांकन हेतु आयोजित होने वाली जवाहर नवोदय विद्यालय चयन परीक्षा (जेएनवीएसटी)-2027 के लिए ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया शुरू हो गई है। इच्छुक एवं पात्र छात्र-छात्राएं 31 जुलाई 2026 तक आवेदन कर सकते हैं, जबकि चयन परीक्षा का आयोजन 28 नवंबर 2026 को होगा। विद्यालय के प्राचार्य विनीत कुमार शुक्ला ने बताया कि वर्तमान में कक्षा पांच में अध्ययनरत विद्यार्थी आवेदन के पात्र हैं। अभ्यर्थी की जन्मतिथि 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच होनी चाहिए। साथ ही छात्र ने कक्षा तीन, चार और पांच की पढ़ाई उसी जिले के किसी मान्यता प्राप्त विद्यालय से की हो, जहां के जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए आवेदन किया जा रहा है। उन्होंने बताया कि जवाहर नवोदय विद्यालय ग्रामीण क्षेत्रों के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण एवं आधुनिक शिक्षा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से संचालित किए जाते हैं। यहां शिक्षा, आवास, भोजन, पुस्तकालय, खेलकूद, कंप्यूटर शिक्षा सहित अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी तरह निःशुल्क उपलब्ध कराई जाती हैं। अनुशासित एवं प्रतिस्पर्धी शैक्षणिक वातावरण के कारण हर वर्ष बड़ी संख्या में विद्यार्थी इस परीक्षा में शामिल होते हैं। प्राचार्य ने अभिभावकों से अंतिम तिथि का इंतजार किए बिना समय रहते ऑनलाइन आवेदन पूरा करने की अपील की है। आवेदन केवल ऑनलाइन माध्यम से ही स्वीकार किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी एवं आवेदन की प्रक्रिया नवोदय विद्यालय समिति की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है।

## बिहार जदयू प्रदेश कमेटी का गठन, नवादा के कई नेताओं को मिली अहम जिम्मेदारी

**नवादा**। जनता दल (यूनाइटेड) की बिहार प्रदेश कमेटी के नए पदाधिकारियों की घोषणा कर दी गई है। नई कमेटी में नवादा जिले के कई नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां मिलने से कार्यकर्ताओं में खुशी का माहौल है। जारी सूची के अनुसार, प्रोफेसर प्रमिला प्रजापति को प्रदेश उपाध्यक्ष, मेजर इकबाल हैदर खान को प्रदेश महासचिव, डॉ. सतीश कुशवाहा को प्रदेश सचिव तथा मुकेश विद्यार्थी को भी प्रदेश सचिव बनाया गया है। इसके अलावा नवादा के वरिष्ठ नेता नजम इकबाल को भी प्रदेश जनता दल (यू.) का महासचिव मनोनीत किया गया है। नवादा जिले के नेताओं को प्रदेश संगठन में महत्वपूर्ण स्थान मिलने से जदयू कार्यकर्ताओं में हर्ष व्यक्त किया है। कार्यकर्ताओं का कहना है कि इन नियुक्तियों से पार्टी संगठन को और मजबूती मिलेगी तथा जिले की राजनीतिक भागीदारी भी प्रदेश स्तर पर बढ़ेगी। नव मनोनीत पदाधिकारियों ने पार्टी नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए संगठन की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने और पार्टी को और सशक्त बनाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर जदयू नेता तन्ने पठान ने सभी नव मनोनीत पदाधिकारियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनके अनुभव और नेतृत्व क्षमता का लाभ संगठन को मिलेगा। उन्होंने विश्वास जताया कि सभी पदाधिकारी मुख्यमंत्री के नेतृत्व में पार्टी की नीतियों को प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने तथा संगठन को जमीनी स्तर पर मजबूत करने का कार्य करेंगे।

## स्थानांतरित बीसीओ को विदाई, नवपदस्थापित बीसीओ का स्वागत

**कौआकोल**। प्रखंड मुख्यालय स्थित कौआकोल बाजार में बुधवार को प्रखंड सहकारिता पदाधिकारी (बीसीओ) कुंदन बर्णवाल के स्थानांतरण पर विदाई सह स्वागत समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में मौजूद अधिकारियों,पैक्स अध्यक्षों एवं सहकारिता विभाग से जुड़े लोगों ने उनके कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई दी। साथ ही नवपदस्थापित बीसीओ अजय कुमार निराला का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि के रुप में मौजूद जिला सहकारिता पदाधिकारी आलोक कुमार ने कहा कि स्थानांतरण सरकारी सेवा का अभिन्न हिस्सा है, लेकिन अपने कार्यों, व्यवहार और कार्यशैली से लोगों के बीच अलग पहचान बनाना हर किसी के लिए संभव नहीं होता। उन्होंने कहा कि कुंदन बर्णवाल ने अपने कार्यकाल में पैक्सों के साथ बेहतर समन्वय स्थापित किया तथा विभागीय योजनाओं के क्रियान्वयन में सक्रिय भूमिका निभाई। उनके कार्यों को हमेशा याद रखा जाएगा। उन्होंने नवपदस्थापित बीसीओ अजय कुमार निराला का स्वागत करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में भी सहकारिता विभाग की योजनाओं का प्रभावी संचालन होगा। विदाई समारोह में पैक्स अध्यक्षों ने कहा कि कुंदन बर्णवाल हमेशा जनप्रतिनिधियों और किसानों की समस्याओं के समाधान के लिए तत्पर रहते थे। उनके सरल,सौम्य एवं सहयोगात्मक व्यवहार के कारण सभी के बीच उनकी अलग पहचान बनी। पैक्स अध्यक्षों ने शेरघाटी (गयाजी) में उनके नए दायित्व के सफल निर्वहन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर नवपदस्थापित बीसीओ अजय कुमार निराला ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि वे सरकार की योजनाओं को पारदर्शिता और ईमानदारी के साथ धरातल पर उतारने का हरसंभव प्रयास करेंगे तथा पैक्स अध्यक्षों एवं किसानों के सहयोग से सहकारिता विभाग को और मजबूत बनाने की दिशा में कार्य करेंगे।समारोह में बीसीओ सह प्रभारी बीईओ अजित कुमार, पैक्स अध्यक्ष रजनीश कुमार, संजय यादव, सुनील साव, रामाश्रय सिंह,नरेंद्र सिंह, अभय कुमार, कान्ति देवी सहित अन्य पैक्स अध्यक्ष, सहकारिता विभाग के कर्मी एवं गणमान्य लोग उपस्थित थे।

## 25 बीघा खेत में धान की रोपनी पारंपरिक गीतों के साथ शुरू

**मदनपुर**। प्रखंड क्षेत्र के सोन्डीह में बुधवार को लड्डू सिंह के द्वारा लगभग 25 बीघा में धान रोपनी कार्य की शुरुआत की गई। इस दौरान रोपनी कार्य में लगे महिलाओं ने पारंपरिक गीत गाए। धान की रोपाई के दौरान देवी गीत गाने की परंपरा वर्षो पुरानी है। कहा जाता है कि यह परंपरा काम की थकान कम करने और खेतों में उत्साह का माहौल बनाए रखने में सहायक होती है। किसान लड्डू सिंह ने बताया कि बारिश का लंबे समय से इंतजार के बावजूद इंद्रदेव की कृपा किसानों पर कम ही हो रही है। किसान पंपसेट और बीते दिनों वर्षा की पानी का सहारा लेकर खेतों को तैयार कर रहे है। आज 25 बीघा में हमने धान की रोपाई की। उन्होंने ने कहा कि समय पर बारिश नहीं होने से धान की रोपाई प्रभावित है। हालांकि पंपसेट के सहारे अब कुछ किसान अपने खेतों में धान की नर्सरी से पौधे निकालकर रोपाई शुरू करेंगे।

# विद्यालयों की समस्या से अवगत हुए डीइओ



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। अनुमंडल मुख्यालय स्थित राष्ट्रीय इंटर विद्यालय में जिला शिक्षा पदाधिकारी दया शंकर सिंह अनुमंडल के सभी उच्च माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापको एवं प्रभारी प्रधानाध्यापकों के साथ बैठक कर विद्यालयों की समस्याओ और चुनौतियों की जानकारी प्राप्त की। उन्होंने सभी प्रधानाध्यापकों से विद्यालय में उपलब्ध शिक्षकों की संख्या एवं शिक्षकों की कमी का आकलन किया। भूमिहीन और भवनहीन उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालयों में समस्याएं अधिक थी। यह सभी विद्यालय मध्य विद्यालय में संचालित है, जिसके कारण कमरे की कमियों को देखते हुए दो पालियों में विद्यालय चलाने की अनुमति प्रदान की।। उन्होंने सरकार की ओर से गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्रदान करने के संदर्भ में अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर राष्ट्रीय इंटर विद्यालय के प्रधानाध्यापक डॉ ताहिर सैफुल्लाह ,अंबुज कुमार, महेंद्र प्रसाद सिंह ,श्रीनिवास मंडल, संता कुमार,डॉक्टर स्वाति कुमारी, डॉ विनोद कुमार, अनिल मंडल, मृत्युंजय कुमार,प्रशांत कुमार, रवि रंजन, शीवधार देव, आनंद, जयशंकर सिंह,रवींद्रनाथ, राजीव कुमार सहित अनुमंडल के सभी प्रधानाध्यापक प्रभारी प्रधानाध्यापक मौजूद रहे। जिला कार्यालय की ओर से नवीन कुमार धर्मेंद्र कुमार के साथ दाउदनगर के लेखपाल अमरेश कुमार भी मौजूद थे। बैठक के पूर्व प्रधानाध्यापकों ने उन्हें अंगवस्त्र एवं माला से सम्मानित किया। अनुमंडलस्तरीय बैठक दाउदनगर में करने पर सभी ने धन्यवाद दिया।

## रफीगंज स्टेशन से 12.740 किलोग्राम गांजा बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार

**रफीगंज (औरंगाबाद)/नवबिहार टाइम्स संवाददाता**। रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) पोस्ट रफीगंज ने बुधवार को रेलवे स्टेशन परिसर में कार्रवाई करते हुए 12.740 किलोग्राम गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। बरामद गांजा की अनुमानित कीमत 6.37 लाख रुपये आंकी गई है। वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त, डीडीयू के निर्देशन में निरीक्षक प्रभारी के नेतृत्व में आरपीएफ एवं अपराध आसूचना शाखा, गया की संयुक्त टीम स्टेशन पर गश्त और सघन जांच अभियान चला रही थी। इसी दौरान गाड़ी संख्या 12875 अप पुरी–आनंद विहार नीलांचल एक्सप्रेस के प्रस्थान के बाद प्लेटफॉर्म संख्या 1/2 के पश्चिमी छोर स्थित डिहवार स्थान के पास दो युवक पिट्ठू बैग के साथ संदिग्ध अवस्था में दिखाई दिए। पुलिस टीम को देखकर दोनों भागने लगे, लेकिन घेराबंदी कर उन्हें पकड़ लिया गया। पूछताछ के दौरान दोनों ने बैग में गांजा होने की बात स्वीकार की। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोहित कुमार (19), निवासी सुकहरा डेहरी, थाना नासरीगंज, जिला रोहतास तथा जितेंद्र कुमार (27), निवासी सकला बाजार, थाना कराकट-गोराडी, जिला रोहतास के रूप में हुई। राजस्व अधिकारी की उपस्थिति में दोनों बैगों की तलाशी लेने पर रोहित कुमार के बैग से सात पैकेटों में 7.526 किलोग्राम तथा जितेंद्र कुमार के बैग से पांच पैकेटों में 5.214 किलोग्राम गांजा बरामद हुआ। इस तरह कुल 12 पैकेटों से 12.740 किलोग्राम गांजा जब्त किया गया। आरपीएफ ने मौके पर वीडियोग्राफी एवं फोटोग्राफी कर विधिवत जब्ती सूची तैयार की। इसके बाद दोनों आरोपितों तथा जब्त गांजा को अग्रिम कानूनी कार्रवाई के लिए जीआरपी सोन नगर के हवाले कर दिया गया।

## विलुप्त होती जा रही हल-बैल की किसानी परंपरा



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**औरंगाबाद**। मेरे देश की धरती सोना उगले, उगले हीरे मोती मेरे देश की धरती, यह गीत सुनते ही मन मस्तिष्क में एक छाया उभर कर आती है और वह होती है खेत में हल और बैलों के साथ काम करते हुए किसान। जो अपने अथक परिश्रम और लगन से मिट्टी से अनाज उगा कर सभी का पेट भरते हैं परंतु अब किसानी व खेती के तौर-तरीकों में बदलाव आ गया है। तकनीक आधारित खेती ने किसानी को काफी बदल दिया है। पारंपरिक तरीके की खेती शायद अब अपने अंतिम दौर में है। लगातार खत्म होती जा रही है। नयी पीढ़ी के किसान हल-बैल के सहारे खेती करना नहीं पसंद करते हैं। हालांकि हल बैल से खेती में मिट्टी की गुणवत्ता बनी रहती है। ऐसा किसी अन्य प्रकार से संभव नहीं होता है। छोटे किसान अभी भी हल और बैल के माध्यम से ही खेती करते हैं। किसान तुलसी महतो, संजय महतो, अरविंद सिंह, उदय सिंह समेत अन्य किसान बताते हैं कि छोटी जोत में ट्रैक्टर के माध्यम से जुताई संभव नहीं होती है। जिन किसानों के पास छोटी खेती है वैसे किसानों को पारंपरिक रूप से ही खेत की जुताई करनी पड़ती है। कई किसानों ने बताया कि बैल व हल से जुताई करने पर मिट्टी की गुणवत्ता कायम रहती है। ट्रैक्टर से जुताई करने पर मिट्टी में पाए जाने वाले केचुए खत्म हो जाते हैं जो हल-बैल से जुताई करने पर बचे रहते हैं। बैल और हल के माध्यम से जुताई किए गए खेत का उत्पादन में भी फर्क होता है। हम मिट्टी से जुड़े हैं, मिट्टी पर रहते हैं, मिट्टी से ही जीवन यापन होता है और अंतिम समय भी मिट्टी में मिलते हैं। ऐसे में हम अपनी पारंपरिक खेती को आगे बढ़ाते हैं, जो हमारे पूर्वज करते रहे थे। किसानों ने कहा कि हमारे बारे में सरकार को और सोचना चाहिए। बड़े-बड़े उद्यमियों और अमीरों के कर्ज माफ कर दिए जाते हैं परंतु किसान का छोटा सा कर्ज भी माफ करने पर हो हल्ला होने लगता है। उपस्थित सभी छात्र-छात्राओं ने "स्वयं साक्षर होंगे, स्वच्छता का ध्यान रखेंगे" तथा "स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत" के संकल्प के साथ कार्यक्रम का समापन किया।

## तरारी विद्यालय में स्वच्छता एवं शिक्षा जागरूकता अभियान



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**दाउदनगर (औरंगाबाद)**। दाउदनगर महाविद्यालय के महिला प्रकोष्ठ द्वारा आयोजित जागरूकता अभियान के अंतर्गत बुधवार को उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय तरारी में स्वच्छता, शिक्षा एवं बालिका सशक्तिकरण विषय पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो. (डॉ.) एम. एस. इस्लाम ने किया। उन्होंने कहा कि "शिक्षा और स्वच्छता एक सशक्त एवं विकसित समाज की आधारशिला हैं। प्रत्येक छात्र-छात्रा को शिक्षित होने के साथ-साथ स्वच्छता को भी अपने जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। शिक्षित एवं जागरूक नागरिक ही राष्ट्र के उज्ज्वल भविष्य का निर्माण करते हैं।" महिला प्रकोष्ठ की संयोजिका डॉ. शहला बानो ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि "स्वच्छता केवल आदत नहीं, बल्कि एक संस्कार है। प्रत्येक छात्रा को शिक्षा के साथ व्यक्तिगत स्वच्छता तथा सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति भी सजग रहना चाहिए।" डॉ. रोजी कांत ने कहा कि "स्वच्छता और शिक्षा से ही स्वस्थ एवं जागरूक समाज का निर्माण संभव है।" मनोविज्ञान विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ. श्रीनिवास सिंह ने कहा कि "शिक्षा व्यक्तित्व का विकास करती है और स्वच्छता स्वस्थ जीवन का आधार है। दोनों को अपनाकर ही हम एक बेहतर समाज का निर्माण कर सकते हैं।" कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं, विशेषकर बालिकाओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, नियमित शिक्षा, स्वास्थ्य, अनुशासन तथा सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति जागरूक किया गया। विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह के साथ कार्यक्रम में सहभागिता निभाई। इस कार्यक्रम को सफल बनाने में दाउदनगर महाविद्यालय के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवकों ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्वयंसेवकों में शिवानी कुमारी, निर्मल कुमार, श्रुति राज, पुरुषोत्तम कुमार, गुलनाज, सोनी, सुनीता एवं महिला प्रकोष्ठ की सदस्या मीना देवी ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

## जून माह में बने 106 आयुष्मान कार्ड

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**मदनपुर (औरंगाबाद)**। मदनपुर प्रखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में आयुष्मान भारत कार्ड केन्द्र के माध्यम से एक माह में 106 लोगों का आयुष्मान कार्ड निर्गत किया गया है। यह जानकारी आयुष्मान भारत कार्ड बनाने वाले डाटा आपरेटर उत्तम कुमार ने दी है। उन्होंने बताया कि जून माह में कुल आवेदन 153 प्राप्त हुए थे जिसमें 106 लोगों का आयुष्मान भारत कार्ड बनाया गया है। शेष प्रक्रिया में है। तकनीकी रुप से गड़बड़ी की वजह से नहीं बन पाया है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों को आयुष्मान कार्ड निशुल्क बना कर दिया जाता है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र प्रभारी डॉ संजय कुमार ने बताया कि आयुष्मान भारत कार्ड गरीब मध्यम वर्गीय परिवारों के लिए एक वरदान की तरह है। रूपयों के अभाव में गरीब मजदूर और मध्यम वर्गीय परिवारों को गंभीर बीमारियों का उचित इलाज नहीं हो पाता है। ऐसी परिस्थिति में आयुष्मान कार्ड वरदान साबित हो रहा है। आयुष्मान कार्ड से पांच लाख रुपए तक गंभीर बीमारी का इलाज हो सकता है। अस्पताल में सुविधा जनक लोगों का आयुष्मान कार्ड बन जाता है। किसी तरह का कोई शुल्क नहीं लगता है। यह निःशुल्क बनता है। उन्होंने बताया कि हर माह करीब 150 लोगों का आयुष्मान कार्ड बनाया जा रहा है। जुलाई माह में अधिक बनने की संभावना है। प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक ललन प्रसाद सिंह एवं प्रधान सहायक अनिल कुमार सिंह ने बताया कि जरुरतमंद लोगों को जागरूक करने के लिए एक अभियान चलाया गया है। प्रचार प्रसार भी किया जा रहा है। आयुष्मान कार्ड बनवाने के लिए लाभार्थी का राशन कार्ड, आधार कार्ड की जरूरत पड़ता है।

## एड्स जागरूकता के लिए सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज में रेड रन का आयोजन




नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। बिहार राज्य एड्स नियंत्रण समिति और नाको के संयुक्त तत्वावधान में युवाओं में एड्स के प्रति जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से आयोजित रेड रन-2026 के तहत 7 जुलाई को औरंगाबाद जिला स्तरीय प्रतियोगिता का आयोजन सच्चिदानंद सिन्हा कॉलेज, औरंगाबाद में किया गया। प्रतियोगिता में जिले के विभिन्न महाविद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।

प्रतियोगिता का शुभारंभ कॉलेज के प्राचार्य डॉ. सुधीर कुमार मिश्रा ने हरी झंडी दिखाकर किया। इस दौरान सैकड़ों छात्र-छात्राएं मौजूद रहे और एड्स के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। प्रतियोगिता में राम लखन सिंह यादव महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। जिला स्तरीय प्रतियोगिता के विजेता अब राजगीर में आयोजित होने वाली राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

समापन समारोह में डॉ. संजीव रंजन और डॉ. नागेंद्र कुमार सिंह ने विजेताओं तथा प्रतिभागियों को प्रमाण-पत्र और पुस्तकें प्रदान कर सम्मानित किया। जिला नोडल पदाधिकारी बहादुर भीम कुमार सिंह ने सभी अतिथियों को स्मृति-चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. अरविंद कुमार (बर्सर), डॉ. राजीव रंजन, डॉ. निहारिका कुमारी, मनोज कुमार (लेखपाल), नंदलाल कुमार सहित महाविद्यालय के शिक्षक, कर्मचारी और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। आयोजन का उद्देश्य युवाओं में एचआईवी/एड्स के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित करना था।

## बुलेट की टक्कर से वैक्सीन कुरियर घायल, हायर सेंटर रेफर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। अंबा थाना क्षेत्र के एरका कॉलोनी के समीप बुधवार सुबह एक सड़क दुर्घटना में स्वास्थ्य विभाग के एक वैक्सीन कुरियर गंभीर रूप से घायल हो गए। घायल की पहचान अंबा थाना क्षेत्र के बलिया पंचायत अंतर्गत राजपरसा गांव निवासी 50 वर्षीय संतोष कुमार सिंह के रूप में हुई है। प्राथमिक उपचार के बाद उनकी गंभीर स्थिति को देखते हुए चिकित्सक ने उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया है।

जानकारी के अनुसार, संतोष कुमार सिंह प्रतिदिन की तरह बुधवार सुबह भी अपनी साइकिल से ड्यूटी के लिए पंचायत के नारायणपुर गांव जा रहे थे। इसी दौरान एनएच-139 पर एरका कॉलोनी के समीप हरिहरगंज की ओर से आ रहे एक तेज रफ्तार बुलेट चालक ने उनकी साइकिल में जोरदार टक्कर मार दी। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि संतोष कुमार सिंह साइकिल समेत करीब 50 मीटर दूर जा गिरे। घटना के तुरंत बाद बुलेट चालक मौके से तेजी से भागने में सफल रहा। स्थानीय लोगों के अनुसार, बुलेट चालक शराब के नशे में धुत था और बेहद लापरवाही से गाड़ी चला रहा था। घटना की सूचना मिलते ही अंबा थाना पुलिस की डायल 112 टीम तुरंत मौके पर पहुंची और घायल कुरियर को उठाकर तत्काल रेफरल अस्पताल कुटुंबा पहुंचाया।

चिकित्सकों ने अस्पताल में उनका प्राथमिक उपचार किया, लेकिन स्थिति चिंताजनक होने के कारण उन्हें बेहतर इलाज के लिए हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। इधर, पुलिस ने घटना की जानकारी घायल के परिजनों को दे दी है। अंबा थाना पुलिस फरार बुलेट चालक की पहचान करने और मामले में आगे की आवश्यक कार्रवाई में जुट गई है।

## प्रशासनिक उपेक्षा पर गरमाया पंचायत समिति का सदन, अधिकारियों से शो-कॉज का प्रस्ताव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**अंबा (औरंगाबाद)**। प्रखंड मुख्यालय स्थित बहुद्देशीय भवन में बुधवार को आयोजित पंचायत समिति की साधारण बैठक प्रशासनिक उपेक्षा और विभिन्न विभागों की कार्यशैली को लेकर हंगामेदार रही। पूर्व की बैठकों में पारित प्रस्तावों पर कार्रवाई नहीं होने से नाराज जनप्रतिनिधियों ने अधिकारियों के प्रति कड़ा असंतोष जताया। सदन ने दोषी अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस (शो-कॉज) जारी करने का प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किया। बैठक में विधायक ललन भुईयां ने लंबित मामलों में समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने तथा विभिन्न योजनाओं में अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराने का निर्देश दिया। बैठक में सबसे अधिक चर्चा वाराणसी-कोलकाता भारतमाला एक्सप्रेसवे परियोजना का निर्माण करा रही पीएनसी कंपनी को लेकर हुई। जनप्रतिनिधियों ने आरोप लगाया कि कंपनी ग्राम पंचायत की अनुमति के बिना सरकारी भूमि से मिट्टी की कटाई कर रही है, ग्रामीण सड़कों को क्षतिग्रस्त कर रही है तथा विरोध करने पर ग्रामीणों को पुलिस-प्रशासन का भय दिखाया जा रहा है। डुमरी पंचायत के मुखिया रविंद्र यादव ने कहा कि गहरे कटाव से सिंचाई व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सदन ने पूरे मामले की जांच कराने की मांग की। जन वितरण प्रणाली की समीक्षा के दौरान राशन कार्ड बनाने में कथित अनियमितता तथा डीलरों द्वारा प्रति यूनिट अनाज की कटौती का मुद्दा भी प्रमुखता से उठा। आपूर्ति पदाधिकारी अविनाश कुमार ने साइबर कैफे संचालकों द्वारा अवैध वसूली की बात स्वीकार की। वहीं, जनप्रतिनिधियों ने विभागीय मिलीभगत की आशंका जताते हुए निष्पक्ष जांच की मांग की। पंचायत सरकार भवनों के निर्माण में घटिया सामग्री के उपयोग, अवैध बालू से निर्माण और गुणवत्ता जांच के बिना भुगतान किए जाने के आरोप भी लगाए गए। इस पर सदन ने सभी निर्माणाधीन पंचायत सरकार भवनों की उच्चस्तरीय जांच कराने का प्रस्ताव पारित किया। शिक्षा विभाग की समीक्षा के दौरान विद्यालयों में शिक्षक राजनीति, मध्याह्न भोजन योजना में अनियमितता तथा मध्य विद्यालय तुरता के प्रधानाध्यापक पर निर्धारित मेनू के अनुरूप भोजन नहीं देने और जनप्रतिनिधि से दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाया गया। सदन ने मामले की जांच कराने तथा कुटुंबा प्रखंड में भी मध्याह्न भोजन का संचालन एनजीओ के माध्यम से कराने की मांग की। बैठक में रिसीयप, परता और डुमरी में उप स्वास्थ्य केंद्र खोलने, अवैध क्लीनिकों एवं भ्रूण हत्या के मामलों की जांच कराने, अंबा बाजार में जाम की समस्या से निजात के लिए एक सप्ताह के भीतर नो-पार्किंग जोन लागू करने, कुटुंबा पंचायत को माली फीडर से जोड़ने तथा प्रधानमंत्री आवास योजना की अंतिम सूची शीघ्र जारी करने की मांग भी उठाई गई।

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा नवबिहार टाइम्स प्रिंटिंग प्रेस, ग्रोथ सेंटर, बियाडा, जसोइया, औरंगाबाद (बिहार) से मुद्रित एवं सत्येन्द्र नगर, औरंगाबाद (बिहार) से प्रकाशित।

संपादक - कमल किशोर
नवबिहार टाइम्स (दैनिक)
सत्येन्द्र नगर औरंगाबाद (बिहार)
पिन - 824101
मो.-9431223574,9572550076
व्हाटसप नं.-7295863300
ई-मेलः nbtimesbihar@gmail.com
Web : www.navbihartime.com
झारखंड कार्यालय
31, कॉपरेटिव कॉलोनी.
बोकारो स्टील सिटी, बोकारो
मो.- 9431145865
दिल्ली प्रतिनिधि
मो.- 09818366269

## किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय में पौधारोपण



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**औरंगाबाद**। पर्यावरण संरक्षण और हरित भविष्य के निर्माण के उद्देश्य से किशोरी सिन्हा महिला महाविद्यालय, औरंगाबाद में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) के तत्वावधान में 'वन महोत्सव' का आयोजन उत्साहपूर्वक किया गया। कार्यक्रम के दौरान महाविद्यालय परिसर में विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाकर प्रकृति संरक्षण का संदेश दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिह एवं एनएसएस की कार्यक्रम पदाधिकारी डॉ. सुष्मिता कर ने पौधारोपण किया। इस अवसर पर महाविद्यालय परिसर को अधिक हरित एवं पर्यावरण-अनुकूल बनाने का संकल्प लिया गया। प्राचार्या डॉ. कुमारी गायत्री सिह ने अपने संबोधन में कहा कि पौधे केवल धरती की सुंदरता नहीं बढ़ाते, बल्कि मानव जीवन के अस्तित्व का आधार हैं। उन्होंने कहा कि बढ़ते प्रदूषण और जलवायु परिवर्तन की चुनौतियों से निपटने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधारोपण को जनआंदोलन बनाना होगा। उन्होंने छात्राओं से अपील की कि वे केवल पौधे लगाने तक सीमित न रहें, बल्कि उनकी नियमित देखभाल भी करें ताकि वे बड़े होकर पर्यावरण की रक्षा में योगदान दे सकें।

## पुलिस अधीक्षक का कार्यालय औरंगाबाद

बिहार सरकार

(निविदा आमंत्रण)

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि वित्तीय वर्ष–2026–27 में औरंगाबाद जिला के सभी थानों/प्रतिष्ठानों में प्रतिनियुक्त वाहनों में जी0पी0एस0 अधिष्ठापन, माईग्रेशन एवं रिचार्ज कराने के लिए निविदा आमंत्रण की जानी है। जो कोई भी निबंधित संवेदक/फर्म/कम्पनियॉ/प्रतिष्ठित कम्पनी द्वारा उच्च गुणवता वाली जी0पी0एस0 का सेवा उपलब्ध कराना चाहते है, वे अपना निविदा बंद लिफाफा में पुलिस अधीक्षक, औरंगाबाद कार्यालय के परिवहन शाखा, पुलिस केन्द्र, औरंगाबाद में कार्यालय अवधि में दिनांक–25.07.2026 तक जमा कर सकते है।

आवश्यकता आधारित विवरणी निम्न प्रकार है:–

| GPS | | | |
|---|---|---|---|
| New Device Installation | Software Migration | Sim Data Renewal (Recharge) | Warranty Time |
| | | | |

किसी भी निविदा को स्वीकार या अस्वीकार करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।
निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि–25.07.2026
निविदा खोलने की तिथि–28.07.2026

पुलिस अधीक्षक
औरंगाबाद

PR- 007255 (Police) 2026-27

विस्तृत सूचना www.state.bihar.gov.in/prdbihar पर भी देखी जा सकती है।

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार

# महिला एवं बाल विकास निगम द्वारा 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन

## सुरक्षा कानूनों और वित्तीय साक्षरता पर चर्चा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई।** महिला एवं बाल विकास निगम, जमुई के अंतर्गत संचालित जिला हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ वीमेन के तत्वावधान में आज सिकन्दरा प्रखंड के उत्क्रमित मध्य विद्यालय कैथवारा में 'सखी वार्ता' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की महिलाओं एवं किशोरियों को उनके मौलिक अधिकारों, शिक्षा, स्वास्थ्य, सुरक्षा और वित्तीय आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था, ताकि वे समाज में सशक्त और सुरक्षित महसूस कर सकें। कार्यक्रम में जिला हब और वन स्टॉप सेंटर के अधिकारियों सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं और बड़ी संख्या में छात्राओं ने भाग लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला मिशन समन्वयक मुकेश कुमार ने महिलाओं और बालिकाओं के आत्मबल को बढ़ाने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि महिलाओं को अपने अधिकारों के प्रति न केवल जागरूक होना चाहिए, बल्कि किसी भी प्रकार की हिंसा, उत्पीड़न अथवा भेदभाव की स्थिति में बिना किसी डर के आवाज उठानी चाहिए। उन्होंने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं और आपातकालीन हेल्पलाइन सेवाओं का लाभ उठाने का आह्वान किया, ताकि विषम परिस्थितियों में उन्हें त्वरित सहायता मिल सके। इस अवसर पर महिलाओं की सुरक्षा और उनके कानूनी अधिकारों को रेखांकित करते हुए 'मिशन शक्ति' के तहत संचालित विभिन्न योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी गई। उपस्थित छात्राओं और महिलाओं को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के उद्देश्यों से अवगत कराने के साथ-साथ घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण अधिनियम, बाल विवाह निषेध अधिनियम, दहेज निषेध अधिनियम और कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न से संरक्षण अधिनियम जैसे कड़े कानूनों के बारे में विस्तार से बताया गया। इसके अलावा, आपातकालीन स्थितियों के लिए महिला हेल्पलाइन 181, आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098 और साइबर हेल्पलाइन 1930 जैसी जरूरी सेवाओं के उपयोग की विधि समझाई गई। सत्र को आगे बढ़ाते हुए वित्तीय साक्षरता विशेषज्ञ विकाश कुमार ने महिलाओं और छात्राओं को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनने के व्यावहारिक तौर-तरीके सिखाए। उन्होंने वर्तमान दौर में बैंकिंग सेवाओं की उपयोगिता, डिजिटल भुगतान के सुरक्षित तरीकों, ऑनलाइन लेन-देन के दौरान बरती जाने वाली सावधानियों और साइबर अपराधों से बचाव के गुर सिखाए। वहीं, वन स्टॉप सेंटर की केंद्र प्रशासक पूनम कुमारी और सामाजिक परामर्शी शालू सिन्हा ने 'सखी केंद्र' की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने बताया कि यह केंद्र संकटग्रस्त महिलाओं को एक ही छत के नीचे कानूनी सहायता, मनोसामाजिक परामर्श, चिकित्सीय सहायता, पुलिस समन्वय और अस्थायी आश्रय जैसी तमाम आवश्यक सेवाएं पूरी तरह निःशुल्क प्रदान करता है। कार्यक्रम का समापन बेहद उत्साहजनक माहौल में हुआ, जहाँ उपस्थित सभी छात्राओं, शिक्षकों और प्रतिभागियों ने सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ एकजुट होने का संकल्प लिया। सभी ने एक सुर में बाल विवाह, दहेज प्रथा, लैंगिक भेदभाव और महिलाओं के विरुद्ध होने वाली हिंसा के उन्मूलन में अपनी सक्रिय भागीदारी निभाने तथा 'बेटी बचाओऽबेटी पढ़ाओ' अभियान को जमीनी स्तर पर सफल बनाने की शपथ ली।

# पशु की मौत के बाद ग्रामीणों का बिजली कर्मियों के खिलाफ फूटा गुस्सा, सड़क जाम

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई/अलीगंज।** नवादा सिकंदरा मुख्य मार्ग पर दरखा मोड़ पोखर के समीप मंगलवार को सड़क किनारे लगे बिजली ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से एक भैंस की मौत हो गई। घटना के बाद ग्रामीणों में भारी आक्रोश फैल गया। मुआवजे की मांग और बिजली विभाग की लापरवाही के विरोध में ग्रामीणों ने मुख्य सड़क जाम कर प्रदर्शन किया, जिससे दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई और राहगीरों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। मृत भैंस के मालिक रहिश महतो ने बताया कि उनकी भैंस खेत से चरकर गांव लौट रही थी। सड़क किनारे लगे ट्रांसफार्मर की चपेट में आने से उसकी मौके पर ही मौत हो गई। उन्होंने आरोप लगाया कि इसी स्थान पर पहले भी एक मवेशी की करंट लगने से मौत हो चुकी है। उस समय भी ग्रामीणों ने बिजली विभाग से सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम करने की मांग की थी, लेकिन विभाग ने कोई ठोस कदम नहीं उठाया। उन्होंने कहा कि विभाग की लापरवाही के कारण उन्हें हजारों रुपये का नुकसान हुआ है और उनका परिवार इसी पशुपालन पर निर्भर है। ग्रामीणों का कहना था कि ट्रांसफार्मर के आसपास सुरक्षा व्यवस्था का अभाव है और खुले बिजली उपकरण किसी बड़े हादसे को न्योता दे रहे हैं। उनका कहना था कि यदि समय रहते व्यवस्था नहीं सुधारी गई तो भविष्य में किसी व्यक्ति की भी जान जा सकती है। घटना के समय मवेशी मालिक और कई राहगीर भी बाल-बाल बच गए। घटना की सूचना मिलने पर दरखा पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार ने चंद्रदीप एवं लछुआड़ थाना तथा बिजली विभाग के अधिकारियों को इसकी जानकारी दी। सूचना मिलते ही लछुआड़ थाना प्रभारी रूपेश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचे और स्थिति का जायजा लिया। पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों ने ग्रामीणों को समझाने का प्रयास किया, लेकिन ग्रामीण मृत पशु के मालिक को उचित मुआवजा तथा ट्रांसफार्मर को तत्काल वहां से हटाने की मांग पर अड़े रहे। बाद में अधिकारियों द्वारा मामले की जांच कर आवश्यक कार्रवाई तथा उचित पहल का आश्वासन दिए जाने के बाद ग्रामीणों ने सड़क जाम समाप्त किया। ग्रामीणों ने मांग की है कि मृत पशु के मालिक को शीघ्र उचित मुआवजा दिया जाए तथा सड़क किनारे लगे खुले और जर्जर बिजली उपकरणों की मरम्मत या स्थानांतरण कर भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति रोकी जाए। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि सुजीत कुमार, वाई.पी. सुमन सहित सैकड़ों ग्रामीण मौजूद थे।

# रामगढ़ में मिनी गन फैक्ट्री का पर्दाफाश

## दो गिरफ्तार, मशीन व अर्द्धनिर्मित हथियार बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**रामगढ़।** रामगढ़ पुलिस ने रामगढ़ जिले के भुरकुंडा में मिनी गन बनाने वाली फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। यह कार्रवाई रामगढ़ तथा हजारीबाग पुलिस के संयुक्त तत्वाधान में हुई है, जिसकी जानकारी पुलिस अधीक्षक मुकेश लुनायत ने भुरकुंडा ओपी में एक संवाददाता सम्मेलन का आयोजन कर दिया है। घटनाक्रम के अनुसार विगत रात्रि अवैध आग्नेयास्त्र निर्माण एवं तस्करी के संबंध में प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर रामगढ़ एवं हजारीबाग जिला पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा भुरकुंडा ओपी क्षेत्रान्तर्गत ग्राम ए0के0 कोलियरी, दत्तों निवासी दिनेश विश्वकर्मा के घर में विधिवत छापामारी किया गया। छापामारी के दौरान दिनेश विश्वकर्मा के घर की विधिवत तलाशी लेने पर घर में अवैध रूप से संचालित मिनी हथियार निर्माण फैक्ट्री का पर्दाफाश हुआ। तलाशी के क्रम में घर से अवैध रूप से अर्द्धनिर्मित आग्नेयास्त्र, हथियार निर्माण में प्रयुक्त कल-पुर्जे, मशीनरी तथा अन्य उपकरण ब रामद किए गए है। साथ ही अवैध हथियार निर्माण में संलिप्त कुल 02 अपराधकर्मियों को गिरफ्तार किया गया है। पूछताछ एवं प्रारंभिक अनुसंधान में यह तथ्य प्रकाश में आया कि अभियुक्त पिछले कुछ समय से अवैध रूप से हथियार निर्माण कर अपराधियों को उनकी आपूर्ति कर रहे थे। इस संबंध में पतरातु थाना में आर्म्स एक्ट दर्ज कर अग्रेतर कार्रवाई की जा रही है। गिरफ्तार अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा दिया गया। इस मामले में संलिप्त अन्य अपराधियों की गिरफ्तारी, हथियार एवं अन्य उपकरणों के बैकवर्ड-फॉरवर्ड लिंकेज का पता लगाने एवं विधिसम्मत कार्रवाई हेतु अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, पतरातु के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन कर अग्रिम अनुसंधान किया जा रहा है। बताया गया है कि अभियुक्त दिनेश विश्वकर्मा उम्र करीब 45 वर्ष, पिता- बुद्ध विश्वकर्मा, सा0 ए0के0 कोलियरी दत्तो, थाना भुरकुंडा ओ0पी0, जिला- रामगढ़, नूतन देवी उम्र करीब 38 वर्ष, पति दिनेश विश्वकर्मा सा0 ए0के0 कोलियरी दत्तो, थाना भुरकुंडा ओ0पी0, जिला-रामगढ़ को गिरफ्तार किया गया है।

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम के संवर्द्धन को लेकर कार्यशाला

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**शिवाजीनगर।** प्रखंड अंतर्गत प्लस टू उच्च माध्यमिक विद्यालय, शिवाजीनगर के सभागार में बुधवार को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग पीबीएल कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन एवं इसके संवर्धन को लेकर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता पूर्व बीआरपी बालमुकुंद सिंह ने की। इसमें प्रखंड के सभी मध्य विद्यालयों के कक्षा छह से आठ तक के विज्ञान एवं गणित विषय के शिक्षक-शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य विद्यालयों में प्रोजेक्ट आधारित शिक्षण पद्धति को अधिक प्रभावी बनाना तथा विद्यार्थियों के समग्र शैक्षणिक विकास के लिए शिक्षकों को आवश्यक प्रशिक्षण प्रदान करना था। इस दौरान प्रशिक्षक संजीत कुमार शर्मा एवं मनीष कुमार



ने उपस्थित शिक्षकों को प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग कार्यक्रम की अवधारणा, उद्देश्य, संचालन प्रक्रिया तथा इसके शैक्षणिक महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी। प्रशिक्षकों ने बताया कि प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग के माध्यम से विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता, समस्या समाधान कौशल, टीमवर्क, संवाद कौशल एवं व्यावहारिक ज्ञान का विकास होता है। उन्होंने कहा कि इस पद्धति में छात्र केवल पुस्तकीय ज्ञान तक सीमित नहीं रहते, बल्कि वास्तविक जीवन से जुड़े विषयों पर कार्य करते हुए सीखने की प्रक्रिया को अधिक रोचक एवं प्रभावी बनाते हैं कार्यशाला के दौरान जिला एवं प्रखंड स्तर पर गठित तकनीकी टीम की भूमिका पर भी विस्तार से चर्चा की गई। पिछले माह जिले में पीबीएल कार्यक्रम के तहत हुए कार्यों एवं उपलब्धियों की समीक्षा करते हुए कार्यक्रम को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए आगामी कार्ययोजना तैयार की गई। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों को विद्यालय स्तर पर प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों के बेहतर संचालन, विद्यार्थियों की सहभागिता बढ़ाने तथा गुणवत्तापूर्ण परियोजनाओं के चयन एवं मूल्यांकन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए इसके अलावा शिक्षकों को दीक्षा पोर्टल के प्रभावी उपयोग, माइक्रो इम्प्रूवमेंट प्रोजेक्ट की रूपरेखा तैयार करने तथा विद्यालयों में नवाचार आधारित शिक्षण गतिविधियों को बढ़ावा देने के संबंध में व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया गया। कार्यशाला में विभिन्न उदाहरणों एवं गतिविधियों के माध्यम से यह बताया गया कि सीमित संसाधनों में भी विद्यार्थियों को प्रोजेक्ट आधारित शिक्षा से कैसे जोड़ा जा सकता है

कार्यक्रम के अंत में शिक्षकों ने अपने अनुभव साझा किए तथा विद्यालयों में पीबीएल कार्यक्रम को सफलतापूर्वक लागू करने का संकल्प लिया। प्रशिक्षकों ने शिक्षकों से नियमित रूप से प्रोजेक्ट आधारित गतिविधियों का संचालन करने एवं विद्यार्थियों की रचनात्मक प्रतिभा को प्रोत्साहित करने का आह्वान किया।

# 54 शिकायतों में 18 का ऑन द स्पॉट निपटारा

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**जमुई/गिद्धौर।** जिला प्रशासन के निर्देश पर मंगलवार को गिद्धौर प्रखंड के पूर्वी गुगुलडीह और कुंधुर पंचायत में सहयोग सेवा शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का मकसद ग्रामीणों की समस्याओं को गांव में ही सुनकर त्वरित समाधान देना था। शिविर में पंचायती राज, राजस्व, विद्युत, मनरेगा, स्वास्थ्य, कृषि, शिक्षा, खाद्य, जीविका समेत दर्जनों विभागों के काउंटर लगाए गए। ग्रामीण सीधे अधिकारियों के पास अपनी शिकायत लेकर पहुंचे। शिविर में पूर्वी गुगुलडीह से 22 और कुंधुर से 32 कुल 54 आवेदन मिले। इनमें से 18 शिकायतों का ऑन स्पॉट निपटारा कर दिया गया। शेष 36 लंबित आवेदनों को जल्द निपटाने का आश्वासन दिया गया। शिविर में बीडीओ सुनील कुमार ने कहा कि सरकार आमजन की शिकायतों के निष्पादन को लेकर गंभीर है। वहीं अंचल अधिकारी आरती भूषण ने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की समस्याओं के निदान के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध है। आप अपनी बात रखें समय पर कार्रवाई होगी। शिविर में पौधारोपण कर पर्यावरण संरक्षण का भी लोगों को संदेश दिया। इस मौके पर डीएसपी मुख्यालय, आफताब आलम, बीडीओ ई. सुनील कुमार, अंचल अधिकारी आरती भूषण, प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी शिव पूजन कुमार, सीडीपीओ कुमारी बिंदु, मनरेगा कार्यक्रम पदाधिकारी संजीव कुमार सिंह, प्रखंड कृषि पदाधिकारी रामाधार चौधरी, पंचायती राज पदाधिकारी गौरव कुमार, बीसीओ मुकेश कुमार, प्रखंड कल्याण सह शिक्षा पदाधिकारी नीलेश कुमार, प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी स्वास्थ्य नरोतम कुमार सिंह, थानाध्यक्ष राशि मालिक अवर निरीक्षक रंजित कुमार राय, जेई पीएचईडी वर्षा रानी, स्वच्छता समन्वयक प्रियंका रानी आदि मौजूद थीं, वहीं पूर्वी गुगुलडीह मुखिया प्रतिनिधि बबलू यादव, कुंधुर मुखिया रामबचन पासवान सहित जिले से प्रतिनियुक्त पदाधिकारियों की देखरेख में संबंधित विभाग के कर्मी एवं अधिकारी गण सहयोग सेवा शिविर में आमजनों के शिकायत एवं समस्याओं के त्वरित निष्पादन को लेकर शिविर में मौजूद थे।

# सारेवाद व बाबुडीह के सहयोग शिविर में उमड़ी ग्रामीणों की भीड़

## सहयोग शिविर

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**




**जमुई/सोनो।** बिहार सरकार के 'सात निश्चय-3' कार्यक्रम के तहत आम लोगों की समस्याओं के त्वरित समाधान एवं सरकारी योजनाओं का लाभ घर-घर पहुंचाने के उद्देश्य से सारेवाद और बाबुडीह पंचायत में सहयोग शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दोनों पंचायतों के सैकड़ों ग्रामीणों ने भाग लेकर विभिन्न विभागों से जुड़ी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं। शिविर में राशन कार्ड निर्माण, नाम जोड़ने, वृद्धावस्था, विधवा एवं दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान भारत कार्ड, भूमि विवाद, लगान रसीद, दाखिल खारिज तथा प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की ई-केवाईसी से संबंधित मामलों से संबंधित आवेदन दिए गए। मौके पर शिविर में नोडल पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी पंकज कुमार ने कहा कि पंचायत स्तर पर ऐसे शिविर लगाने का उद्देश्य लोगों की समस्याओं का त्वरित समाधान सुनिश्चित करना है, ताकि उन्हें कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। बताया कि प्राप्त शिकायतों की निगरानी जिला एवं राज्य स्तर पर की जाएगी। विभागीय मानकों के अनुसार तीन दिनों के भीतर जांच प्रक्रिया शुरू कर अधिकतम 30 दिनों में निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा। कार्यक्रम में अंचलाधिकारी प्रशांत शाण्डिल, पंचायती राज पदाधिकारी सह बीईओ अमीत कुमार, एमओ, सीडीपीओ, बीसीओ, पूर्व प्रमुख सह मुखिया प्रतिनिधि आलमगीर अंसारी, सारेवाद मुखिया शैला देवी, पूर्व जदयू प्रखंड अध्यक्ष सह मुखिया प्रतिनिधि गुरुदयाल यादव सहित पंचायत प्रतिनिधियों ने सक्रिय भूमिका निभाई।

# रिटायर्ड सीआईएसएफ जवान के घर लाखों की चोरी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**



**धनबाद।** धनबाद शहर के जेसी मल्लिक इंद्र नगर इलाके में चोरों ने एक रिटायर्ड सीआईएसएफ जवान के घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर सीढ़ी के सहारे बाउंड्री पार कर दूसरी मंजिल तक पहुंचे और वहां रखे तीन लाख रुपये नकद, करीब सात लाख रुपये के सोने के जेवर और अन्य कीमती सामान लेकर फरार हो गए। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार, रिटायर्ड सीआईएसएफ कर्मी के घर के निचले हिस्से में बारिश के कारण पानी भर जाने से नकदी, गहनों का बक्सा और पीतल के बर्तन दूसरी मंजिल पर सुरक्षित रखे गए थे। बुधवार सुबह जब परिवार के लोग ऊपर पहुंचे तो वहां रखा सामान गायब मिला। गहनों के बक्से का ताला टूटा हुआ था और उसमें रखे तीन लाख रुपये नकद के साथ दो सोने की चेन, एक सोने का हार, चार जोड़ी झुमके, नाक का बेसर समेत अन्य कीमती आभूषण चोरी हो चुके थे। घटना की सूचना मिलते ही धनबाद थाना पुलिस मौके पर पहुंची और आसपास के लोगों से पूछताछ के साथ घटनास्थल का निरीक्षण किया। पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है ताकि चोरों की पहचान की जा सके। इस चोरी की घटना के बाद स्थानीय लोगों में दहशत और सुरक्षा को लेकर चिंता का माहौल है। पुलिस का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार करने का प्रयास किया जाएगा।

# 45 लीटर शराब के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

**ओबरा (औरंगाबाद) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** ओबरा थाना क्षेत्र के लबदना स्थित सोन दियारा क्षेत्र से पुलिस ने विशेष छापेमारी के दौरान 45 लीटर देशी महुआ शराब के साथ दो तस्कर को गिरफ्तार किया है। थानाध्यक्ष नीतीश कुमार ने बताया कि लबदना सोनदियारा से 45 लीटर देशी महुआ चुलाई शराब के साथ दो व्यक्ति लबदना निवासी उगर चौधरी एवं दीपक कुमार को गिरफ्तार कर बिहार मद्य निषेध उत्पाद संशोधित अधिनियम के तहत प्राथमिकी कर न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा जा रहा है।

# 2022 में शुरू हुआ था नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य, अबतक नहीं हुआ पूर्ण

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर अस्पताल के ठीक सामने नर्सिंग कॉलेज का निर्माण कार्य चल रहा है। प्रगति इतनी धीमी है कि कब पूरा होगा कहा नहीं जा सकता। बता दें कि नर्सिंग कॉलेज का निर्माण काफी धीमी गति से चल रहा है। वहीं जब कार्य प्रारंभ हुआ था तो लोगों को लगा था कि अब यहां नर्सिंग की पढ़ाई प्रारंभ शुरू हो जाएगी परंतु अभी तक निर्माण कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। लोगों को नर्सिंग की शिक्षा लेने के लिए बाहर नहीं जाना पड़ेगा। वर्तमान में यहां के बच्चे दूसरे जिले में जाकर सरकारी नर्सिंग कॉलेज में पढ़ाई करते हैं। वहीं सक्षम छात्र-छात्राएं निजी कॉलेज में जाकर लाखों रुपये खर्च कर पढ़ाई करते हैं। बता दें कि अप्रैल 2022 में कॉलेज का निर्माण कार्य प्रारंभ हुआ था। 18 माह में कार्य समाप्त करना था परंतु अबतक कार्य पूर्ण नहीं हो सका है। बता दें कॉलेज से जिले के युवाओं को बेहतर स्वास्थ्य, शिक्षा और रोजगार के मौके मिलने की आस थी। वहीं अधूरी तैयारियों और सुस्त कार्यप्रणाली का शिकार हो गया है। कॉलेज का निर्माण पहले शुरू हुआ था परंतु अबतक काम अपेक्षित गति से पूरा नहीं हो सका है। भवन निर्माण में देरी के कारण न केवल छात्रों को पढ़ाई के लिए बाहर जाना पड़ रहा है बल्कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों पर अतिरिक्त बोझ बढ़ रहा है। खासकर छात्राओं के लिए यह स्थिति अधिक चुनौतीपूर्ण बनी हुई है क्योंकि दूर शहरों में जाकर पढ़ाई करना हर परिवार के लिए संभव नहीं है।

# घटराइन के वार्ड नं- 5 में अधूरी पड़ी नल जल योजना

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** मदनपुर प्रखंड के तहत घटराईन पंचायत के वार्ड नं-पांच में नल जल योजना की स्थिति काफी बदहाल हो गई है। यहां पांच वर्षो से नल-जल योजना का कार्य अधूरा पड़ा है। पीएचइडी विभाग के अधिकारी कार्य को पूर्ण नहीं किया गया है। योजना के पूर्ण नहीं होने से ग्रामीणों में पीएचइडी विभाग के प्रति आक्रोश है। ग्रामीणों ने बताया कि पांच वर्ष पूर्व पीएचइडी विभाग द्वारा नल-जल योजना कार्य प्रारंभ हुआ था। वार्ड में नल योजना का कार्य शुरू तो हुआ परंतु पूर्ण नहीं हो सका है। विभाग के द्वारा मोटर लगाया गया है। उसके बाद टंकी नहीं लगाया गया है। पाइप भी बिछाया गया तो सिर्फ अधूरा ही बिछाया गया है। पीएचइडी विभाग के अधिकारियों द्बारा यहां केवल कार्य में खानापूर्ति की गई है। बता दें कि राज्य सरकार द्वारा सात निश्चय योजना के तहत हर घर को नल से जल पहुंचाना है परंतु अब ग्रामीणों को सरकार का यह वादा खोखला लगने लगा है। अभी तक सभी घरों में ठीक तरह से नल का जल नहीं पहुंचना चिता का विषय है। गांव में 120 से अधिक घरों की बस्ती है परंतु एक भी घर में नल का जल ग्रामीणों को नसीब नहीं हो सका है। ग्रामीणों ने कई बार विभाग के अधिकारियों को इससे अवगत कराया है परंतु अबतक मामले को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया है। ग्रामीण अमित सिह बताते हैं कि पीएचइडी विभाग के द्बारा यहां नल-जल योजना में केवल खानापूर्ति की गई है।

# नशा मुक्ति एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने को विद्यालय में दिलाई गई शपथ

**नवबिहार टाइम्स संवाददाता**

**औरंगाबाद।** सदर प्रखंड के मध्य विद्यालय जम्होर में नशा मुक्ति एवं स्वच्छता के प्रति सजग रहने को संकल्प समारोह प्रधानाध्यापक अनिल सिह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। इस मौके पर शिक्षकों के साथ छात्रों को संकल्प दिलाया गया। प्रधानाध्यापक अनिल सिह ने कहा कि स्वच्छता से बदलाव होगा ताकि लोग स्वस्थ एवं निरोग रह सके। सरकार ने सात निश्चय योजना के तहत घर-घर शौचालय निर्माण कराया गया है ताकि लोग स्वस्थ रहे और गंदगी से बच सके। साथ ही प्रधानाध्यापक ने नशा मुक्ति अभियान के बारे विस्तार पूर्वक बताते हुए कहा कि नशा मुक्त बनाने को दृढ़ संकल्प ले और लोगों को जागरूक करे। नशा मुक्ति अभियान मुख्य उद्देश्य नशीली दवाओं के सेवन से होने वाले हानिकारक प्रभाव के बारे में जागरूकता बढ़ाए और नशा करने वाले को बुरी लत से छुटकारा पाने में मदद करे। यह अभियान लोगों को नशीली दवाओं के दुरुपयोग के प्रति जागरूकता करके उसे नशे से दूर रहने की प्रोत्साहित करने और नशे की लत से पीड़ित लोगों को उपचार और पूर्णवाश सेवाएं प्रदान करके एक स्वस्थ और नशा मुक्त समाज बनाने का प्रयास करे। उपस्थित छात्र छात्राएं एवं शिक्षकों ने भी संकल्प लेते हुए जागरूकता करने को भरोसा दिलाया। इस मौके पर शिक्षक श्रीनिवास राम, अखिलेश यादव, सुभाष कुमार सहित मौजूद रहे।

# मापी एवं सीमांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण सड़क एवं पुल निर्माण कार्य लंबित

## डीएम ने की जिलास्तरीय समन्वय समिति की बैठक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो




**बेगूसराय।** समाहरणालय स्थित कारगिल विजय सभा भवन में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री की अध्यक्षता में जिला स्तरीय समन्वय समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर जिला पदाधिकारी ने सभी जिला एवं प्रखंड स्तरीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि सरकार की लोक कल्याणकारी योजनाओं का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित किया जाए तथा विभागीय समन्वय में आ रही बाधाओं को प्राथमिकता के आधार पर दूर किया जाए। समीक्षा के क्रम में बिहार लोक सेवाओं का अधिकार अधिनियम के अंतर्गत आय, जाति एवं आवासीय प्रमाण-पत्रों से संबंधित आवेदनों की स्थिति पर विचार किया गया। बताया गया कि 01 जून 2026 से 30 जून 2026 के बीच जिले के विभिन्न प्रखंडों से कुल 95,518 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 86,640 आवेदनों का निष्पादन किया गया। बेगूसराय प्रखंड में सर्वाधिक 17,084 आवेदन प्राप्त हुए। वर्तमान में 8,878 आवेदन समय-सीमा के भीतर लंबित हैं, जबकि समय-सीमा के बाद का कोई भी मामला लंबित नहीं है। अपील संबंधी मामलों की समीक्षा में बताया गया कि आरटीपीएस के अंतर्गत कुल 12,865 अपीलों का शत-प्रतिशत निष्पादन कर दिया गया है। बिहार लोक शिकायत निवारण अधिकार अधिनियम के अंतर्गत 01 जून 2026 से 30 जून 2026 के बीच जिला एवं अनुमंडलीय स्तरों पर कुल 474 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें से 149 मामलों का निष्पादन किया गया है, जबकि 325 मामले 60 कार्य दिवसों से कम अवधि के लिए लंबित हैं। जिला पदाधिकारी ने अंचलाधिकारी, बखरी तथा वन प्रमंडल पदाधिकारी को आवश्यक समन्वय स्थापित कर लंबित प्रतिवेदन अविलंब उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। भू-अर्जन के उपरांत संबंधित विभागों के नाम से दाखिल-खारिज के लिए कुल 520 आवेदनों में से 500 आवेदन लंबित पाए गए, जिनमें सर्वाधिक 235 मामले बरौनी तथा 107 मामले साहेबपुर कमाल में लंबित हैं। इस अत्यधिक पेंडेंसी पर जिला पदाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त करते हुए त्वरित निष्पादन का निर्देश दिया। ग्रामीण कार्य विभाग के अंतर्गत विभिन्न सड़क एवं पुल निर्माण परियोजनाओं की समीक्षा में पाया गया कि कई मामलों में अंचलाधिकारियों से मापी एवं सीमांकन प्रतिवेदन प्राप्त नहीं होने के कारण कार्य बाधित है। इनमें सूर्यपुरा में घाघरा बैंती नदी पर प्रस्तावित उच्चस्तरीय पुल सहित कई परियोजनाएं शामिल हैं। जिला पदाधिकारी ने संबंधित अंचलाधिकारियों को अविलंब मापी कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में आगामी श्रावणी मेला के सफल, सुरक्षित एवं सुव्यवस्थित आयोजन को लेकर तैयारियों की भी समीक्षा की गई। जिला पदाधिकारी ने विशेष रूप से कहा कि श्रावणी मेला के दौरान प्रत्येक सोमवार को श्रद्धालुओं की संख्या में संभावित वृद्धि को देखते हुए अतिरिक्त सतर्कता बरती जाए तथा भीड़ प्रबंधन, सुरक्षा व्यवस्था और मूलभूत सुविधाओं की उपलब्धता पर विशेष ध्यान दिया जाए। बैठक में जिला पदाधिकारी ने 14 जुलाई को मुख्यमंत्री द्वारा पटना में आयोजित सहयोग शिविर के संदर्भ में निर्देश दिया कि जिले में प्राप्त आवेदनों का 24 घंटे के भीतर नियमानुकूल निष्पादन सुनिश्चित किया जाए।

## सर्प दंश से मासूम की मौत

**नावकोठी (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** बखरी शकरपुरा निवासी मो परवेज़ के तीन वर्षीय पुत्र की सर्पदंश से मौत हो गई। मृतक की पहचान बखरी शकरपुरा निवासी मो परवेज़ के तीन वर्षीय पुत्र मो तौशिफ के रूप में हुई है। परिजनों ने बताया कि बुधवार की सुबह खेलते समय किसी विषैले सांप ने तौशिफ को डस लिया। इसके बावजूद उसे तत्काल अस्पताल ले जाने के बजाय परिजन झाड़फूंक कराने के लिए बेगमपुर स्थित भगवती स्थान पहुंच गए। झाड़फूंक के दौरान जब बच्चे की हालत और गंभीर हो गई, तब परिजन आनन-फानन में उसे प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) नावकोठी लेकर पहुंचे। यहां जांच के बाद चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मासूम की मौत के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे गांव में शोक की लहर दौड़ गई। चिकित्सकों ने लोगों से अपील की है कि सांप काटने जैसी स्थिति में झाड़फूंक या अंधविश्वास के बजाय बिना समय गंवाए निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुंचें। समय पर एंटी-स्नेक वेनम (एएसवी) उपचार मिलने से अधिकांश मामलों में मरीज की जान बचाई जा सकती है।

## एक नजर

### बीडीओ को दी गई भावभीनी विदाई

**बलिया (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखंड के प्रखंड विकास पदाधिकारी सन्नी कुमार के स्थानांतरण के उपरांत बुधवार को प्रखंड परिसर स्थित सभागार में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में प्रशासनिक अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों, कर्मियों एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सन्नी कुमार के कार्यकाल की सराहना करते हुए उन्हें सम्मानपूर्वक विदाई कार्यक्रम की अध्यक्षता बलिया अनुमंडल पदाधिकारी तरूणिजा ने की, जबकि मंच संचालन शिक्षक सुनील कुमार ने क्या बलिया अनुमंडल पदाधिकारी तरूणिजा ने कहा कि किसी भी अधिकारी की पहचान केवल उसके पद से नहीं, बल्कि उसके कार्यों और व्यवहार से होती है। सन्नी कुमार ने अपने कार्यकाल में जिस प्रकार विकास कार्यों को गति दी और आम लोगों की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ सुना, वह निश्चित रूप से अनुकरणीय है।इस अवसर पर बलिया व्यापार मंडल के अध्यक्ष राकेश सिंह कार्यक्रम में प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी बलिया, शिक्षक मुरारी कुमार संत पंकज कुमार, सरपंच अभिषेक कुमार, प्रखंड कार्यालय के कर्मचारी अमीत कुमार, जनार्दन विश्वा, प्रीति कुमारी, दुर्गेश कुमार, मंतोष कुमार, मो. तनवीर, राजेश कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, कर्मचारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। समारोह में दर्जनों लोगों की उपस्थिति थे।

### एसएसवी कालेज में सेमिनार का होगा आयोजन

**कहलगांव (भागलपुर) (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** स्थानीय शंकर साह विक्रमशिला कॉलेज परिसर में आगामी 10 व 11 जुलाई को दो-दिवसीय बहुविषयक राष्ट्रीय सेमिनार का आयोजन होगा। यह संगोष्ठी कॉलेज के आंतरिक गुणवत्ता आश्वासन सेल द इंडियन केमिकल सोसाइटी (भागलपुर चैप्टर), और बिहार एवं झारखंड के कृषि-आर्थिक अनुसंधान केंद्र के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की जा रही है। वर्तमान वैश्विक परिदृश्यों को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष सेमिनार का मुख्य विषय सर्कुलर और हाइड्रोजन अर्थव्यवस्था के माध्यम से सतत विकास को बढ़ावा देना है। कालेज के प्रभारी प्राचार्य डा. राजेश कुमार मिश्र ने बताया कि इस सेमिनार में देशभर के नामचीन शिक्षाविद, वैज्ञानिक, शोधकर्ता एवं विशेषज्ञ शिरकत करेंगे।

### डीएम ने इवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण



**बेगूसराय (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा बुधवार को ईवीएम वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस में सुरक्षित रखी गई इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों एवं उससे संबंधित व्यवस्थाओं का जायजा लिया तथा सुरक्षा, रख-रखाव एवं अभिलेखों के संधारण की स्थिति की समीक्षा की।जिला पदाधिकारी ने निरीक्षण के क्रम में ईवीएम वेयरहाउस में अपनाई जा रही सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी, प्रवेश नियंत्रण तथा अन्य आवश्यक प्रावधानों का अवलोकन किया। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्वाचन आयोग के निर्धारित मानकों एवं दिशा-निर्देशों के अनुरूप ईवीएम वेयरहाउस की सुरक्षा एवं रख-रखाव सुनिश्चित किया जाए, ताकि निर्वाचन प्रक्रिया से संबंधित सामग्रियों की सुरक्षा एवं पारदर्शिता बनी रहे।इस अवसर पर उप निर्वाचन पदाधिकारी सौरव कुमार उपस्थित थे। साथ ही विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में निरीक्षण की प्रक्रिया संपन्न हुई। उपस्थित प्रतिनिधियों में जेडीयू जिला अध्यक्ष नन्द लाल राय, बीजेपी से कुंदन भारती, सीपीआई(एम) से कुमार विनिताभ, बीएसपी से श्री प्रदीप कुमार, आरजेडी से शिवजी महतो, आप से श्री सुधीर कुमार, कंाग्रेस से श्री रंजीत कुमार तथा भाकपा माले से राजेश श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

### आरसेटी प्रशिक्षणार्थियों के लिए वाटर कूलर का उद्घाटन

**कोइलवर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** पंजाब नेशनल बैंक ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान (पीएनबी आरसेटी), कोईलवर भोजपुर में बुधवार को प्रशिक्षणार्थियों की सुविधा के लिए स्थापित नए वाटर कूलर का उद्घाटन पंजाब नेशनल बैंक, आरा मंडल के मंडल प्रमुख उत्पल कुमार ने किया। इस अवसर पर मंडल प्रमुख ने संस्थान में संचालित रेफ्रीजिरेटर एवं एयर कंडीशनर (आरएसी) प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि सभी प्रशिक्षणार्थी पूरे मनोयोग, अनुशासन और लगन के साथ तकनीकी कौशल अर्जित करें। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से आत्मनिर्भर बनकर सफल उद्यमी के रूप में अपनी अलग पहचान स्थापित की जा सकती है। उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद स्वरोजगार शुरू करने के इच्छुक योग्य प्रशिक्षणार्थियों को पंजाब नेशनल बैंक की ओर से आवश्यकता के अनुरूप ऋण सुविधा उपलब्ध कराने का हरसंभव प्रयास किया जाएगा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मंडल कार्यालय, आरा के मुख्य प्रबंधक करण कुमार ने कहा कि पंजाब नेशनल बैंक, पीएनबी आरसेटी भोजपुर में प्रशिक्षणार्थियों को बेहतर प्रशिक्षण और सभी आवश्यक आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आने वाले समय में इस संस्थान को जिले के एक आदर्श एवं मॉडल प्रशिक्षण संस्थान के रूप में विकसित किया जाएगा। कार्यक्रम में संस्थान के निदेशक रमेश कुमार त्रिपाठी, संकाय सदस्य प्रेम कुमार, देव कुमार, कार्यालय सहायक आशीष प्रसाद सहित संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने बैंक प्रबंधन द्वारा उपलब्ध कराई गई इस सुविधा के लिए आभार व्यक्त किया।

## मेघा वर्मा बनीं नावकोठी की प्रभारी बीइओ

नवबिहार टाइम्स संवाददाता



**नावकोठी।** नावकोठी प्रखंड के शिक्षा विभाग में प्रशासनिक बदलाव किया गया है। जिलाधिकारी के आदेश पर प्रखंड के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी मेघा वर्मा को प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है। उनके प्रभार ग्रहण करने के साथ ही अब प्रखंड के सरकारी विद्यालयों के शैक्षणिक, प्रशासनिक एवं योजनाओं के क्रियान्वयन की जिम्मेदारी भी उनके कंधों पर होगी। इससे पूर्व यह दायित्व प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल रंजन के पास था। विद्यालयों में पठन-पाठन की गुणवत्ता, शिक्षकों की उपस्थिति, विभिन्न सरकारी योजनाओं का संचालन, नामांकन अभियान, मध्याह्न भोजन, छात्रवृत्ति सहित कई महत्वपूर्ण कार्यों की निगरानी इसी पद के माध्यम से की जाती है। नए प्रभार की सूचना मिलते ही शिक्षा विभाग के अधिकारियों, शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच चर्चा का विषय बन गई। प्रखंड के शिक्षकों एवं शिक्षा प्रेमियों ने उम्मीद जताई है कि नए नेतृत्व में विभागीय कार्यों में गति आएगी, विद्यालयों की नियमित मॉनिटरिंग होगी तथा लंबित शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित किया जाएगा।

## श्रावणी मेला की तैयारी को लेकर प्रमंडलीय आयुक्त ने की समीक्षा

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



**भागलपुर।** विश्व प्रसिद्ध श्रावणी मेला के सफल संचालन एवं इसकी तैयारियों को लेकर बुधवार को भागलपुर सह मुंगेर के प्रमंडलीय आयुक्त प्रेम सिंह मीणा की अध्यक्षता में एक समीक्षा बैठक आयोजित की गई। स्थानीय प्रमंडलीय सभागार में आयोजित इस बैठक में श्रावणी मेला के सफल एवं शांतिपूर्ण आयोजन हेतु विभिन्न विभागों द्वारा किये जा रहे कार्यों की प्रगति की विस्तार पूर्वक समीक्षा की गई। साथ ही, लंबित कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण करवाने का निदेश दिया गया। मेला के दौरान सुरक्षा व्यवस्था, मुलभूत सुविधाए; जैसे-पेयजल, स्वच्छता, खाद्य सुरक्षा, सुचारू यातायात, विद्युत की उपलब्धता इत्यादि विषयों पर संबंधित जिला पदाधिकारियों से पूछताछ की गई। मेला के दौरान विधि-व्यवस्था संधारण हेतु पर्याप्त संख्या में दंडाधिकारी एवं पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति एवं उनके आवासन हेतु आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने का निदेश दिया गया। कैमरा के अधिष्ठापन एवं इसके माध्यम से निगरानी किये जाने पर विशेष बल दिया गया। श्रद्धालुओं के लिए जगह-जगह पर अस्थायी शौचालय, पेयजल की व्यवस्था एवं इसकी नियमित साफ-सफाई कराये जाने का भी निदेश दिया गया। मेला के दौरान भीड़भाड़ वाले जगहों पर जमा होने वाले कचड़ के नियमित निष्पादन किये जाने का भी निदेश दिया गया है। मेला के दौरान श्रद्धालुओं को पेयजल की सुविधा उपलब्ध कराये जाने हेतु जगह-जगह नये चापाकल लगाये जाने के अलावा पुराने चापाकल को यथाशीघ्र मरम्मत कर चालू कराने का निदेश दिया गया है। पथ निर्माण विभाग को निर्धारित समय-सीमा के अंतर्गत कांवरिया पथ में बालू बिछाने का कार्य पूर्ण करने का निदेश दिया गया। कांवरिया पथ एवं सभी निवास केन्द्र पर अवस्थित विद्युत पोल से जुड़े तारों की मरम्मति, ढीले तारों को हटाया जाना, रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था किया जाना इत्यादि कार्यों को एक सप्ताह के अंदर पूर्ण कराने का निदेश दिया गया। इसके अतिरिक्त पूरे कांवरिया पथ में एव निवास केन्द्र पर अस्थायी चिकित्सा केन्द्र की स्थापना के साथ-साथ पर्याप्त संख्या में चिकित्सा कर्मियों की प्रतिनियुक्ति एवं आवश्यक दवाओं एवं एम्बुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित कराने का निदेश दिया गया। कांवरिया पथ में खुलने वाले सभी भोजनालों के लिए दर का निर्धारण के साथ-साथ इसके गुणवत्ता के जांच हेतु आवश्यक कार्रवाई करने का निदेश दिया गया। आकस्मिक स्थिति में आपदा से निपटने हेतु एसडीआरएफ की टीम की प्रतिनियुक्ति करने का निदेश दिया गया। मेला के अवसर पर लगने वाले टेंट सिटी एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रचार-प्रसार हेतु पर्यटन विभाग को आवश्यक निदेश दिया गया। बांका जिला के चांदन प्रखंड में बनाये जाने वाले पार्किंग स्थल पर आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ यातायात व्यवस्था को सुचारू रखने हेतु विशेष तैयारी किये जाने पर बल दिया गया। सूचना एवं जन-संपर्क विभाग के माध्यम से जगह-जगह होर्डिंग, बैनर के द्वारा उपलब्ध कराये जाने वाले सुविधाओं को प्रचारित करने का निदेश दिया गया।

## सहयोग शिविर से असंतुष्ट आवेदकों की शिकायत की जाएगी मुख्यमंत्री स्तर पर

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**बेगूसराय।** जिला स्तर पर आयोजित सहयोग शिविर में प्राप्त निर्णयों से असंतुष्ट आवेदकों की शिकायतों की सुनवाई अब सीधे मुख्यमंत्री स्तर पर की जाएगी।

आम नागरिकों की शिकायतों के त्वरित, समयबद्ध एवं प्रभावी निवारण के उद्देश्य से बिहार सरकार द्वारा अब राज्य स्तर पर एक नई व्यवस्था लागू की जा रही है। इसके लिए प्रत्येक माह के द्वितीय मंगलवार को संवाद, मुख्यमंत्री सचिवालय में राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इस महत्वाकांक्षी कार्यक्रम की शुरुआत आगामी 14 जुलाई से की जा रही है। मुख्यमंत्री सचिवालय से प्राप्त निर्देशों के आलोक में जिला पदाधिकारी श्रीकांत शास्त्री द्वारा जिले में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन तथा अन्य जिलों से आने वाले आवेदकों की सुविधा के मद्देनज़र विस्तृत प्रशासनिक आदेश जारी किया गया है। जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट किया है कि जिला स्तरीय सहयोग शिविरों में निष्पादित कुछ मामलों में यदि आवेदक समाधान से संतुष्ट नहीं हैं तो वे अपने पूर्व आवेदन का विवरण एवं उस पर की गई कार्रवाई का उल्लेख करते हुए सहयोग पोर्टल पर पुनः ऑनलाइन आवेदन दर्ज करा सकेंगे। प्राप्त आवेदनों की स्क्रूटनी के उपरांत चयनित आवेदकों को उनके मोबाइल नंबर पर एसएमएस के माध्यम से निर्धारित तिथि एवं समय की सूचना उपलब्ध कराई जाएगी, ताकि वे राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम में भाग ले सकें। पटना की दूरी को देखते हुए पूर्णिया प्रमंडल के अररिया एवं कटिहार जिलों से आने वाले आवेदकों, दंडाधिकारियों तथा पुलिस पदाधिकारियों के रात्रि विश्राम हेतु बेगूसराय जिले को ट्रांजिट पॉइंट के रूप में चिन्हित किया गया है। जिला पदाधिकारी ने नजारत उप समाहर्ता, बेगूसराय को निर्देश दिया है कि वे इन जिलों से आने वाले सभी व्यक्तियों के लिए शहर के उपयुक्त होटलों का चयन कर आवास, भोजन एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं की समुचित व्यवस्था समय पर सुनिश्चित करें।कार्यक्रम के सुचारु संचालन, समन्वय एवं मॉनिटरिंग के लिए जिला स्तर पर अपर समाहर्त्ता (विभागीय जाँच) को नोडल पदाधिकारी नामित किया गया है। उनके सहयोग के लिए जिला आईटी प्रबंधक अजीत कुमार तथा पूर्व से प्रतिनियुक्त छह अन्य अधिकारियों की टीम तैनात रहेगी। जिला आईटी प्रबंधक को निर्देशित किया गया है कि वे सहयोग पोर्टल पर प्राप्त एवं स्क्रूटनी किए गए आवेदनों का प्रिंटआउट नोडल पदाधिकारी के समक्ष उपलब्ध कराएं। साथ ही, राज्य स्तरीय सहयोग कार्यक्रम के दिन जिला पदाधिकारी के मुख्यमंत्री के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़ने हेतु सभी तकनीकी व्यवस्थाएं सुनिश्चित करें।

## महिलाओं की सुरक्षा को लेकर ई-रिक्शा चालक ने डीएम से की अपील

**भगवानपुर (नवबिहार टाइम्स संवाददाता)।** प्रखण्ड क्षेत्र में महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा तथा घर छेड़ने जैसी संवेदनशील घटनाओं की रोकथाम के उद्देश्य से बनवारीपुर, अतरुआ, छत्रीटोल, नवाबगंज, बरौनी मार्ग पर ई-रिक्शा चलाने वाले कमाल हसन ने 3 जुलाई को जिला पदाधिकारी, बेगूसराय को एक आवेदन सौंपकर जनहित में आवश्यक कदम उठाने की मांग की है। आवेदन में उन्होंने कहा है कि सार्वजनिक परिवहन से जुड़े चालक प्रतिदिन बड़ी संख्या में यात्रियों के संपर्क में आते हैं। ऐसे में यदि उन्हें संवेदनशील परिस्थितियों की पहचान, कानूनी प्रक्रिया तथा संबंधित विभाग को समय पर सूचना देने की सही जानकारी दी जाए, तो महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा को और मजबूत किया जा सकता है। उन्होंने जिला प्रशासन से अनुरोध किया है कि जिले के ई-रिक्शा, ऑटो, टैक्सी तथा अन्य सार्वजनिक वाहन चालकों के लिए जागरूकता एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएँ। प्रशिक्षण में यह बताया जाए कि किसी भी संवेदनशील स्थिति में कानून का पालन करते हुए डायल-112 अथवा स्थानीय थाना को सूचना कैसे दी जाए तथा यात्रियों के सम्मान और अधिकारों का पूरा ध्यान कैसे रखा जाए। कमाल हसन ने अपने आवेदन में यह भी सुझाव दिया है कि विद्यालयों, पंचायतों और ग्रामीण क्षेत्रों में अभिभावकों, किशोरियों एवं युवतियों के लिए जागरूकता अभियान चलाए जाएँ। इन अभियानों में परिवार के साथ संवाद बनाए रखने, सुरक्षित निर्णय लेने, किसी भी दबाव या परेशानी की स्थिति में परिवार, शिक्षकों या पुलिस से सहायता लेने तथा महिलाओं और बालिकाओं की सुरक्षा से जुड़े विषयों पर जानकारी दी जाए।

## नवोदय विद्यालय छठी कक्षा प्रवेश परीक्षा का नोटिफिकेशन जारी

### 31 जुलाई तक कर सकते हैं ऑनलाइन आवेदन, 28 नवंबर को होगी परीक्षा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** जवाहर नवोदय विद्यालय समिति ने शैक्षणिक सत्र 2027-28 के लिए कक्षा 6 में प्रवेश हेतु चयन परीक्षा जेएनवीएसटी का नोटिफिकेशन जारी कर दिया है। इच्छुक छात्र 31 जुलाई 2026 तक ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। प्रवेश परीक्षा 28 नवंबर 2026, शनिवार को आयोजित की जाएगी। नवोदय विद्यालय ग्रामीण प्रतिभाओं को निःशुल्क आवासीय शिक्षा देने के लिए देशभर में प्रसिद्ध हैं। इसके लिए अभ्यर्थी का जन्म 1 मई 2015 से 31 जुलाई 2017 के बीच हुआ हो। दोनों तिथियां मान्य होंगी। छात्र सत्र 2026-27 में किसी सरकारी या सरकारी मान्यता प्राप्त विद्यालय में कक्षा 5 में अध्ययनरत हो। अभ्यर्थी उसी जिले के जवाहर नवोदय विद्यालय में प्रवेश के लिए पात्र होगा, जहां वह वर्तमान में कक्षा 5 में पढ़ रहा है। आवेदन प्रक्रिया पूरी तरह निःशुल्क और ऑनलाइन है। अभ्यर्थी एन वी एस की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर फॉर्म भर सकते हैं। फॉर्म के साथ अभ्यर्थी का फोटो, हस्ताक्षर, अभिभावक का हस्ताक्षर और प्रधानाध्यापक द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र अपलोड करना अनिवार्य है। चयन परीक्षा दो घंटे की होगी। इसमें कुल 80 वस्तुनिष्ठ प्रश्न पूछे जाएंगे जो 100 अंकों के होंगे। प्रश्न पत्र 3 भागों में बंटा होगा, जिसमें मानसिक योग्यता परीक्षण 40 अंकों का व अंकगणित परीक्षण 20 अंकों का होगा। परीक्षा हिंदी, अंग्रेजी सहित 20 क्षेत्रीय भाषाओं में ली जाएगी ।यहां कक्षा 6 से 12 तक शिक्षा, भोजन, आवास, यूनिफॉर्म और पाठ्य पुस्तकें पूरी तरह निःशुल्क दी जाती हैं। सिर्फ कक्षा 9 से 12 के छात्रों से विकास निधि के रूप में 600 रुपये प्रतिमाह लिया जाता है। बीपीएल, एससी/एसटी और सभी बालिका छात्रों को इससे भी छूट है। शिक्षा विभाग ने अभिभावकों से अपील की है कि ग्रामीण क्षेत्र की प्रतिभाओं को बेहतर अवसर देने के लिए समय रहते आवेदन पूरा कर लें। 31 जुलाई के बाद पोर्टल बंद कर दिया जाएगा।

## गणित ओलम्पियाड में सफल छात्रों को किया गया सम्मानित

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

**पीरो।** एसओएफ इंटरनेशनल गणित ओलम्पियाड में सफल आरएलएस पब्लिक स्कूल पीरो के छात्रों को यहां एक समारोह आयोजित कर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक दिनेश कुमार सिंह ने सफल सभी छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विद्यालय के निदेशक के अनुसार एसओएफ इंटरनेशनल गणित ओलम्पियाड में विद्यालय के 12 छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है। जिन छात्र-छात्राओं ने सफलता हासिल की है उनमें कक्षा तीन के ऋतिक पांडेय, अंश कुमार व सत्यम कुमार, कक्षा चार के अभिलेख कुमार शर्मा, पलक कुमारी व अबीरा सिंह यादव कक्षा पांच के किशोर कुमार, नैतिक कुमार व मोहित कुमार कक्षा सात के मो जावेद कक्षा आठ के मो रिजवान कक्षा नौ के मयंक राज तिवारी शामिल हैं। इनके अलावे प्रतियोगिता में दूसरे लेवल के प्रतिभागी सृष्टि कुमारी, आकांक्षा व साहिल राज सहित अन्य छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी छात्रों ने विद्यालय के शिक्षक शंभू कुमार सिंह, विनोद पांडेय, जयचंद, नीतीश कुमार व शमीमा खातून के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी की थी। यहां आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता ने किया। आकांक्षा व साहिल राज सहित अन्य छात्रों को भी प्रशस्ति पत्र प्रदान किया गया। सभी छात्रों ने विद्यालय के शिक्षक शंभू कुमार सिंह, विनोद पांडेय, जयचंद,नीतीश कुमार व शमीमा खातून के मार्गदर्शन में प्रतियोगिता की तैयारी की थी। यहां आयोजित पुरस्कार वितरण कार्यक्रम का संचालन शिक्षक दीपक कुमार गुप्ता ने किया।

## एमडीएम को लेकर शिक्षा विभाग ने जारी किए निर्देश

### रसोईघर-सह-भंडारगृह की सफाई अनिवार्य, दाल-चावल में नमी से बचाव और साग-पत्ता गोभी पर रोक

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

**भगवानपुर।** प्रखण्ड क्षेत्र में बरसात के मौसम में बच्चों की सेहत को ध्यान में रखते हुए बिहार सरकार के शिक्षा विभाग, मध्याह्न भोजन योजना निदेशालय ने सभी जिलों को अलर्ट कर दिया है। निदेशक विनायक मिश्रा ने 6 जुलाई को सभी जिला शिक्षा पदाधिकारी और जिला कार्यक्रम पदाधिकारी को पत्र जारी कर स्कूलों और रसोईघर-सह-भंडारगृह में विशेष साफ-सफाई के निर्देश दिए हैं। निदेशालय ने पत्र में कहा है कि बरसात में भोजन बनाने और भंडारण के दौरान विशेष सावधानी जरूरी है ताकि कोई अप्रिय घटना न हो और बच्चों को स्वच्छ, सुरक्षित और गुणवत्तापूर्ण मिड-डे मील मिल सके। इसके लिए 9 बिंदुओं पर तुरंत अमल के आदेश दिए गए हैं। पहला नियमित निरीक्षणः जिला और प्रखंड स्तर के पदाधिकारियों द्वारा भ्रमण के दौरान स्कूलों और रसोईघर-सह-भंडारगृह की साफ-सफाई का विशेष पर्यवेक्षण किया जाए। दूसरा खाद्य सामग्री की जांचः चावल, दाल, तेल, मसाला, सोयाबीन और अंडा की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के बाद ही उपयोग हो। तीसरा एक्सपायरी पर नजर : डिब्बा बंद सामग्री उपयोग से पहले अंतिम तिथि जरूर देखी जाए। अनाज को ऊंचाई पर और ढककर रखें ताकि नमी और कीड़ों से बचाव हो। पांचवां जल स्रोत की सफाई : चापाकल, नल और शौचालय की साफ-सफाई अनिवार्य रूप से कराई जाए। रसोई से निकलने वाले कचरे का समुचित निपटान हो। सातवां हाथ धुलाई : मिड-डे मील परोसने से पहले रसोइयों द्वारा बच्चों के हाथ साबुन/हैंडवाश से धुलवाए जाएं। आठवां बर्तन की सफाई : बर्तन, थाली और ग्लास की समुचित साफ-सफाई के बाद ही उपयोग हो। तथा नौवां सब्जी पर पाबंदी : बरसात में बैंगन, भिंडी और सभी प्रकार के साग व पत्ता गोभी का उपयोग न हो, क्योंकि इनमें कीटाणु पनपने का खतरा ज्यादा रहता है।

पत्र में स्पष्ट कहा गया है कि किसी भी लापरवाही की स्थिति में संबंधित प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी और रसोइया जिम्मेदार होंगे। मिड-डे मील के तहत राज्य के प्राथमिक विद्यालयों में रोजाना गर्म ताजा भोजन उपलब्ध कराया जाता है। बरसात में संक्रमण का खतरा बढ़ने के कारण इस बार विशेष निगरानी रखी जा रही है। शिक्षा विभाग ने सभी जिला पदाधिकारियों से कहा है कि वे सप्ताह में कम से कम एक बार विद्यालयों का औचक निरीक्षण करें और रिपोर्ट निदेशालय को भेजें।

# राज्यस्तरीय टीम ने लिया स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का जायजा, दिए सुधारात्मक सुझाव

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** राज्य स्तरीय नेशनल क्वालिटी एश्योरेंस स्टैंडर्ड टीम द्वारा बारुन स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का दो दिवसीय विस्तृत मूल्यांकन किया गया। इस दौरान टीम ने अस्पताल में उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं एवं व्यवस्थाओं का निर्धारित मानकों के अनुरूप गहन निरीक्षण किया तथा गुणवत्ता सुधार के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। मूल्यांकन टीम में संजीता कुमारी यादव एवं अमित कुमार झा शामिल थे। टीम ने अस्पताल के नौ प्रमुख विभागों–ओपीडी, आंतरिक मरीज सेवा, ऑक्सिलियरी सेवाएं, सामान्य प्रशासन, प्रयोगशाला, रेडियोलॉजी, फार्मेसी एवं स्टोर, आपातकालीन सेवा तथा प्रसव कक्ष का बारीकी से निरीक्षण किया। मूल्यांकन के




उपरांत टीम ने अस्पताल में गुणवत्ता मानकों को और सुदृढ़ बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुझाव दिए। इनमें आवश्यकता के अनुरूप आईईसी सामग्री की उपलब्धता, हाउसकीपिंग कर्मियों की नियमित उपस्थिति एवं स्वास्थ्य जांच, किचन स्टाफ का समय-समय पर स्वास्थ्य परीक्षण एवं टीकाकरण, सभी रजिस्टरों का क्रमांकित एवं कवरयुक्त रखरखाव, स्टेरलाइजेशन प्रक्रिया को और प्रभावी बनाना, दवाओं की सूची एवं सुरक्षित भंडारण, आपातकालीन दवा ट्रे की सुव्यवस्थित व्यवस्था, ट्राएज क्षेत्र का सुदृढ़ीकरण, नर्सिंग रूम एवं दंत चिकित्सा ओपीडी की व्यवस्था में सुधार, नीडल स्टिक इंजरी प्रबंधन, स्वास्थ्यकर्मियों के ज्ञान एवं कौशल का उन्नयन, सभी कर्मियों द्वारा निर्धारित ड्रेस एवं पहचान-पत्र का अनिवार्य उपयोग, अनुपयोगी सामग्री को हटाना, स्टोर रूम का व्यवस्थित प्रबंधन, ऑपरेशन थिएटर एवं लेबर रूम में विभिन्न जोन का स्पष्ट विभाजन, तरल अपशिष्ट प्रबंधन को बेहतर बनाना, हैंडवॉश क्षेत्र में लिक्विड सोप की उपलब्धता तथा सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत करने जैसे बिंदु शामिल हैं। निरीक्षण के दौरान प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. संजय कुमार सिन्हा, डॉ. वारेंदु शेखर, डॉ. प्रकाश कुमार रावत, डॉ. मनीष कुमार (दंत चिकित्सक), योजना समन्वयक नागेन्द्र केशरी, प्रखंड स्वास्थ्य प्रबंधक मनीष कुमार, प्रखंड लेखापाल प्रवीण कुमार, प्रखंड मूल्यांकन एवं अनुश्रवण पदाधिकारी ब्रजेश कुमार, प्रधान लिपिक अनिल कुमार सिंह, भंडारपाल राहुल कुमार सहित एएनएम एवं अन्य स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

# नाले से मिला मजदूर का शव, जांच में जुटी पुलिस

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** ओबरा थाना क्षेत्र के कंचन बिगहा-अतरौली गांव से एक मजदूर का शव नाले से बरामद किया गया हैं। मृतक की पहचान काहू भुइयां के 41 वर्षीय पुत्र जितन भुइयां के रूप में हुई है। मृतक का शव उसके घर के पीछे से बरामद होने पर आसपास सनसनी फैल गई। घटना को लेकर लोगों में तरह-तरह की चर्चाएं है। परिजनों का कहना है कि जितन भुइयां मंगलवार की देर शाम घर नहीं लौटे तो हमलोगों ने काफी खोजबीन की लेकिन कोई सुराग नहीं मिला। बुधवार सुबह गांव के कुछ लोग शौच के लिए घर के पीछे स्थित नाले की ओर गए तो जलकुंभी के बीच एक पैर दिखाई दिया तो शव को बाहर निकाला गया। परिजनों का यह भी कहना है कि देर शाम मजदूरी कर घर लौटने के दौरान संभवतः जितन का पैर फिसल गया होगा जिसमें यह हादसा हो गई। जानकारी के अनुसार जितन मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करते थे। उनके निधन से परिवार के सामने गंभीर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनकी असामयिक मौत के बाद पत्नी, मां और अन्य परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव के लोग भी परिवार को ढांढस बंधाने में जुटे रहे। सूचना पर थानाध्यक्ष नीतीश कुमार एवं अपर थाना अध्यक्ष कुणाल कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमॉर्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट मिलने के बाद मौत के कारणों की स्पष्ट जानकारी सामने आएगी और उसी के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। फ़िलहाल पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है।

# नहर से अज्ञात युवक का शव बरामद

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** फ़ेसर थाना क्षेत्र के रजवारा गांव के समीप नहर में एक अज्ञात युवक का शव मिला। स्थानीय लोगों ने शव को बहते हुए देखा तो तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष वर्षा कुमारी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे और स्थानीय लोगों की सहायता से शव को नहर से बाहर निकाला। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जरूरी कार्रवाई के बाद पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल औरंगाबाद भेज दिया। पुलिस के अनुसार मृतक की उम्र लगभग 45 वर्ष है। शव की पहचान अभी तक नहीं हो पाई है। पुलिस आसपास के थाना में गुमशुदा व्यक्तियों की जानकारी जुटाकर मृतक की शिनाख्त का प्रयास कर रही है। इसके अतिरिक्त, सोशल मीडिया और अन्य माध्यमों से भी शव की पहचान कराने की कार्रवाई की जा रही है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा। फिलहाल, यह स्पष्ट नहीं है कि युवक की मौत कैसे हुई और उसका शव नहर में कैसे पहुंचा। पुलिस सभी संभावित पहलुओं को ध्यान में रखते हुए मामले की गहन जांच कर रही है। युवक की पहचान होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी। यदि 72 घंटे के बावजूद शव का शिनाख्त नहीं होता है तो सरकारी प्रक्रिया के अनुसार शव का अंतिम संस्कार कर दिया जाएगा।

# कई आपराधिक कांडों में वांछित 50 हजार का इनामी गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** सिमरा थाना क्षेत्र में अजनियां गांव निवासी एवं कई आपराधिक कांडों में वांछित 50 हजार के इनामी अपराधी सुजीत कुमार उर्फ गुड्डू कुमार को गिरफ्तार किया गया है। इसके खिलाफ औरंगाबाद एवं गया के अलावा उत्तर प्रदेश के चन्दौली जिले में कई कांड दर्ज है। प्रेस विज्ञप्ति जारी कर पुलिस अधीक्षक उपेंद्र वर्मा ने बताया कि पकड़े गए अभियुक्त का आपराधिक इतिहास रहा है। इसके खिलाफ औरंगाबाद जिले के सिमरा थाना में 5 कांड, मुफस्सिल थाना में 2, गया जिले के आमस थाना में 2 एवं मुगलसराय (चन्दौली) थाना में एक कांड दर्ज है। आवश्यक कार्रवाई के बाद अभियुक्त को जेल भेज दिया गया। इसके पूर्व कांड के एक अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेजा जा चुका हैं। कांड में संलिप्त अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु लगातार छापेमारी की जा रही है तथा जल्द ही उनकी गिरफ्तारी सुनिश्चित कर ली जाएगी। बताया जाता है कि अंबा थानान्तर्गत जिवा बिगहा पुल के पास से एक संदिग्ध व्यक्ति को पकड़ा गया, जिसका सत्यापन करने पर उसकी पहचान जिले के 50 हजार इनामी अपराधी सुजीत कुमार उर्फ गुड्डू कुमार के रूप में की गई है। पूछताछ के क्रम उसने अपना अपराध स्वीकार कर लिया है।

# अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा में डीएवी के छात्रों का शानदार प्रदर्शन

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** शहर के दयानंद विहार स्थित डीएवी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने अन्तर्राष्ट्रीय प्रतिभा खोज परीक्षा (2025-26) में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर विद्यालय का नाम राष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। घोषित परीक्षा परिणाम में विद्यालय के कुल 201 विद्यार्थियों ने उल्लेखनीय सफलता हासिल की। विद्यालय की कक्षा 10 की छात्रा तनुष्का कुमारी ने गणित विषय में ऑल इंडिया रैंक-1 प्राप्त कर बड़ी उपलब्धि हासिल की। इस उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए उसे 50 हजार रुपये का नकद पुरस्कार तथा एक लैपटॉप प्रदान किया जाएगा। परीक्षा में विद्यालय के 7 विद्यार्थियों को 500-500 रुपये का नकद पुरस्कार मिला जबकि 89 विद्यार्थियों ने

## तनुष्का को गणित में ऑल इंडिया रैंक वन




गोल्ड मेडल, 45 विद्यार्थियों ने सिल्वर मेडल और 49 विद्यार्थियों ने कांस्य पदक प्राप्त किया। इसके अलावा 10 विद्यार्थियों को पुरस्कार स्वरूप वैज्ञानिक कैलकुलेटर प्रदान किया गया। विद्यालय के प्राचार्य वी. के. पाठक ने सभी सफल विद्यार्थियों को बधाई देते हुए कहा कि परिश्रम ही सफलता की वास्तविक कुंजी है। दृढ़ संकल्प और निरंतर मेहनत से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भविष्य में भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन करने की अपेक्षा जताई। यह परीक्षा विद्यालय की गणित शिक्षिका मीरा कुमारी के मार्गदर्शन में संपन्न हुई थी। इसी क्रम में महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रतियोगिता परीक्षा का परिणाम भी घोषित किया गया, जिसमें डीएवी पब्लिक स्कूल के 10 विद्यार्थियों ने शानदार सफलता अर्जित करते हुए महात्मा गांधी राजभाषा प्रतिभावंत पुरस्कार प्राप्त किया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों में ऋषिका कुमारी, सत्यम कुमार, अक्शा रहमान, चाहत प्रवीण, आशिया रहमान, आर्यन कुमार, अनामिका कुमारी, आलिया इस्लाम, फैज़ान अख्तर तथा रौनक सिंह सोलंकी शामिल हैं। यह परीक्षा महात्मा गांधी राजभाषा हिंदी प्रचार संस्था द्वारा फरवरी माह में आयोजित की गई थी, जिसका विद्यालय स्तर पर संचालन हिंदी शिक्षक जगदीश प्रजापति के मार्गदर्शन में किया गया था। विद्यालय प्रबंधन एवं शिक्षकों ने सभी सफल विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की तथा कहा कि उनकी यह सफलता विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, शिक्षकों के समर्पण और छात्रों की मेहनत का परिणाम है।




# जदयू की नई प्रदेश टीम में औरंगाबाद की अनदेखी

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जनता दल (यूनाइटेड) ने बुधवार को अपनी नई प्रदेश टीम की घोषणा कर दी। पार्टी नेतृत्व ने नई कार्यकारिणी को संगठन को और अधिक मजबूत, सक्रिय तथा आगामी राजनीतिक चुनौतियों के लिए तैयार करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया है। नई टीम में प्रदेश उपाध्यक्ष, प्रदेश महासचिव, प्रदेश सचिव, प्रवक्ता सहित विभिन्न पदों पर कई नेताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। हालांकि, नई सूची जारी होने के बाद औरंगाबाद जिले में पार्टी कार्यकर्ताओं के बीच निराशा का माहौल है, क्योंकि पूरी प्रदेश टीम में जिले के किसी भी नेता को स्थान नहीं मिला है। औरंगाबाद जिला लंबे समय से जदयू की राजनीति में अपनी अलग पहचान रखता है। पंचायत से लेकर विधानसभा और लोकसभा चुनावों तक पार्टी के कार्यकर्ता लगातार संगठन को मजबूत करने में जुटे रहे हैं। इसके बावजूद प्रदेश कार्यकारिणी में जिले की अनदेखी होने से राजनीतिक हलकों में चर्चा तेज हो गई है। कार्यकर्ताओं का मानना है कि जिले में कई ऐसे वरिष्ठ और सक्रिय नेता हैं, जिन्होंने वर्षों तक संगठन के लिए काम किया लेकिन इस बार उन्हें कोई जिम्मेदारी नहीं दी गई। राजनीतिक विश्लेषकों का कहना है कि किसी भी दल की प्रदेश कार्यकारिणी में जिले का प्रतिनिधित्व होना संगठनात्मक दृष्टि से महत्वपूर्ण माना जाता है। इससे स्थानीय कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ता है और संगठनात्मक गतिविधियों को गति मिलती है। ऐसे में औरंगाबाद को प्रतिनिधित्व नहीं मिलने से कार्यकर्ताओं में असंतोष स्वाभाविक माना जा रहा है। कई कार्यकर्ताओं का कहना है कि संगठन को मजबूत करने में औरंगाबाद के नेताओं और कार्यकर्ताओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा है। सदस्यता अभियान, बूथ सशक्तिकरण, जनसंपर्क कार्यक्रम तथा सरकार की योजनाओं को जनता तक पहुंचाने में जिले के कार्यकर्ताओं ने लगातार सक्रिय भूमिका निभाई है। ऐसे में प्रदेश स्तर पर जिले की अनदेखी से कार्यकर्ताओं का मनोबल प्रभावित हो सकता है।

# मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम रद्द

**औरंगाबाद(नबिटा ब्यूरो)।** जिले के रफीगंज प्रखंड अंतर्गत बलिगांव में 9 जुलाई यानी आज गुरुवार को मुख्यमंत्री का प्रस्तावित कार्यक्रम बारिश के कारण रद्द हो गया है। मुख्यमंत्री को जननायक जगदेव प्रसाद की प्रतिमा का अनावरण करना था। मुख्यमंत्री के प्रस्तावित आगमन को लेकर प्रशासनिक तैयारियां जोरों पर थी। कार्यक्रम के आयोजन में मात्र एक दिन शेष रह गया था। जिसे देखते हुए आयोजन से संबंधित सारी तैयारियां पूरी कर ली थी, लेकिन सोमवार और मंगलवार को हुई मूसलाधार बारिश ने खेल बिगाड़ दिया और आयोजन स्थल कीचड़ लग गया। इसे देखते हुए कार्यक्रम को रद्द कर दिया गया। जिला प्रशासन ने बुधवार को इसकी पुष्टि की गई। हालांकि रफीगंज के विधायक प्रमोद कुमार सिंह ने एक दिन पहले ही मंगलवार को कार्यक्रम रद्द होने की सूचना लोगों को दी थी लेकिन कुछ नेताओं की ओर से यह भी कहा जा रहा था कि भले ही सभा नहीं होगी लेकिन मुख्यमंत्री बलिगांव पहुंचेंगे और जगदेव प्रसाद का प्रतिमा का अनावरण किया जाएगा।

# दुष्कर्म सहित अन्य मामलों में 57 लोग गिरफ्तार

**नवबिहार टाइम्स ब्यूरो**

**औरंगाबाद।** जिले में अपराध नियंत्रण और अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने को लेकर औरंगाबाद पुलिस ने सघन अभियान चलाया। इस क्रम में मंगलवार की रात जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में की गई। कार्रवाई में कुल 57 लोगों को गिरफ्तार किया गया जिनमें से 26 अभियुक्तों को न्यायिक हिरासत में भेजा गया है। पुलिस की इस कार्रवाई को बड़ी सफलता माना जा रहा है। जानकारी के अनुसार लूट में एक, दुष्कर्म में एक, एससी-एसटी एक्ट में दो, हत्या के प्रयास में तीन, मद्य निषेध अधिनियम के तहत 17 तथा अन्य मामलों में 33 लोगों की गिरफ्तारी की गई। 60 देसी और 12 लीटर विदेशी शराब बरामद किया गया है। वाहन जांच अभियान के तहत 1062 वाहनों की जांच की गई जिसमें 30500 रूपये शमन की राशि वसूल की गई। इसके अलावा 81 वारंट का निष्पादन किया गया है। पुलिस पदाधिकारी के अनुसार जिले में कानून-व्यवस्था बनाए रखने और अवैध गतिविधियों पर रोक लगाने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के साथ साथ अन्य अपराधों के खिलाफ सख्त कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी। इस तरह की कार्रवाई का उद्देश्य क्षेत्र में शांति और सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखना है। पुलिस की इस कार्रवाई से लोगों के बीच कानून के प्रति जागरूकता का संदेश भी गया है।

